सूर्योदय 5:30 सूर्यास्त 7:25
आज का तापमान
शिमला 18.0 न्यू. 21.5 अधि
धर्मशाला 18.4 न्यू. 29.3 अधि
बाजार
सेंसेक्स 78,151
निफ्टी 24,334
सोना 1,41,264 चांदी 2,16,637

www.anantgyaan.in
# अनंत ज्ञान

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129 62305-18484, 70181-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई न. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 19 जुलाई 2026 | 4 श्रावण, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 201, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पाक सेना ने राजौरी में की गोलीबारी

एजेंसी, राजौरी। पाकिस्तान सेना ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के तरकुंडी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात छोटे हथियारों से गोलीबारी की भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए मुंहतोड़ जवाब दिया। अधिकारियों के अनुसार, घटना में किसी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। गोलीबारी के बाद घुसपैठ की आशंका को देखते हुए भारतीय सेना ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### लॉरेंस गैंग ने आमिर खान को दी धमकी

एजेंसी, मुंबई। अभिनेता आमिर खान को कथित तौर पर लॉरेंस गैंग की ओर से जान से मारने की धमकी मिलने की खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गैंग के नाम से जारी एक लेटर और ऑडियो नोट में आमिर खान की 5 जुलाई को हुई शादी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, लेटर में आमिर खान पर लव जिहाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया और धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया गया। हालांकि, इस मामले में अभी तक मुंबई पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। आमिर खान या उनकी टीम की ओर से भी कोई प्रतिक्रिया जारी नहीं की गई है। (अनंत ज्ञान)

### पत्नी ने पति को सांप से डसवाकर मारा

एजेंसी, मेरठ। स्कूल संचालक की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए पत्नी, उसके प्रेमी वैन चालक और दो सपेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। आरोप है कि पहले दूध में नींद की गोलियां मिलाई गईं और बाद में कंबल में जहरीला सांप छोड़कर डसवाया गया। शुक्रवार सुबह संचालक का शव कमरे में मिला था। परिजनों ने पत्नी पर हत्या का शक जताया। जांच के दौरान कॉल डिटेल से वैन चालक पर संदेह हुआ, जिसके बाद उसने कथित तौर पर वारदात कबूल कर ली। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल के कचरे और सीवेज संकट पर एनजीटी का सख्त पहरा

## 32 बिंदुओं पर सुधार के निर्देश, बिना उपचार सीवेज और डंपिंग व्यवस्था पर जताई चिंता

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमालयी राज्य हिमाचल प्रदेश में बिगड़ती पर्यावरणीय स्थिति को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने सख्त रुख अपनाया है। पहाड़ों में बहुते कचरे, नदियों में पहुंच रहे बिना उपचारित सीवेज और कमजोर अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था पर चिंता जताते हुए एनजीटी ने राज्य सरकार को 32 बिंदुओं पर समयबद्ध सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

अधिकरण ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसे संवेदनशील पर्वतीय राज्य में पर्यावरणीय लापरवाही का असर केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि हिमालय से निकलने वाली नदियों, प्राकृतिक जलस्रोतों और बड़ी आबादी के जीवन पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा। एनजीटी ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित विभागों की कार्रवाई की विस्तृत अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। अधिकरण के समक्ष पेश की गई छमाही प्रगति रिपोर्ट में बताया गया कि प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में प्रतिदिन करीब 420.82 टन ठोस कचरा उत्पन्न हो रहा है। इसमें से लगभग 20.48 टन कचरे का संग्रहण नहीं हो पा रहा, जबकि करीब 20.87 टन कचरा अस्थायी डंपिंग स्थलों और लैंडफिल में पहुंच रहा है। प्रदेश में कुल 295 कचरा हॉटस्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जिनमें 28 शिमला नगर निगम क्षेत्र में हैं।

एनजीटी ने कहा कि घर-घर कचरा संग्रहण, स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण और वैज्ञानिक निस्तारण व्यवस्था को और मजबूत करने की जरूरत है। अधिकरण ने स्पष्ट किया कि स्वच्छ हिमालय के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आधुनिक और प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन जरूरी है। तरल अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर भी एनजीटी ने गंभीर चिंता जताई है। इसके अलावा बिना अनुमति चल रहे एसटीपी पर




### 20 जनवरी 2027 को होगी अगली सुनवाई

एनजीटी ने स्पष्ट किया है कि पर्यावरण संरक्षण केवल कागजी योजनाओं से संभव नहीं होगा, बल्कि धरातल पर परिणाम दिखाई देने चाहिए। मुख्य सचिव को सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही वर्षा जल निकासी नालों के किनारे स्थानीय प्रजातियों के वृक्षारोपण, स्वतंत्र एजेंसियों से नियमित पर्यावरणीय मूल्यांकन और जनजागरूकता अभियान चलाने पर भी विशेष बल दिया गया है।

### प्रदेश में रोजाना उत्पन्न होता है 159.117 एमएलडी सीवेज

रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में रोजाना करीब 159.117 एमएलडी सीवेज उत्पन्न होता है, जबकि उपचार क्षमता 88.293 एमएलडी का ही हो रहा है। इसका अर्थ है कि बड़ी मात्रा में सीवेज बिना उपचार के नदियों, नालों और जलधाराओं में पहुंच रहा है। कई सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्धारित मानकों के अनुसार काम नहीं कर रहे हैं। एनजीटी ने राज्य सरकार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और शहरी निकायों को निर्देश दिए हैं कि अस्थायी डंपिंग स्थलों का वैज्ञानिक निस्तारण, लिगेसी कचरे का प्रबंधन, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी की स्थापना, कंपोस्टिंग और बायो-सीएनजी परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जाए।

कार्रवाई, सीवर नेटवर्क का विस्तार, उपचारित जल के पुनः उपयोग, खुले में कचरा जलाने पर रोक और डिजिटल निगरानी व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।

# हमीरपुर में बनेगा 300 करोड़ का डेंटल रिसर्च सेंटर

अनंत ज्ञान

◆ राजीव गांधी के नाम से पहचाना जाएगा शिमला डेंटल कॉलेज

◆ आधुनिक दंत चिकित्सा सुविधाओं को मिलेगा नया विस्तार

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने की दिशा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने घोषणा की कि शिमला स्थित डेंटल कॉलेज का नाम अब 'राजीव गांधी डेंटल कॉलेज, शिमला' होगा। इसके साथ ही हमीरपुर में लगभग 300 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक डेंटल हेल्थ रिसर्च सेंटर स्थापित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संस्थान प्रदेश में दंत चिकित्सा अनुसंधान, आधुनिक उपचार और रोजगार सृजन का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। उन्होंने यह घोषणा शिमला में एसोसिएशन ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जंस ऑफ इंडिया के हिमाचल प्रदेश स्टेट चैप्टर के चौथे वार्षिक सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जस केवल जटिल रोगों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि मरीजों को नया आत्मविश्वास और बेहतर जीवन भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक सुधारों पर कार्य कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब दिखाई देने लगे हैं। सरकारी अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी, 3 टेस्ला एमआरआई जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि मेडिकल कॉलेजों के साथ-साथ जिला अस्पतालों तक आधुनिक चिकित्सा तकनीक पहुंचे, ताकि लोगों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों का रुख न करना पड़े और उन्हें अपने घर के निकट ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने चिकित्सकों के साथ लगातार संवाद स्थापित कर स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में अनेक पहल की हैं। इसी क्रम में शीघ्र ही डेंटल डॉक्टरों के साथ भी विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिससे डेंटल कॉलेजों में आधुनिक संसाधनों, उन्नत उपकरणों और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।




एओएमएसआई के सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम सुक्खू।

### हिमाचल के डॉक्टर देश-विदेश में बढ़ा रहे प्रदेश का मान

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सहित प्रदेश के मेडिकल संस्थानों से शिक्षा प्राप्त कर निकले डॉक्टर आज देश और विदेश में हिमाचल का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल के चिकित्सक अपनी प्रतिभा, समर्पण और आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग से लोगों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

# अहमदाबाद में अवैध पटाखा फैक्टरी में धमाका; 8 की मौत, 15 घायल

एजेंसी, अहमदाबाद



अहमदाबाद के वस्त्राल इलाके में शनिवार को पटाखा फैक्टरी में धमाके के बाद आग लग गई। हादसे में 8 कर्मचारियों की मौत हो गई और करीब 15 घायल हो गए। हादसा रामोल से गतराड जाने वाले रास्ते पर महमूदपुरा टैलेंट के पास हुआ। यहां पास में ही रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) का कैंप है। धमाके की आवाज सुनते ही आरएएफ जवान तुरंत घटनास्थल पहुंचे और लोगों का रेस्क्यू किया।

धमाके की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गईं। हादसे के समय फैक्टरी में करीब 25 लोग काम कर रहे थे। इलाके के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर जयपाल सिंह राठौड़ के अनुसार, रामोल-गतराड रोड पर खुले मैदान में मेहुल डोडिया नाम का व्यक्ति पटाखा फैक्टरी चला रहा था। फैक्टरी का लाइसेंस पहले ही रद्द हो चुका था, इसके बावजूद वहां पटाखे बनाए जा रहे थे।

वहीं, पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजन के लिए 2-2 लाख रुपए की मदद का ऐलान किया है। (अनंत ज्ञान)


# हिमाचल में फिर होगी आफत की बारिश

## कांगड़ा, चंबा, मंडी, सिरमौर और कुल्लू में रेड अलर्ट, सतर्क रहने की सलाह

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर मानसून ने खतरनाक तेवर अख्तियार कर लिए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ताजा चेतावनी के अनुसार 23 जुलाई तक प्रदेश में मानसून अत्यधिक सक्रिय रहेगा। इस दौरान चंबा, कांगड़ा, मंडी, सिरमौर और कुल्लू जिलों के अनेक क्षेत्रों में अत्यधिक भारी वर्षा की संभावना जताते हुए रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने स्पष्ट किया है कि मध्य पर्वतीय क्षेत्रों के साथ-साथ मैदानी इलाकों में भी तेज बारिश का सिलसिला जनजीवन पर व्यापक असर डाल सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार 20 और 21 जुलाई सबसे अधिक संवेदनशील दिन रहेंगे। इन दो दिनों में कई स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की आशंका है, जबकि 19, 22 और 23 जुलाई को भी भारी से बहुत भारी बारिश का दौर जारी रह सकता है। लगातार होने वाली बारिश के कारण भूस्खलन, अचानक बाढ़, सड़कें अवरुद्ध होने और नदी-नालों के जलस्तर में तेज वृद्धि की आशंका व्यक्त की गई है। पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रा करने वाले लोगों और पर्यटकों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।



प्रशासन ने सभी संबंधित जिलों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए हैं। जिला प्रशासनों को राहत एवं बचाव दलों को पूरी तरह तैयार रखने, संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी करने तथा किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### नदी और नालों से रहें दूर

प्रशासन ने प्रदेशवासियों और पर्यटकों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें, नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूरी बनाए रखें तथा मौसम विभाग और जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन करें। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल नजदीकी प्रशासन से संपर्क करने और अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी गई है।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला

# दैनिक कामकाज में शामिल सभी कर्मचारियों से होगी पूछताछ

एजेंसी, अयोध्या। राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी मामले की जांच अब मंदिर के दैनिक कामकाज से जुड़े सभी लोगों तक पहुंच गई है। जांचकर्ता दान की गिनती में लगे करीब 50 कर्मचारियों की पृष्ठभूमि और संपत्ति की जानकारी जुटा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, जांच केवल दान की राशि के कथित गबन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि ट्रस्ट के निर्माण और जमीन खरीद से जुड़े अन्य लेन-देन की भी पड़ताल की जाएगी। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आठ आरोपियों में से छह के खिलाफ सीसीटीवी फुटेज में कथित तौर पर नकदी छिपाने के सबूत मिले हैं। आरोपियों को दान गिनते समय पैसे कपड़ों, जेबों और जूतों में छिपाते देखा गया। ट्रस्ट की शिकायत पर 25 जून को एफआईआर दर्ज कर आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कुछ आरोपियों के घरों से नकदी भी बरामद की है। मामले में दो वरिष्ठ पदाधिकारियों के इस्तीफे की भी जानकारी सामने आई है। (अनंत ज्ञान)

# वांगचुक अस्पताल में भर्ती, दवा लेने से किया इनकार

## अभिजीत दीपके ने शुरू की भूख हड़ताल, महिला ने फेंकी स्याही

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली के जंतर-मंतर पर 21 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक को शनिवार सुबह पुलिस उठाकर सफदरजंग अस्पताल ले गई। अस्पताल प्रशासन ने बुलेटिन जारी करके बताया कि वांगचुक को डिहाइड्रेशन हुआ है, लेकिन उन्होंने दवा लेने से इनकार कर दिया है।



रिपोर्ट में बताया गया कि वांगचुक के शरीर पोटेशियम का लेवल घट गया है। यूरिन कीटोन बढ़कर 3+ हो गया। हालांकि, वांगचुक के डॉक्टर नितिन दीघे ने कहा- अस्पताल में गृह मंत्रालय का अधिकारी मौजूद होने के कारण हमारी टीम को वांगचुक से मिलने नहीं दिया गया।

वांगचुक की पत्नी का दावा है कि पोटैशियम लेवल कम है। इसकी दवा जंतर-मंतर पर भी दी जा सकती थी, अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं थी। वांगचुक पेपर लीक मामले की जांच और शिक्षा मंत्री



धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर अनशन कर रहे हैं। उनकी सेहत लगातार गिरती जा रही थी। वजन भी 9.5 किलो तक कम हो चुका है। वांगचुक को हॉस्पिटल भेजे जाने के बाद कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। वे जब मंच से नीचे आकर बैठे तो एक महिला ने दीपके पर स्याही फेंक दी। दीपके का कहना है कि वे वांगचुक के दोबारा धरना स्थल पर लौटने तक भूख हड़ताल पर बैठे रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

# सुप्रीम कोर्ट बोला-गाली देना हर बार अश्लीलता नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि गाली-गलौज या अभद्र भाषा का इस्तेमाल हर स्थिति में अश्लीलता नहीं माना जा सकता। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि कोई शब्द तभी अश्लील होगा, जब वह कामुकता को बढ़ावा दे या लोगों को भ्रष्ट करने की प्रवृत्ति रखता हो।



कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु के एक जमीन विवाद मामले में की। आरोपी मणि पर गाली-गलौज, धमकी और गंभीर चोट पहुंचाने के आरोप थे। सुप्रीम कोर्ट ने अश्लीलता और आपराधिक धमकी के आरोपों से उसे बरी कर दिया, लेकिन गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में दोष बरकरार रखा।


आरोपी की उम्र और स्वास्थ्य को देखते हुए सजा घटाकर कोर्ट उठने तक की कैद कर दी गई। साथ ही दो महीने में 50 हजार रुपए जुर्माना भरने का आदेश दिया गया। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप पर घटा भरोसा, पुतिन बने भारतीयों की पसंद: प्यू सर्वे

एजेंसी, न्यूयॉर्क

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के बाद भारत में अमेरिका और ट्रंप को लेकर लोगों की धारणा में बदलाव देखने को मिला है। प्यू रिसर्च सेंटर के ताजा सर्वे के अनुसार, अमेरिका के प्रति भारतीयों की सकारात्मक सोच में गिरावट आई है, जबकि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर भारतीयों का भरोसा सबसे अधिक बना हुआ है।

सर्वे के मुताबिक, इस साल 45 फीसदी भारतीयों ने अमेरिका के प्रति सकारात्मक राय व्यक्त की, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 54 फीसदी था। वहीं 31 फीसदी भारतीयों ने अमेरिका को लेकर नकारात्मक राय जाहिर की। ट्रंप की टैरिफ नीति को केवल 18 फीसदी भारतीयों का समर्थन मिला। वैश्विक मुद्दों पर सही



◆ अमेरिका की सकारात्मक छवि में गिरावट, 51% भारतीयों ने रूसी राष्ट्रपति पर जताया विश्वास

फैसले लेने की क्षमता को लेकर ट्रंप पर भारतीयों का भरोसा भी कम हुआ है। पिछले साल 52 फीसदी भारतीयों को ट्रंप पर भरोसा था, जो इस साल घटकर 39 फीसदी रह गया।

दुनिया के प्रमुख नेताओं में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर 51 फीसदी भारतीयों ने विश्वास जताया। वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर 34 फीसदी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पर 33 फीसदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग पर 25 फीसदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की पर 20 फीसदी भारतीयों ने भरोसा जताया। सर्वे में 47 फीसदी भारतीयों ने माना कि अमेरिका दूसरे देशों के मामलों में जरूरत से ज्यादा हस्तक्षेप करता है। हालांकि, इसके बावजूद भारत में अमेरिका की छवि 36 देशों के औसत की तुलना में बेहतर रही।

प्यू के अनुसार, दुनियाभर में अमेरिका को लेकर सकारात्मक सोच में गिरावट आई है। 36 देशों में किए गए सर्वे में औसतन 57 फीसदी लोगों ने अमेरिका के प्रति नकारात्मक राय व्यक्त की। सर्वे 8 फरवरी से 13 मई के बीच किया गया था। (अनंत ज्ञान)

# अब कोई भी प्राइवेट कंपनी खोल सकेगी मेडिकल कॉलेज: एनएमसी

एजेंसी, नई दिल्ली

◆ बदले नियम, निजी निवेश बढ़ने की उम्मीद के साथ फीस को लेकर उठे सवाल

मेडिकल कॉलेज खोलने के नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने अब कंपनीज एक्ट 2013 के तहत पंजीकृत किसी भी कंपनी को मेडिकल कॉलेज शुरू करने की अनुमति दे दी है। इससे पहले केवल सेक्शन-8 (नॉन-प्रॉफिट) कंपनियों को ही यह अधिकार था।

सेक्शन-8 कंपनियों में मुनाफे का उपयोग केवल संस्थान के विकास और सामाजिक कार्यों के लिए किया जा सकता है। इसे लाभ के रूप में वितरित नहीं किया जा सकता। एनएमसी ने अब इस शर्त को हटाते हुए निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने का रास्ता खोला है। सरकार का तर्क है कि नॉन-प्रॉफिट की बाध्यता के कारण बड़ी कंपनियां मेडिकल शिक्षा क्षेत्र में निवेश से पीछे हट रही थीं। नए नियमों से निजी निवेश बढ़ेगा और देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में इजाफा हो सकता है। इससे पहले 2017 में तत्कालीन मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) ने कंपनियों को मेडिकल कॉलेज खोलने की अनुमति दी थी, लेकिन एनएमसी के गठन के बाद नियमों को फिर सख्त कर दिया गया था।

नए बदलाव के बाद फीस को लेकर बहस भी तेज हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि निजी कंपनियों के प्रवेश से मेडिकल सीटें बढ़ेंगी, लेकिन फीस नियंत्रण और शिक्षा के व्यावसायीकरण पर निगरानी जरूरी होगी। देश में निजी मेडिकल कॉलेजों की फीस पहले से ही चर्चा का विषय रही है। कई डीम्ड यूनिवर्सिटी और निजी संस्थानों में फीस काफी अधिक है। ऐसे में नए नियमों के साथ सरकार के सामने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ किफायती चिकित्सा शिक्षा सुनिश्चित करने की चुनौती भी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### उपलब्धि

## स्काईरूट एयरोस्पेस ने रचा इतिहास, 'मिशन आगमन' के तहत 450 किमी की कक्षा में पहुंचे पेलोड

# भारत का पहला निजी ऑर्बिटल रॉकेट 'विक्रम-1' सफल लॉन्च

एजेंसी, हैदराबाद

भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए शनिवार ऐतिहासिक दिन साबित हुआ। हैदराबाद स्थित स्काईरूट एयरोस्पेस ने देश का पहला निजी ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से दोपहर 12:05 बजे सफलतापूर्वक लॉन्च किया। मौसम और नेविगेशन संबंधी कारणों से लॉन्च करीब 35 मिनट देर से हुआ। पहले इसे सुबह 11:30 बजे प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन अंतिम समय में काउंटडाउन रोककर दोबारा शुरू किया गया।

'मिशन आगमन' नाम से लॉन्च किए गए इस मिशन को भारत के कमर्शियल स्पेस सेक्टर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। लगभग 16 मिनट की उड़ान के बाद विक्रम-1 ने अपने घरेलू और विदेशी पेलोड को 450 किलोमीटर ऊंचाई पर लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) में स्थापित करने का लक्ष्य पूरा किया। विक्रम-1 पूरी तरह कार्बन-



कंपोजिट संरचना से बना भारत का पहला ऑर्बिटल रॉकेट है। हल्के कार्बन फाइबर के इस्तेमाल से इसका वजन कम हुआ है और ईंधन दक्षता बढ़ी है। इसमें तीन सॉलिड-फ्यूल स्टेज और एक लिक्विड ऑर्बिटल एडजस्टमेंट मॉड्यूल लगाया गया है, जो उपग्रहों को उनकी निर्धारित कक्षा में स्थापित करता है। रॉकेट अपने साथ ग्रह स्पेस, कॉस्मोसर्व स्पेस, डीक्यूब्ड और स्काईरूट के इन-हाउस स्कोप पेलोड भी लेकर गया।

इसके अलावा 18 कैरेट सोने से बनी 'कॉस्मिक ब्लूम' माइक्रो-आर्ट कलाकृति भी अंतरिक्ष भेजी गई, जिस पर सीवी रमन, डॉ. विक्रम साराभाई और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की सूक्ष्म आकृतियां उकेरी गई हैं। स्काईरूट ने इससे पहले 2022 में विक्रम-एस सबऑर्बिटल रॉकेट का सफल प्रक्षेपण किया था, जिसने 89.5 किलोमीटर की ऊंचाई तक उड़ान भरी थी। विक्रम-1 की सफलता भारत के निजी अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए एक नया मील का पत्थर मानी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### मोदी बोले-आत्मनिर्भर भारत का सपना हो रहा साकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के पहले निजी ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 के सफल प्रक्षेपण पर स्काईरूट एयरोस्पेस और वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कंपनी के सह-संस्थापक पवन कुमार चंदना और नागा भरत डाका से बातचीत कर इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताया। मोदी ने कहा कि स्काईरूट की सफलता ने साबित किया है कि निजी क्षेत्र की भागीदारी से भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकता है। उन्होंने युवा वैज्ञानिकों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि नई पीढ़ी को प्रेरित करेगी। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भी इसे निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की ऐतिहासिक सफलता बताया।



# शिक्षा विभाग में आउटसोर्स भर्ती पर रोक

## नई भर्ती से पहले अब वित्त विभाग की पूर्व स्वीकृति लेना होगा अनिवार्य

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल सरकार ने शिक्षा विभाग में आउटसोर्स आधार पर होने वाली नियुक्तियों को लेकर बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है। वित्त विभाग के निर्देशों के बाद अब शिक्षा विभाग में किसी भी नई आउटसोर्स भर्ती से पहले वित्त विभाग की पूर्व स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा। वित्त विभाग के नए दिशा-निर्देशों को लागू करते हुए उच्च शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी सरकारी डिग्री और संस्कृत कॉलेजों के प्राचार्यों को भी आदेश भेजकर इनका सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही 13 अक्तूबर 2022 को जारी पुराने आदेश रद्द कर दिए गए हैं। सरकार ने कहा है कि समीक्षा के दौरान यह सामने आया है कि कई विभागों में आउटसोर्स कर्मचारियों की संख्या स्वीकृत पदों से अधिक हो गई है। कुछ स्थानों पर ऐसे पदों पर भी आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं, जहां नियमित पद पहले से भरे हुए हैं। ऐसे मामलों की अब विभागवार समीक्षा की जाएगी और कर्मचारियों की संख्या वास्तविक आवश्यकता के अनुसार तय होगी।




सरकार ने स्पष्ट किया है कि आउटसोर्सिंग केवल अस्थायी और आवश्यकता आधारित व्यवस्था है, इसे नियमित सरकारी रोजगार का विकल्प नहीं माना जाएगा। इस फैसले के बाद शिक्षा विभाग के सरकारी डिग्री और संस्कृत महाविद्यालयों सहित विभिन्न संस्थानों में नई आउटसोर्स नियुक्तियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण लागू हो गया है। जानकारी के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त निदेशक राकेश कुमार ने सभी सरकारी डिग्री और संस्कृत महाविद्यालयों के प्राचार्यों को वित्त विभाग के 11 जून को जारी आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आदेश के अनुसार वित्त विभाग की पूर्व लिखित अनुमति के बिना किसी भी नई आउटसोर्स सेवा पर नियुक्ति, तैनाती या अनुबंध नहीं किया जा सकेगा।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि वर्तमान में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं फिलहाल जारी रहेंगी। यह व्यवस्था नियमित भर्ती पूरी होने तक और विभागीय जरूरत की समय-समय पर होने वाली समीक्षा के आधार पर जारी रहेगी। हालांकि भविष्य में किसी भी नई आउटसोर्स नियुक्ति से पहले वित्त विभाग की पूर्व लिखित मंजूरी लेना अनिवार्य होगा। सरकार ने चेतावनी दी है कि यदि कोई विभाग वित्त विभाग की मंजूरी के बिना नई आउटसोर्स नियुक्ति करता है तो उसे अनधिकृत माना जाएगा और संबंधित मामले की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सरकार के अनुसार नए दिशा-निर्देश हाल के उच्चतम न्यायालय और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसलों तथा संवैधानिक प्रावधानों को ध्यान में रखकर जारी किए गए हैं। इनका उद्देश्य सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता बनाए रखना, नियमित भर्ती को बढ़ावा देना, सरकारी खर्च पर नियंत्रण रखना और मानव संसाधन का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना है।

### स्वीकृत पदों से अधिक कर्मचारियों की होगी समीक्षा

**कई** विभागों में स्वीकृत पदों से अधिक आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत होने के मामलों की समीक्षा की जाएगी। वास्तविक आवश्यकता के आधार पर कर्मचारियों की संख्या को तर्कसंगत बनाया जाएगा, ताकि स्वीकृत कैडर संरचना के अनुरूप मानव संसाधन का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

### आउटसोर्स व्यवस्था केवल अंतरिम समाधान स्थायी रोजगार नहीं

**वित्त** विभाग ने अपने आदेश में दोहराया है कि आउटसोर्सिंग केवल नियमित भर्ती होने तक की अंतरिम व्यवस्था है। इसे स्थायी सरकारी रोजगार का माध्यम नहीं माना जाएगा। लिहाजा, इस नीति से वित्तीय अनुशासन मजबूत होगा, विभागों में नियुक्तियों की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी और भविष्य में आवश्यकता के अनुसार ही वित्त विभाग की स्वीकृति के बाद नई आउटसोर्स नियुक्तियां की जाएंगी।

#### शिमला पुलिस का कई राज्यों तक फैले चिट्टा सिंडिकेट पर कड़ा प्रहार

# दो अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो अलग-अलग मामलों में हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब और चंडीगढ़ तक फैले अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। डिजिटल साक्ष्यों, बैंक खातों, यूपीआई लेन-देन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और तकनीकी निगरानी के आधार पर पुलिस ने नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचते हुए मुख्य सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि उसका लक्ष्य केवल नशे की खेप पकड़ना नहीं, बल्कि पूरे संगठित ड्रग सिंडिकेट और उसकी अवैध आर्थिक व्यवस्था को ध्वस्त करना है।

जानकारी के अनुसार पहला मामला रोहड़ू थाना क्षेत्र का है, जहां 15 मार्च 2026 को 9 ग्राम चिट्टा बरामद होने के बाद शुरू हुई जांच ने अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क का खुलासा कर दिया। जांच के दौरान मोबाइल डेटा, व्हाट्सएप चैट, बैंक खातों और यूपीआई ट्रांजैक्शन की पड़ताल से उत्तर प्रदेश के अमित गुप्ता और राजस्थान के चूरू निवासी वासु उर्फ हर्ष सिंघानिया की भूमिका सामने आई। शिमला पुलिस ने 15 जुलाई को चंडीगढ़ से वासु को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि बरामद चिट्टा की सप्लाई के एवज में उसके खाते में 18 हजार रुपये जमा किए गए थे, जबकि पिछले छह माह में उसके बैंक खाते में 14 लाख रुपये से अधिक का लेन-देन हुआ, जिसका कोई वैध आय स्रोत नहीं मिला।

दूसरा मामला कोटखाई थाना क्षेत्र का है, जहां 3 जुलाई को हुल्ली में नाकाबंदी के दौरान वाहन से 64 ग्राम चिट्टा बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान डिजिटल साक्ष्यों से पता चला कि बरामद चिट्टा मोहाली निवासी अमित महेव से खरीदा गया था।

आरोपी लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था, लेकिन तकनीकी निगरानी और मानव आसूचना के आधार पर शिमला पुलिस की विशेष टीम ने 18 जुलाई को मोहाली से उसे गिरफ्तार कर लिया।

### इस साल अब तक 58 मुख्य सरगना काबू

**पुलिस** के अनुसार वर्ष 2026 में अब तक बैकवर्ड लिंकेज जांच के आधार पर 58 मुख्य सरगनाओं को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि 48 प्रमुख अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क ध्वस्त किए गए हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि युवाओं को नशे के जाल से बचाने और संगठित तस्करी पर निर्णायक प्रहार करने के लिए यह अभियान आगे भी पूरी सख्ती और व्यापक रणनीति के साथ जारी रहेगा।

### नशे के आर्थिक तंत्र पर भी पुलिस का शिकंजा

**शिमला** पुलिस अब केवल तस्करों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहकर नशा कारोबार से अर्जित अवैध संपत्ति और आर्थिक नेटवर्क पर भी कड़ा प्रहार कर रही है। वित्तीय जांच के जरिए संदिग्ध खातों, बैंक लेन-देन और डिजिटल भुगतान की गहन पड़ताल की जा रही है, ताकि नशा तस्करी से अर्जित अवैध संपत्ति को जब्त किया जा सके और पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म किया जा सके।

# मंडी में बस से साढ़े पांच किलो चरस, 568 ग्राम अफीम बरामद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सदर थाना क्षेत्र के शिला किप्पड़ में नाकाबंदी के दौरान केलांग-मनाली-धर्मशाला रूट पर चल रही एक निजी बस से 5.535 किलोग्राम चरस और 568 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस ने मामले में हरियाणा के सोनीपत निवासी अनिल कुमार उर्फ काला, कृष्ण कुमार और अमित को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार बरामद मादक पदार्थ तीनों आरोपियों के कब्जे से मिला। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि नशीले पदार्थ की खेप कहां से लाई गई थी और इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था। साथ ही इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है। पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लेने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। उन्होंने कहा कि मंडी पुलिस नशा तस्करी के खिलाफ लगातार प्रभावी अभियान चला रही है और ऐसे मामलों में किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी। आम लोगों से भी नशे से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की अपील की गई है।



◆ मंडी पुलिस ने हरियाणा के तीन तस्कर किए गिरफ्तार

# मणिमहेश यात्रा में पहली बार धन्छौ से गौरीकुंड तक मिलेगी मोबाइल नेटवर्क की सुविधा

## बीएसएनएल टावर का निर्माण 15 अगस्त तक पूरा करने के निर्देश

अनंत ज्ञान,

**ओपी शर्मा, भरमौर।** श्री मणिमहेश यात्रा-2026 के दौरान श्रद्धालुओं को इस बार बड़ी राहत मिलने जा रही है। पहली बार धन्छौ से लेकर गौरीकुंड तक मोबाइल नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रशासन ने अहम कदम उठाया है। धन्छौ में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) का मोबाइल टावर स्थापित किया जा रहा है, जिससे यात्रा मार्ग पर संचार व्यवस्था मजबूत होगी। मणिमहेश न्यास की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त एवं न्यास अध्यक्ष मुकेश रेपसवाल ने बीएसएनएल अधिकारियों को निर्देश दिए कि मोबाइल टावर का निर्माण कार्य 15 अगस्त तक हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पवित्र यात्रा शुरू होने से पहले टावर चालू होना चाहिए, ताकि श्रद्धालु यात्रा के दौरान अपने परिजनों से मोबाइल फोन के माध्यम से संपर्क बनाए रख सकें। साथ ही प्रशासन को भी विभिन्न पड़ावों पर यात्रा प्रबंधन, सुरक्षा एवं आपातकालीन परिस्थितियों की निगरानी में सुविधा मिलेगी।



अब तक हर साल श्रद्धालुओं को हड़सर से ऊपर चढ़ाई शुरू करते ही मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह से बंद होने की समस्या का सामना करना पड़ता था। धन्छौ, सुंदरासी और गौरीकुंड जैसे प्रमुख पड़ावों पर मोबाइल सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण श्रद्धालु अपने परिवार से संपर्क नहीं कर पाते थे। नेटवर्क केवल हड़सर लौटने के बाद ही उपलब्ध होता था। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि धन्छौ में मोबाइल टावर स्थापित करने की योजना पिछले वर्ष भी बनाई गई थी, लेकिन प्रतिकूल मौसम के कारण कार्य पूरा नहीं हो सका। इस बार प्रशासन ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं और लक्ष्य रखा गया है कि यात्रा शुरू होने से पहले टावर पूरी तरह चालू कर दिया जाए।

धन्छौ से लेकर गौरीकुंड तक मोबाइल नेटवर्क सुविधा शुरू होने से न केवल श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी, बल्कि आपातकालीन स्थिति में त्वरित सूचना आदान-प्रदान, बचाव कार्यों के समन्वय तथा यात्रा मार्ग की प्रभावी निगरानी भी सुनिश्चित हो सकेगी। इससे मणिमहेश यात्रा की सुरक्षा और व्यवस्थाएं पहले की तुलना में अधिक सुदृढ़ होने की उम्मीद है।

# सेवा नियमों के उल्लंघन पर जेबीटी शिक्षक किया बर्खास्त

अनंत ज्ञान

◆ जांच में सभी आरोप साबित, 45 दिन में अपील का अधिकार

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश प्रारंभिक शिक्षा विभाग ने गंभीर सेवा नियम उल्लंघन के मामले में एक जेबीटी शिक्षक को सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया है। उप निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा शिमला द्वारा जारी अंतिम दंडादेश के अनुसार विभागीय जांच में शिक्षक पर लगाए गए सभी प्रमुख आरोप सिद्ध पाए गए, जिसके बाद सेवा से हटाने की कार्रवाई की गई। आदेश के अनुसार संबंधित शिक्षक पर लंबे समय तक अनधिकृत अनुपस्थिति, स्कूल अभिलेखों में कथित छेड़छाड़, बिना अनुमति निजी व्यवसाय में संलिप्तता, पुलिस हिरासत एवं आपराधिक मामलों की जानकारी विभाग से छिपाने तथा सरकारी सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन के आरोप लगाए गए थे। प्रारंभिक जांच के बाद शिक्षक को 21 नवंबर, 2025 को निलंबित किया गया था। इसके बाद केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1965 के तहत नियमित विभागीय जांच शुरू की गई। जांच अधिकारी ने 18 मई, 2026 को अपनी अंतिम रिपोर्ट में चारों आरोपों को उपलब्ध दस्तावेजी एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर पूर्णतः सिद्ध माना। विभागीय आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि जांच के दौरान बैंकिंग एवं दस्तावेजी साक्ष्यों सहित विभिन्न रिकॉर्ड का परीक्षण किया गया। सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद सक्षम प्राधिकारी ने शिक्षक को सेवा से हटाने का अंतिम दंड दिया।

आदेश के अनुसार 21 नवंबर, 2025 से सेवा से हटाए जाने तक की निलंबन अवधि को सभी प्रयोजनों के लिए 'डाइज-नॉन माना जाएगा। इसका अर्थ है कि उक्त अवधि को नियमित सरकारी सेवा अवधि के रूप में नहीं गिना जाएगा। विभाग ने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि संबंधित कर्मचारी इस निर्णय के विरुद्ध आदेश प्राप्त होने की तिथि से 45 दिनों के भीतर निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा के समक्ष अपील दायर कर सकता है।

#### श्री नयना देवी में विजयी जनप्रतिनिधियों का किया गया सम्मान

# जनता ने भाजपा को दिया जनादेश : अनुराग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हाल ही में संपन्न पंचायतीराज संस्थाओं और नगर निकायों के चुनावों में जनता ने कांग्रेस पार्टी को पूरी तरह नकारते हुए भाजपा के पक्ष में स्पष्ट जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम इस बात का संकेत हैं कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और आने वाले विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस को इसी तरह की हार का सामना करना पड़ेगा। शनिवार को शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी स्थित मातृ सदन यात्री निवास में आयोजित पंचायती राज प्रतिनिधि सम्मान समारोह के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि जनता ने साफ संदेश दिया है कि 'कांग्रेस हटाओ, हिमाचल बचाओ।' उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान प्रदेश सरकार के कार्यकाल में विकास की गति धीमी पड़ी है और प्रदेश आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। ऐसे में पंचायतों और नगर निकायों के चुनावों में जनता ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ अपना मत देकर असंतोष व्यक्त किया है।



उन्होंने कहा कि पंचायत और नगर निकाय चुनावों के परिणाम भाजपा के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का प्रमाण हैं। भाजपा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी और प्रदेश के समग्र विकास को प्राथमिकता देगी। इससे पूर्व सांसद अनुराग ठाकुर ने पंचायती राज संस्थाओं तथा नगर परिषदों के नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया। उन्होंने सभी विजयी प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत करने, जनता के बीच सक्रिय रहने तथा विकास कार्यों को गति देने का आह्वान किया। साथ ही आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर भी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में सदर विधायक रणधीर शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने भी विजयी जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए क्षेत्र के विकास के लिए समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# चुनावों में दिखा कांग्रेस सरकार के खिलाफ स्पष्ट जनादेश : डॉ. बिंदल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने शनिवार को धर्मशाला में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि हिमाचल में पंचायती राज व नगर निगम चुनावों ने 2027 में होने बाले विधान सभा चुनाव की तस्वीर दिखा दी, इन चुनावों में कांग्रेस कहीं भी नही खड़ी हो पाई। इन चुनावों में कांग्रेस सरकार ने जमकर सत्ता का दुरुपयोग किया। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ स्पष्ट जनादेश हैं और जनता ने सरकार की नीतियों को पूरी तरह नकार दिया है। जनता ने सिद्ध कर दिया सूक्खु सरकार सत्ता से जाने बाली है। उन्होंने कहा नगर निगम, नगर निकाय और पंचायत चुनावों में भाजपा को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि मंडी, धर्मशाला और सोलन नगर निगमों में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस को करारी शिकस्त दी है। डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस ने कई स्थानों पर अधिकृत उम्मीदवार तक घोषित नहीं किए थे। ऐसे में जीत का दावा करना तथ्यात्मक रूप से गलत है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कांग्रेस सरकार पर नगर निकायों में सत्ता हासिल करने के लिए नियमों में बदलाव करने का आरोप भी लगाया। वर्ष 2022 की घोषणाएं कांग्रेस सरकार ने अलमारी में बन्द करके रखी हैं। जनता ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर विधानसभा चुनावों के दौरान किए गए प्रमुख वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा सरकार ने सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार खो दिया है क्योंकि वह अपने वादों को पूरा करने और जनता की गंभीर चिंताओं को दूर करने में विफल रही है।



# सी-ग्रेड सेब खरीद पर 30 बोरी की सीमा बागवानों से अन्याय: बरागटा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में सेब सीजन के बीच एचपीएमसी द्वारा एमआईएस के तहत सी-ग्रेड सेब की खरीद अधिकतम 30 बोरी तक सीमित किए जाने की खबरों पर सियासत तेज हो गई है। भाजपा नेता चेतन बरागटा ने इस प्रस्तावित व्यवस्था को बागवानों के साथ खुली नाइंसाफी और उनकी मेहनत पर कुठाराघात करार देते हुए सरकार से इस फैसले पर फौरन पुनर्विचार करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्राकृतिक आपदाओं, ओलावृष्टि, बागीचों में फैली बीमारियों, पत्तों के पीले पड़ने और समय से पहले पतझड़ जैसी परिस्थितियों ने पहले ही सेब उत्पादकों की कमर तोड़ दी है। ऐसे में बड़ी तादाद में सेब सी-ग्रेड में जा रहा है और यदि खरीद को केवल 30 बोरी तक सीमित कर दिया गया तो हजारों बागवानों को भारी माली नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का फर्ज बागवानों को राहत देना है, न कि उन पर नई पाबंदियां थोपकर उनकी परेशानियों में इजाफा करना। चेतन बरागटा ने कहा कि बागवानी विभाग समय रहते जरूरी दवाइयों और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने में भी पूरी तरह कामयाब नहीं रहा, जिसका असर सीधे तौर पर फसल की गुणवत्ता पर दिखाई दे रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बागवान तमाम मुश्किल हालात के बावजूद अपनी फसल बचाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा है तो सरकार उसकी हौसला अफजाई करने के बजाय खरीद पर बंदिशें क्यों लगा रही है। भाजपा नेता ने कहा कि यदि सरकार एचपीएमसी में भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था, खरीद प्रक्रिया में मुकम्मल पारदर्शिता और बागवानों को वक्त पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए ठोस और असरदार कदम उठाती है तो भाजपा उसका तहेदिल से स्वागत करेगी, लेकिन सी-ग्रेड सेब की खरीद को 30 बोरी तक सीमित करने जैसा फैसला किसी भी सूरत में काबिल-ए-कबूल नहीं हो सकता।



◆ बोले- मुश्किल हालात में बागवानों पर नई पाबंदी स्वीकार नहीं

उन्होंने प्रदेश सरकार से अपील की कि बागवानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए इस प्रस्तावित निर्णय को तत्काल वापस लिया जाए और ऐसी नीति बनाई जाए जिससे हर उत्पादक को उसकी मेहनत का मुनासिब दाम मिल सके। बरागटा ने कहा कि हिमाचल की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बागवानी है और इस क्षेत्र से जुड़े लाखों परिवारों के हितों की हिफाजत करना सरकार की पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए।

# लोक लेखा समिति ने की विभागों के कार्यों की समीक्षा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय में 17 एवं 18 जुलाई को लोक लेखा समिति की दो दिवसीय बैठकें मुख्य समिति कक्ष में सभापति अनिल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुईं। बैठकों में समिति ने कृषि तथा प्रारम्भिक शिक्षा विभागों से संबंधित प्राप्त विभागीय उत्तरों पर विस्तार से विचार-विमर्श करते हुए विभिन्न मामलों की गहन समीक्षा की। समिति ने विभागों के कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। बैठकों में समिति के सदस्य डॉ. हंसराज, बलबीर सिंह वर्मा, संजय रत्न, जीत राम कटवाल, मलेन्द्र राजन, केवल सिंह पठानिया, चंद्रशेखर, कैप्टन रणजीत सिंह तथा कमलेश ठाकुर उपस्थित रहे। विधानसभा सचिवालय की ओर से अवर सचिव नैना कोटवी, अनुभाग अधिकारी धर्मपाल ठाकुर तथा महालेखाकार कार्यालय के अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान विभागीय कार्यप्रणाली और प्रस्तुत जवाबों पर विस्तृत चर्चा की गई।

### जनहित से जुड़े मामलों में जवाबदेही पर दिया जोर

**लोक** लेखा समिति की इन बैठकों को वित्तीय प्रबंधन और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। समिति ने विभिन्न विभागों से प्राप्त जानकारियों का परीक्षण करते हुए आवश्यक बिंदुओं पर गंभीरता से चर्चा की और जनहित से जुड़े मामलों में जवाबदेही को और मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

#### आह्वान जेयूआईटी के सातवें दीक्षांत समारोह में पहुंचे राज्यपाल, बोले-

# रोजगार मांगने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के तेजी से बदलते दौर में युवाओं की भूमिका केवल नौकरी पाने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन्हें नवाचार और उद्यमिता के माध्यम से रोजगार सृजित करने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। यह बात राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने शनिवार को जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, वाकनाघाट के सातवें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, कुलपति स्वर्ण पदक सहित विभिन्न शैक्षणिक पुरस्कार प्रदान किए और विश्वविद्यालय की रजत जयंती पर बधाई दी।




जेपी यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते राज्यपाल कविंद्र गुप्ता।

राज्यपाल ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल इंडिया और इंडस्ट्री 4.0 के इस युग में तकनीक का वास्तविक उद्देश्य मानव जीवन को बेहतर बनाना होना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विकसित एआई आधारित मानसिक स्वास्थ्य सहायता चैटबॉट की सराहना करते हुए इसे सामाजिक जरूरतों को तकनीक के माध्यम से पूरा करने का प्रेरक उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि सफलता किसी मंजिल का अंत नहीं, बल्कि नई जिम्मेदारियों और अवसरों की शुरुआत होती है। दीक्षांत समारोह में बीटेक, इंटीग्रेटिड एमटेक, एमटेक, एमएससी और पीएचडी सहित कुल 2244 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। राज्यपाल ने विशेष रूप से छात्राओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रही हैं और देश के विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं।

◆ गवर्नर ने 2244 विद्यार्थियों को प्रदान की डिग्रियां

# समीक्षा ने नीट में देशभर में हासिल किया 449वीं रैंक

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने क्षेत्र की होनहार छात्रा समीक्षा पुत्री विपिन कुमार को नीट परीक्षा में देशभर में 449 वीं रैंक प्राप्त करने पर थानाकलां स्कूल पहुंचकर सम्मानित किया। विधायक विवेक शर्मा ने समीक्षा को शॉल, स्मृति चिन्ह और शुभकामनाएं भेंट करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, शिक्षक, अभिभावक और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि यह पूरे कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। एक साधारण एवं गरीब परिवार से संबंध रखने वाली बेटी समीक्षा ने अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर 449वीं रैंक प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता का, बल्कि पूरे क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश का नाम भी रोशन किया है। उन्होंने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। यदि उन्हें उचित अवसर, शिक्षा और परिवार का सहयोग मिले तो वे देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान बना सकती हैं।



◆ विधायक विवेक शर्मा ने छात्रा को किया सम्मानित

## न्यूज ब्रीफ

### धौलाधार आईटीआई इच्छी के 30 प्रशिक्षु चयनित

**अनंत ज्ञान, गगल।** धौलाधार प्राइवेट आईटीआई इच्छी में लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड (एलएंडटी) द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में इलेक्ट्रिशियन और प्लंबर ट्रेड के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के बाद 30 प्रशिक्षुओं का अच्छे वेतनमान पर चयन हुआ। चयनित युवाओं को पहले दो माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके बाद उन्हें देशभर में कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रधानाचार्य रजनीश मोंगरा ने इसे संस्थान की बड़ी उपलब्धि बताते हुए चयनित प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दीं।

### सात दशक बाद रैत विकास खंड को मिला नया घर

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के रैत विकास खंड कार्यालय, जो वर्ष 1958 से ग्रामीण विकास योजनाओं का संचालन कर रहा है, को अब 5.36 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक भवन मिलेगा। वर्षों तक विभाग के नाम भूमि दर्ज न होने के कारण नया भवन नहीं बन सका। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया के प्रयासों से भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी हुई और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ। भूतल, प्रथम व द्वितीय तल वाला यह भवन प्रशासनिक कार्यों को अधिक सुगम बनाएगा व ग्रामीणों को बेहतर और सुविधाजनक सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

### हिमतरु प्रकाशन लाएगा युवा रचनाकारों का विशेष संकलन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षाविद राजेंद्र पालमपुरी ने बताया कि कुल्लू का हिमतरु प्रकाशन 11 से 18 वर्ष आयु वर्ग के हिमाचली युवा रचनाकारों की रचनाओं का निःशुल्क विशेष संकलन प्रकाशित करने जा रहा है। इस विशेष पुस्तक के संपादन में संस्थापक किशन, समीक्षक निरंजन देव शर्मा, संपादक रमेश पठानिया तथा अतिथि संपादक के रूप में राजेंद्र पालमपुरी योगदान देंगे। इसमें प्रदेशभर के युवा साहित्यकारों की विविध साहित्यिक विधाओं की रचनाएं शामिल होंगी।


### छात्राओं के लिए सेल्फ डिफेंस कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में छात्राओं के सशक्तिकरण और आत्मरक्षा के उद्देश्य से सेल्फ डिफेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए छात्राओं को प्रशिक्षण का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षक पुरुषोत्तम ठाकुर और प्रशिक्षिका रिया अवस्थी ने छात्राओं को अनुशासन, सतर्कता और आत्मविश्वास का महत्व बताया। बीबीए विभाग के प्रो. यशपाल के समन्वयन में आयोजित कार्यक्रम में बीबीए, बीसीए और बीएससी बायोटेक्नोलॉजी की छात्राओं ने भाग लिया।

### शांता ने की रामचंद के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने नगरोटा बगवां के पूर्व विधायक रामचंद भाटिया के स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भाटिया पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता और आदर्श विधायक रहे हैं। शांता कुमार ने उन्हें आंकड़ों का जादूगर बताते हुए कहा कि वे सदन में तथ्यों और सही आंकड़ों के साथ अपनी बात प्रभावी ढंग से रखते थे। उन्होंने टांडा अस्पताल के चिकित्सकों से उनका विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया और उनके जल्द स्वस्थ होकर घर लौटने की कामना की।

### नभ्य मोहन ने नीट में हासिल की ऑल इंडिया 102वीं रैंक



**अनंत ज्ञान, कोटला।** कांगड़ा जिले के कोटला निवासी नभ्य मोहन मेहता ने नीट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया 102वीं रैंक प्राप्त की है। सेना में कार्यरत पिता अतुल मोहन मेहता और माता शिखी मेहता के पुत्र नभ्य ने डीबीएसई दिल्ली से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की और वहीं रहकर नीट की तैयारी की। उनकी सफलता पर दादा-दादी मनमोहन मेहता और स्नेह मेहता ने खुशी जताई तथा कोटला बाजार में मिठाई बांटी। क्षेत्रवासियों ने नभ्य को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में बीसीए के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, बहुविषयक शिक्षा और विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। बीसीए समन्वयक डॉ. दिवाकर ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने डिजिटल जागरूकता, नशामुक्त वातावरण, सूचना प्रौद्योगिकी की संभावनाओं, एनसीसी, ईआरपी प्रणाली और छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न शिक्षक और प्रयोगशाला सहायक उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को रैगिंग न करने की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां में एंटी-रैगिंग समिति द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए व्याख्यान आयोजित किया गया। सहायक आचार्य डॉ. राजेश कुमार ने रैगिंग के दुष्प्रभावों, कानूनी प्रावधानों और बचाव के उपायों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल ने सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 161 विद्यार्थियों ने भाग लिया और रैगिंग न करने, न सहने तथा इसकी सूचना देने की शपथ ली। इस अवसर पर समिति सदस्य और प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### रोजमेरी स्कूल में दो दिवसीय समर कैंप आयोजित

**अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, देहरा।** रोजमेरी पब्लिक स्कूल, हरिपुर में छात्र वर्ग के लिए दो दिवसीय समर कैंप का सफल आयोजन किया गया। कैंप में विद्यार्थियों ने क्रिकेट, बैडमिंटन, कबड्डी, रस्साकशी, योग, ध्यान, नृत्य, संगीत, क्विज और टैलेंट शो सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य विवेक कौंडल ने कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### जागोरी ट्रस्ट का पंचायत प्रतिनिधियों के साथ संवाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जागोरी रूरल चैरिटेबल ट्रस्ट ने धर्मशाला, कांगड़ा, रैत और नगरोटा बगवां विकास खंडों के 40 नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के साथ रक्कड़ गांव में परिचय एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों ने गांवों की प्राथमिक समस्याओं और विकास योजनाओं पर चर्चा की। ट्रस्ट निदेशिका आभा भैया ने संस्था के उद्देश्यों और पंचायतों के साथ सहयोग की जानकारी दी। अधिवक्ता विकास शर्मा ने प्रतिनिधियों को अधिकारों, जिम्मेदारियों और कानूनी प्रावधानों से अवगत करवाया। कार्यक्रम में पंचायत विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# डीसी ने किया जिलास्तरीय नागनी माता मेले का शुभारंभ

## श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर दिया जोर

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, नूरपुर।** जिला स्तरीय नागनी माता मेले का शुभारंभ श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक उत्साह के साथ हुआ। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने भव्य शोभायात्रा में भाग लेकर मेले का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक मेले लोक परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। उपायुक्त ने कहा कि नागनी माता मंदिर के प्रति लोगों की गहरी आस्था है और दूर-दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। उन्होंने दो माह तक चलने वाले मेले के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, पार्किंग और अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर कमेटी को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आग्रह किया।



डीसी ने की सराय भवन में किए कार्यों की सराहना। अनंत ज्ञान

उन्होंने मंदिर परिसर और सराय भवन में किए गए विकास कार्यों की सराहना की तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े प्रवेश द्वारों पर यातायात प्रबंधन और सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने को कहा। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों ने जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाई। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज, एसडीएम अरुण शर्मा, मंदिर कमेटी प्रधान विशाल कटोच सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया।

# नगर पंचायत बीड़ के गठन से क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई दिशा: अनुराग शर्मा

## सांसद ने किया नगर पंचायत बीड़ कार्यालय का शुभारंभ

◆ प्रदेश सरकार प्रत्येक क्षेत्र के संतुलित एवं समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध : किशोरी

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने नगर पंचायत बीड़ के कार्यालय भवन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक किशोरी लाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सांसद ने कहा कि नगर पंचायत बीड़ के गठन से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी और लोगों को शहरी स्तर की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने में तेजी आएगी।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की विकास संबंधी आवश्यकताओं को केंद्र सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा।



सांसद अनुराग शर्मा का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने नगर पंचायत बीड़ के लोगों को राहत देते हुए आगामी तीन वर्षों तक संपत्ति कर माफ किया है तथा चालू वित्त वर्ष में विकास कार्यों के लिए 60 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। सांसद ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, पेयजल, बिजली, सीवरेज और स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाओं को चरणबद्ध तरीके से मजबूत किया जाएगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नेचर पार्क विकसित करने की योजना पर भी कार्य किया जाएगा। उन्होंने आगजनी प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की। विधायक किशोरी लाल ने कहा कि नगर पंचायत बनने से विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। उन्होंने बीड़-बिलिंग-राजगुंधा सड़क कार्य पूरा होने और जल्द बस सेवा शुरू होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पर्यटन सुविधाओं को सुदृढ़ कर बीड़ को आधुनिक और सुव्यवस्थित नगर के रूप में विकसित किया जाएगा।

# छतड़ी बाजार में एक रात में पांच दुकानों के ताले टूटे, जांच में जुटी पुलिस

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर क्षेत्र के छतड़ी बाजार में शुक्रवार रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बाजार में चोरों ने एक ही रात में पांच दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

जानकारी के अनुसार चोर अखिलेश निवासी छतड़ी की जूते की दुकान से करीब 20 से 25 हजार रुपए मूल्य का सामान ले गए। वहीं हिमांशु निवासी भरनोली की सैलून दुकान से ट्रिमर, एम्प्लीफायर, स्पीकर सहित अन्य सामान चोरी किया गया। इसके अलावा राहुल कुमार की बिजली की दुकान से बिजली का सामान तथा बलविंद्र निवासी कूथेड की रेडीमेड कपड़ों की दुकान से कपड़े चोरी किए गए। चोरों ने विजय कुमार निवासी भनियार की दुकान के भी ताले तोड़े, हालांकि वहां से सामान चोरी होने की जानकारी नहीं मिली है। शनिवार सुबह दुकानदार जब अपनी दुकानों पर पहुंचे तो टूटे ताले और बिखरा सामान देखकर हैरान रह गए। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के प्रयास में जुटी है। मामले की जांच जारी है।

# धर्मशाला में निर्वासित तिब्बतियों का प्रदर्शन

## आत्मदाह करने वाले लोबगा रांगजेन की फोटो के साथ निकाली रैली



चीन के खिलाफ नारेबाजी करते निर्वासित तिब्बती समुदाय के लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** तिब्बत युवा कांग्रेस द्वारा शहीद लोबगा रांगजेन के सम्मान में दुनिया भर में चेन प्रोटेस्ट शुरू किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को मैक्लोडगंज से धर्मशाला तक निर्वासित तिब्बतियों ने आत्मदाह करने वाले लोबगा रांगजेन की फोटो गले में टांग कर रैली निकाली और चीन के खिलाफ नारेबाजी की।

तिब्बतियन युकां के प्रतिनिधि तेन्जिन लोबसंग ने कहा कि लोबाग के बलिदान को नजरअंदाज, दबाया या मिटाया नहीं जा सकता है। हम दृढ़ संकल्प रखते हैं कि उनका आखिरी संदेश दुनियाभर में तब तक गूंजता रहेगा, जब तक तिब्बती लोगों के आजादी के संघर्ष को ध्यान केंद्रित नहीं होता और चीन के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती। उन्होंने कहा कि तिब्बतियन युवा कांग्रेस, पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना द्वारा लागू किए गए तथाकथित एथनिक यूनिटी लॉ को भी साफ तौर पर खारिज करती है। यह कानून एकता का कानून नहीं है बल्कि एक राजनीतिक तरीका है। इस कानून कि तहत चीन द्वारा कब्जा किए गए देशों जिनमें तिब्बत, पूर्वी तुर्किस्तान, दक्षिणी मंगोलिया और मंचूरिया आदि को जबरन अपने में मिलाने की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहीद लोबगा रांगजेन का बलिदान हमारे संघर्ष का अंत नहीं बल्कि यह प्रतिरोध, एकजुटता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्रवाई का एक नया आह्वान है।

### कैलाशपुर में कार दुर्घटना में व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** थाना पंचरूखी के अंतर्गत कैलाशपुर पंचायत में शनिवार को एक कार दुर्घटना का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कार संख्या एचपी-37एच-7845 में दो व्यक्ति सवार थे। अचानक वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में कार चालक प्रीतम मेहरा घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए पालमपुर अस्पताल ले जाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही थाना पंचरुखी की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं तथा हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा मामले में आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। दुर्घटना की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की है।

### परागपुर में 50 युवाओं को मिला रोजगार

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** परागपुर स्थित मॉडर्न आईटीआई में 14 जुलाई को जीएनए एंटरप्राइज फगवाड़ा द्वारा आयोजित रोजगार मेले में आईटीआई उत्तीर्ण 75 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया के बाद कंपनी ने 50 युवाओं का चयन अपने रोल पर किया। चयनित अभ्यर्थियों को पहले वर्ष 15,000 रुपए और दूसरे वर्ष से 19,000 रुपए मासिक वेतन मिलेगा। कंपनी निःशुल्क वर्दी, सुरक्षा जूते तथा अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगी। सभी चयनित अभ्यर्थी 1 अगस्त को कंपनी में कार्यभार ग्रहण करेंगे। मॉडर्न आईटीआई के प्रधानाचार्य इंजीनियर सुरजीत सिंह ठाकुर ने चयन प्रक्रिया की पुष्टि की।

### विद्यार्थियों को मतदान के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गगवाल में निर्वाचन विभाग ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। उपमंडलाधिकारी (ना.) इंदौरा सुरेंद्र ठाकुर ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व से अवगत कराते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाने में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इलेक्शन कानूनगो रॉबिन धीमान ने मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया और 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं को समय पर मतदाता पहचान पत्र बनवाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य गुरनाम सिंह, बीएलओ सुपरवाइजर राजीव वशिष्ठ, बीएलओ हिम्मत सिंह एवं श्वेता जसरोटिया भी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

# नगरोटा कॉलेज में छात्रों को दिए साइबर ठगी से बचने के टिप्स

## वित्तीय साक्षरता एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी पर व्याख्यान आयोजित



अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां की कॉमर्स सोसायटी द्वारा विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाने और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक की संसाधन व्यक्ति सरिता मनकोटिया ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया।

उन्होंने वित्तीय साक्षरता के महत्व, सुरक्षित बैंकिंग व्यवहार, डिजिटल भुगतान की सुरक्षा और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को फर्जी फोन कॉल, फिशिंग, नकली निवेश योजनाओं और अन्य साइबर धोखाधड़ी के तरीकों की पहचान करने तथा डिजिटल लेन-देन में सावधानी बरतने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की दूसरी संसाधन व्यक्ति ज्योति बाला, वित्तीय साक्षरता सामुदायिक संसाधन व्यक्ति, ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार ने वित्तीय योजना, बचत, बजट निर्माण और विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को वित्तीय रूप से जागरूक बनने और समाज में भी जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने डिजिटल बैंकिंग और साइबर सुरक्षा से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया।

### धर्मशाला में आज से शुरू होगा एचपीसीए का अंपायर एवं मैच रेफरी रिफ्रेशर कोर्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) प्रदेश के अंपायरों और मैच रेफरियों की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से 19 से 25 जुलाई तक धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में रिफ्रेशर कोर्स आयोजित करेगा। प्रशिक्षण दो बैचों में होगा, जिसमें प्रदेशभर से कुल 73 अंपायर और 33 मैच रेफरी भाग लेंगे।

पहले बैच में 39 अंपायर और 17 मैच रेफरी शामिल होंगे। इनका प्रशिक्षण 19 से 21 जुलाई तक चलेगा, जबकि दूसरे बैच में 38 अंपायर और 16 मैच रेफरी 23 से 25 जुलाई तक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। रिफ्रेशर कोर्स में प्रतिभागियों को क्रिकेट के नवीनतम नियमों, उनके व्यावहारिक क्रियान्वयन और आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। विशेष रूप से डीआरएस के संचालन, उसके उपयोग और हाल के बदलावों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि प्रदेश के अंपायर राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप निर्णय देने में और अधिक दक्ष बन सकें। प्रशिक्षण देने वाले फैकल्टी में आईसीसी अंपायर वीरेंद्र शर्मा, बीसीसीआई अंपायर अमित राणा और वरुण नेगी, बीसीसीआई मैच रेफरी शक्ति सिंह और नवीन कुमार शामिल हैं। ये विशेषज्ञ प्रतिभागियों को नियमों में हुए नवीनतम संशोधनों, मैच प्रबंधन और निर्णय लेने की तकनीकों से अवगत कराएंगे। फैकल्टी सदस्यों ने बताया कि सांसद अनुराग सिंह ठाकुर और आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल के प्रयासों से प्रदेश के अंपायरों और मैच रेफरियों के लिए इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित अधिकारी प्रदेश के विभिन्न घरेलू और राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंटों में सेवाएं देते हैं।

### नीट परीक्षा: दक्षेश बरन्याल ने हासिल किए 594 अंक



**अनंत ज्ञान, गरली/डाडासीबा।** देहरा पब्लिक स्कूल खबली के मेधावी छात्र दक्षेश बरन्याल ने नीट-2026 में 594 अंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय प्रबंधन ने इसे दक्षेश की कड़ी मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया। प्रधानाचार्य ने विश्वास जताया कि दक्षेश भविष्य में एक सफल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करेंगे। उनकी सफलता से विद्यार्थियों और क्षेत्रवासियों में उत्साह है।

### डाडासीबा में पुरुषोत्तम चंद ने संभाला कार्यभार



**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा ।** जल शक्ति विभाग के इंजीनियर पुरुषोत्तम चंद ने शनिवार को जल शक्ति उपमंडल डाडा सीबा में सहायक अभियंता का कार्यभार संभाला। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर पेयजल आपूर्ति, लंबित योजनाओं, गुणवत्ता और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर चर्चा की। उन्होंने टीम भावना से कार्य करते हुए जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### नीतू मन्हास बनीं सुजानपुर नप की अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** सुजानपुर नगर परिषद अध्यक्ष चुनाव में आम आदमी पार्टी की नीतू मन्हास अध्यक्ष और सुरिंदर शर्मा निक्का उपाध्यक्ष चुने गए। चुनाव कांग्रेस, भाजपा और निर्दलीय पार्षदों की अनुपस्थिति में चार पार्षदों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। कांग्रेस विधायक नरेश पुरी और पूर्व अध्यक्ष अनुराधा बाली ने प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया तथा अदालत में चुनौती देने की घोषणा की। निर्वाचन अधिकारी शंकर शर्मा ने कहा कि नियमानुसार चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई।

# रेनबो स्कूल में विद्यार्थियों को मिली व्यक्तित्व निखार की सीख



रेनबो स्कूल में आयोजित व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण शिविर संपन्न। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां में विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी द्वारा आयोजित पांच दिवसीय संस्कार वर्ग व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम में एसडीएम नगरोटा बगवां पूजा अधिकारी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। प्रधानाचार्य डॉ. छवि कश्यप ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि यह शिविर विद्यार्थियों के लिए आत्मखोज, सीख और समर्पण की प्रेरणादायक यात्रा रहा।

उन्होंने कहा कि शिविर की विभिन्न गतिविधियों और प्रेरक सत्रों से विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने तथा लक्ष्य प्राप्ति के लिए आत्मविश्वास विकसित करने में सहायता मिली। मुख्य अतिथि पूजा अधिकारी ने कहा कि ऐसे प्रयास देश के भविष्य को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विवेकानंद केंद्र के उत्तर प्रांत संचालक डॉ. अशोक रैना ने कहा कि बच्चों में अनुशासन, संस्कार और नैतिक मूल्यों का विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संस्था युवाओं को अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित कर रही है। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य ने अतिथियों को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विवेकानंद केंद्र के पदाधिकारी, शिक्षक, अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

# आकाश इंस्टीटयूट के बच्चों ने नीट परीक्षा में लहराया परचम, होनहार किए सम्मानित

## विद्यार्थियों ने नाचकर व्यक्त की खुशी, रोड शो भी निकाला



परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों ने अभिभावकों व शिक्षकों को दिया श्रेय। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** आकाश इंस्टीटयूट धर्मशाला के बच्चों ने नीट परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। इंस्टीटयूट के बच्चों ने नीट परीक्षा पास कर परचम लहराया है। प्रबंधन का दावा है कि बच्चों ने कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है, साथ ही दावा किया है कि एक बच्चा एम्स बिलासपुर में भी प्रवेश पा सकता है।

इंस्टीटयूट प्रबंधन की ओर से नीट परीक्षा पास करने वाले बच्चों को जहां सम्मानित किया गया, वहीं रोड शो निकालकर बच्चों की जीत का जश्न भी मनाया। इंस्टीटयूट के निदेशक अजय गुलेरिया ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर आकाश इंस्टीटयूट के बच्चों ने चार रैंक हासिल किए हैं। नीट परीक्षा पास करने वाले पहले 50 बच्चों में आकाश इंस्टीयूट के करीब 18, जबकि पहले सौ में आकाश के 41 बच्चे रहे हैं। उन्होंने बताया कि 500 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले आकाश इंस्टीटयूट धर्मशाला के 12 बच्चे हैं। पिछले वर्ष ही धर्मशाला में आकाश इंस्टीटयूट की स्थापना हुई थी तथा क्षेत्र के अभिभावकों ने इंस्टीटयूट के प्रति विश्वास जताया है, जिस पर हम भी खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले आयोजित नीट परीक्षा कुछ हद तक आसान थी, जबकि दूसरी बार हुई परीक्षा कुछ कठिन रही, जिसके चलते बच्चों के अंक 82 से 100 तक कम हुए हैं, ऐसे में स्पष्ट है कि हिमाचल के लिए कटऑफ कम रहने की संभावना है। परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मेहनत से ही हर मुकाम हासिल किया जाता है तथा इसमें अभिभावकों व शिक्षकों का प्रोत्साहन बेहद जरूरी है, जो कि हमें मिला और हम नीट परीक्षा अच्छे अंकों से पास करने में सफल रहे।

### छात्रों का इंतजार खत्म पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के परिणाम जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश में 10वीं कक्षा (मैट्रिक) की परीक्षा दे चुके और अपने अंकों में सुधार की उम्मीद कर रहे छात्रों का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने मार्च 2026 में आयोजित मैट्रिक नियमित परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के परिणाम आधिकारिक तौर पर घोषित कर दिए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि छात्र अब बिना किसी देरी के अपना संशोधित परीक्षा परिणाम ऑनलाइन देख सकते हैं। डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थी अपना नया और संशोधित रिजल्ट हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर जाकर चेक कर सकते हैं। वहीं, कार्यालय समय के दौरान बोर्ड के दूरभाष नंबर 01892-242158 पर संपर्क कर सकता है। वहीं, पुनर्निरीक्षण से जुड़ी किसी भी पूछताछ के लिए 01892-242122 पर कॉल की जा सकती है।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल के कैडेट्स ने राष्ट्रीय नौसैनिक कैंप में चमकाया नाम

अनंत ज्ञान



**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट के एनसीसी नेवल विंग के कैडेट्स रमीरा सिंह और अर्णव सिंह ने प्रतिष्ठित ऑल इंडिया नौ सैनिक कैंप-2026 में भाग लेकर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। यह राष्ट्रीय स्तर का शिविर 30 जून से 12 जुलाई 2026 तक आईएनएस शिवाजी, लोणावला में आयोजित किया गया।

दोनों कैडेट्स ने कठिन चयन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पारकर पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं चंडीगढ़ निदेशालय की टीम में स्थान बनाया। शिविर में उन्होंने देशभर के श्रेष्ठ एनसीसी नेवल कैडेट्स के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। निदेशालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी टीमों में छठा स्थान हासिल किया। कैडेट रमीरा सिंह ने हेल्थ एंड हाइजीन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और निदेशालय का नाम रोशन किया।

शिविर के दौरान कैडेट्स ने सीमैनशिप, बोट पुलिंग, बोट रिगिंग, फायरिंग, ड्रिल, सेमाफोर और शिप मॉडलिंग जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या सुभ्रा रानी और निदेशक सनी महाजन ने दोनों कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि अनुशासन, मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को एनसीसी गतिविधियों में भाग लेकर नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर के कई क्षेत्रों में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में उपकरणों एवं लाइनों की आवश्यक मरम्मत तथा क्षतिग्रस्त खंभों को बदलने के कार्य के चलते 19 जुलाई को डीसी ऑफिस, गांधी चौक, अप्पर बाजार, नादौन चौक, बस स्टैंड, पुलिस स्टेशन, प्रताप गली, प्रतापनगर, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, बराड़ बल्ह, अणु कलां, हीरानगर, कृष्णानगर, गंदा नौण, नडियाणा, केंद्रीय विद्यालय, गोपालनगर, श्यामनगर, पक्का भरो, घरियाणा मसेढ़ा, हिम अकादमी स्कूल, गुरुकुल स्कूल और आस-पास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### दिव्यांगता बोर्ड प्रक्रिया में रवि को मिली सहायता



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पौहंज पंचायत, विकास खंड बमसन निवासी रवि कुमार पुत्र विक्रम सिंह का दिव्यांगता बोर्ड सफलतापूर्वक करवाया गया। डॉ. सुरिंदर सिंह डोगरा ने परिवार से किया वादा निभाते हुए पूरी प्रक्रिया में सहयोग किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना मानवता की सच्ची सेवा है। इस कार्य में निस्वार्थ भाव संगठन के राज्य कार्यकारिणी सदस्य जगजीवन सिंह का सहयोग भी सराहनीय रहा। सामूहिक प्रयासों से परिवार को राहत और न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मिला।

### भरेड़ी में वॉलीबॉल स्पर्धा के साथ पौधरोपण आज

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** सागर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स भरेड़ी में 20 जुलाई को महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं और युवतियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना, फिटनेस को प्रोत्साहित करना और खेल भावना का विकास करना है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों की महिला टीमें भाग लेंगी। आयोजन के दौरान पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौधरोपण अभियान भी शुरू किया जाएगा। सागर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के महासचिव एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच विद्यासागर शर्मा ने खेल प्रेमियों, नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों से कार्यक्रम में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की है।

### टीबी और एड्स बचाव की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण ले रही महिलाओं के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा ने एचआईवी-एड्स, टीबी, हैपेटाइटिस सहित अन्य गंभीर रोगों के कारण, बचाव और उपचार की जानकारी दी। उन्होंने ब्यूटी पार्लर में स्वच्छता, सुरक्षा किट के उपयोग और उपकरणों की सावधानीपूर्वक सफाई पर जोर दिया। आरसेटी निदेशक अजय कुमार कतना ने डॉ. वर्मा का स्वागत किया।

### बिजली बोर्ड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल बिजली बोर्ड पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को होटल राज पैलेस हमीरपुर में आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रदेश के 10 जिलों प्रतिनिधियों सहित प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी भाग लेंगे। एसोसिएशन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएस ढटवालिया, उपाध्यक्ष सी एस चंदेल, जिला प्रधान केके कपिल तथा महासचिव लाल चंद परमार ने बताया कि बैठक में पेंशनरों की चिर लंबित समस्याओं पर चर्चा कर रणनीति तैयार की जाएगी।

# लापरवाही : अवैध निर्माण से सिकुड़ा एनएच

## फाइलों में 24 मीटर चौड़ाई, मौके पर 14 से 16 मीटर रह गई, निशानदेही को पहुंचा था राजस्व और पीडब्ल्यूडी

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

- प्रभावशाली दबा रहे एक्वायर की गई सड़क को
- अब बरसात के बाद होगी निशानदेही
- 'पिक एंड चूज' से नाराज क्षेत्र के लोग

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर से होकर निकलने वाला कांगड़ा-शिमला नेशनल हाईवे का बाईपास रोड अवैध कब्जों की 'जद' में है। करीब 8 किलोमीटर लंबे इस बाईपास रोड की चौड़ाई जब भूमि अधिग्रहण किया गया था, तब 24 मीटर थी, लेकिन अब मौके पर 14 से 16 मीटर ही रह गई है। इसीलिए शनिवार को राजस्व और पीडब्ल्यूडी की संयुक्त निशानदेही शुरू हुई तो थोड़ी देर में यह काम बरसात के बाद तक स्थगित कर दिया गया, लेकिन तब इस निशानदेही की जितनी पैमाइश हुई, उसमें यह बात तो क्लीयर हो ही गई कि गड़बड़झाला बहुत ज्यादा है।

लोगों ने बहुत जगह-जगह पर अधिग्रहण की गई भूमि को भी कब्जा लिया है। अब यदि ठोस कार्रवाई 'पिक एंड चूज' की नीति को छोड़कर नहीं हुई तो फिर यह बाईपास सुधर नहीं पाएगा।

दरअसल में यहां के पवन कुमार ने पिछले कुछ समय से इसकी खस्ताहालत और अवैध कब्जों के बढ़ने को लेकर सरकार और जिला प्रशासन को कई मर्तबा शिकायतें की हैं। अब पिछली मर्तबा जो शिकायत हुई थी, उसके आधार पर अब यह निशान देही शुरू हुई थी, लेकिन स्टॉप हो गई है।

पवन का कहना था कि ईमानदारी से काम नहीं हो रहा। पहले यह रोड़ एनएचएआई के पास था, अब स्थानीय विभाग के पास आ गया है। लेकिन हालत खराब है, इसकी जो चौड़ाई थी वह 24 मीटर थी, जब इसका अधिग्रहण हुआ था। मगर मौके पर कहीं भी जगह नहीं आ रहा। बड़े स्तर पर यहां पिक और चूज हो रहा है। हमीरपुर के एक्सईएन दीपक कपिल का कहना है कि तकरीबन 20 लोगों को नोटिस जारी हुए थे और अब निशानदेही के बाद सारी स्थिति क्लीयर आएगी, जिस-जिस की भी जगह निकलेगी अवैध कब्जा पाया जाएगा, उसे हटाया जाएगा, लेकिन इसमें थोड़ा वक्त लगेगा। उनका कहना था कि जितनी भूमि अधिग्रहण करके इसे तैयार किया गया था, उस स्थिति को बहाल किया जाएगा।



निशानदेही के लिए इकट्ठे हुए लोग और अधिकारी व कर्मचारी।

### कई जगह अब ब्लैक स्पॉट बने

**इस** सड़क पर कई जगह अब ब्लैक स्पॉट बन गए हैं। बार-बार वहां एक्सीडेंट भी हो रहे हैं, वैसे तो निर्माण के समय ही जब जमीन अधिग्रहण किया गया था और एलाइनमेंट क्लियर हुई थी, तब नेशनल हाईवे ने इसमें जितना पक्षपात दिखाया था, उसी का नतीजा है कि यह रोड सीधा नहीं हो पाया। इसमें जगह-जगह मोड़ हैं, यही इसकी बिगड़ी हुई तकदीर है।

### ज्यादातर हिस्सा अवैध कब्जों की भेंट चढ़ा

**तकरीबन** 8 किलोमीटर लंबे इस सड़क मार्ग का ज्यादातर हिस्सा अवैध कब्जों की भेंट चढ़ चुका है, लेकिन ठोस कार्रवाई के नाम पर यहां केवल नोटिस जारी होते हैं। पिछले दिनों तकरीबन 20 लोगों को नोटिस जारी हुए थे जिन्होंने इस सड़क को कब्जाने के लिए निर्माण कर दिया था। कई जगह बेकायदे निर्माण हुआ था। लेकिन असर कोई नहीं हुआ, निर्माण वैसे ही जारी है। लोगों ने बताया कि वह चाहते हैं कि यह रोड 24 मीटर चौड़ाई वाला ही रहे। लेकिन दोनों तरफ से पैमाइश होगी, तभी स्थिति क्लीयर होगी और जहां-जहां लोगों ने गलत निर्माण किए हैं, उन्हें हटाना भी विभाग का दायित्व बनता है। इसमें किसी के साथ हमदर्दी नहीं होनी चाहिए। लेकिन प्रभावशाली लोग जिन्होंने निर्माण किया है। उनसे विभाग को सजग रहना पड़ेगा। वे गड़बड़ झाला कर सकते हैं इस मुहिम को निराशा में बदल सकते हैं। लेकिन ऐसा हुआ तो वह चुप नहीं बैठेंगे।

# हमीरपुर में संपर्क मार्ग की बदहाली पर लोगों में आक्रोश

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** नगर निगम हमीरपुर क्षेत्र में डीसी कार्यालय के पीछे से पुराने वार्ड नंबर-2 की ओर जाने वाले संपर्क मार्ग की खराब स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है। मार्ग का निरीक्षण स्थानीय परिवारों के सदस्यों के साथ किया गया, जहां पिछले करीब दो माह से सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों और क्षतिग्रस्त नालियों के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि भारी वाहनों द्वारा लगातार निर्माण सामग्री ले जाने से सड़क की स्थिति और खराब हो रही है। स्थानीय लोगों को आशंका है कि कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। इससे पहले भी करीब डेढ़ माह पूर्व इस समस्या से नगर निगम आयुक्त को अवगत करवाया गया था, लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ।

नगर निगम आयुक्त से संपर्क करने पर उन्होंने जानकारी दी कि सड़क मरम्मत कार्य का टेंडर हो चुका है और जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल टेंडर प्रक्रिया पूरी करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि समय पर रखरखाव और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नगर निगम बनने से पहले से मौजूद संपर्क मार्गों की नियमित देखभाल जरूरी है, ताकि भविष्य में नुकसान बढ़ने से बचाया जा सके। खराब सड़क के कारण आपातकालीन सेवाओं, एंबुलेंस और आम लोगों की आवाजाही प्रभावित हो सकती है। स्थानीय प्रतिनिधियों ने मांग की कि सड़क मरम्मत कार्य को शीघ्र शुरू कर लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान की जाए। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद, डॉ. उपाध्याय, राजीव अनुप्रशर, हमीरपुर ब्लॉक सोशल मीडिया अध्यक्ष रजत राणा, जिला महासचिव यूथ कांग्रेस रोहित सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# डॉ. पुष्पेंद्र ने 'गो सम्मान आह्वान अभियान' का किया समर्थन

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने 'गो सम्मान आह्वान अभियान' का समर्थन करते हुए अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर किए और आम लोगों से भी इससे जुड़ने का आह्वान किया। अभियान से जुड़े प्रतिनिधियों प्रभारी दिनेश शर्मा, देवराज ने डॉ. वर्मा से मुलाकात कर उन्हें अभियान की जानकारी दी तथा इससे संबंधित पत्रक भी भेंट किया। अभियान के माध्यम से गो सेवा, गो सुरक्षा और गो सम्मान को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

अभियान के पत्रक में 27 जुलाई को 'गो सम्मान दिवस' के रूप में याद रखने का आह्वान किया गया है। साथ ही अभियान से जुड़े लोगों द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाकर अपनी मांगों और भावनाओं को संबंधित संवैधानिक एवं सरकारी पदाधिकारियों तक पहुंचाने की बात कही गई है। डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि गोवंश की सुरक्षा और सम्मान हमारी सामाजिक एवं सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर बेसहारा घूम रहे गोवंश की समस्या के स्थायी समाधान के लिए समाज और प्रशासन को मिलकर गंभीर प्रयास करने चाहिए। अभियान से जुड़े लोगों के प्रयासों की सराहना करते हुए आम जनता से अपील की कि वे गो सेवा, सुरक्षा और सम्मान के इस जनजागरुकता अभियान से जुड़ें और जिम्मेदार नागरिक के रूप में गौवंश के संरक्षण में अपना योगदान दें।

### स्टाफ नर्स के 71 पदों पर होगी बैचवाइज भर्ती

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ नर्सों के 71 पदों को भरने के लिए बैचवाइज भर्ती प्रक्रिया आरंभ की जा रही है। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस भर्ती में सामान्य वर्ग के 28 पदों के लिए दिसंबर 2010 तक के बैच की अभ्यर्थी पात्र हैं। सामान्य ईडब्ल्यूएस वर्ग के 7 पदों के लिए जून 2011 तक के बैच, सामान्य डब्ल्यूएफएफ वर्ग के एक पद के लिए दिसंबर 2012 तक के बैच, अनुसूचित जाति के 13 पदों के लिए दिसंबर 2013 तक के बैच, अनुसूचित जाति बीपीएल के 3 पद के लिए दिसंबर 2014 तक के बैच, अनुसूचित जाति डब्ल्यूएफएफ के एक पद के लिए दिसंबर 2017 तक के बैच, अन्य पिछड़ा वर्ग के 13 पदों के लिए दिसंबर 2012 बैच, अन्य पिछड़ा वर्ग बीपीएल के 3 पद के लिए दिसंबर 2013 बैच और अनुसूचित जनजाति के 2 पदों के लिए दिसंबर 2013 तक के बैच की अभ्यर्थी पात्र होंगी। बैचवाइज भर्ती के लिए अभ्यर्थी का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए। उन्होंने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे नजदीकी रोजगार कार्यालय में जाकर सूची में अपना नाम देख लें। अगर सूची में उनका नाम नहीं है तो वे 22 जुलाई से पहले वेबसाइट ईईएमआईएस.एचपी.जीओवी.इन पर अपने नाम ऑनलाइन दर्ज करवा दें।

### विद्यार्थियों को बताया कौशल विकास का महत्व

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के वाणिज्य विभाग ने बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें बीकॉम जनरल, बैंकिंग एवं फाइनेंस तथा ई-कॉमर्स के 192 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी ने विद्यार्थियों को अनुशासन, सकारात्मक सोच और कौशल विकास का महत्व बताया। मुख्य वक्ता निहारिका वैश्य यादव ने एईडीपी एवं सीआरआईएसपी कार्यक्रमों की जानकारी दी और विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभागीय शिक्षक भी उपस्थित रहे।

### नादौन में ड्राइविंग टेस्ट व वाहनों की पासिंग स्थगित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** एसडीएम कार्यालय नादौन के अंतर्गत 21 जुलाई को प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग फिलहाल स्थगित कर दी गई है। नादौन के एसडीएम और पंजीकरण एवं लाइसेंसिंग प्राधिकारी निशांत शर्मा ने बताया कि प्रशासनिक कारणों से इन्हें स्थगित करना पड़ा है। उन्होंने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग की नई तिथि जल्द ही निर्धारित कर दी जाएगी।

### आशा रानी बनी हिंद संग्राम परिषद की प्रदेशाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिंद संग्राम परिषद हिमाचल प्रदेश इकाई की बैठक नादौन स्थित राजेंद्रा पैलेस में आयोजित हुई। बैठक में परिषद की गतिविधियों पर चर्चा के बाद नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। नौंहगी की आशा रानी को प्रदेशाध्यक्ष चुना गया। एसके धीमान और सुरजीत सिंह बैंस को प्रदेश उपाध्यक्ष, सुदर्शन जरियाल को प्रदेश प्रभारी तथा अनिरुद्ध शर्मा को वरिष्ठ प्रेस सचिव एवं कोषाध्यक्ष बनाया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

### 30 महिलाओं को मिला उद्यमिता प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला उद्योग केंद्र हमीरपुर ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए तीन दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें 30 महिलाओं को व्यवसाय संचालन, बाजार, वित्तीय योजना, सरकारी योजनाओं और डिजिटल उपकरणों की जानकारी दी गई। समापन अवसर पर अधिकारियों ने एआई आधारित तकनीकों के उपयोग से उत्पादों की मार्केटिंग और ब्रांडिंग बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागियों को जनरेटिव एआई के माध्यम से डिजिटल प्रचार-प्रसार का प्रशिक्षण भी दिया गया और प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

### 15 तक बंद रहेगी रंगस-कंडरोला-चैड़ू सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल नादौन में रंगस-कंडरोला-चैड़ू सड़क पर ग्राम पंचायत कंडरोला प्लासी में शिव मंदिर चैक के पास कंक्रीट सीमेंट पेवमेंट बिछाने का कार्य शुरू किया गया है। इस कार्य के चलते इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 15 अगस्त तक बंद की गई है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि ग्राम पंचायत कंडरोला प्लासी में शिव मंदिर के पास कंक्रीट सीमेंट पेवमेंट बिछाने का कार्य आरंभ किया गया है। इसलिए रंगस-कंडरोला-चैड़ू सड़क के इस हिस्से पर यातायात 15 अगस्त तक बंद किया गया है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक बड़ा-रैल, लाहड़, चैड़ू सड़क या चैड़ू से बल्ह चैक, बाबे दी कुटिया, रैल, रंगस सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

# शहीद अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट ने गरीब परिवार को दी 16,000 रुपए राहत राशि

अनंत ज्ञान



शहीद अंकुश ठाकुर ट्रस्ट ने पीड़ित घर पहुंचकर दी राहत राशि।

**जाहू।** शहीद अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट अत्यंत बेसहारा परिवार की ओर मदद का हाथ बढ़ाया है। हवाणी गांव के निवासी जगजीत सिंह का बीते दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। जगजीत सिंह का परिवार बेहद आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और उनका बेटा भी दिमागी तौर पर अस्वस्थ है। परिवार की स्थिति इतनी दयनीय है कि घर पर मृतक का अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म करने तक का कोई साधन उपलब्ध नहीं था। इस दुखों के पहाड़ और गंभीर स्थिति की सूचना मिलते ही शहीद अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम तुरंत पीड़ित परिवार के घर पहुंची।

ट्रस्ट के उप प्रधान अनिल ठाकुर, सचिव शिव प्रकाश शर्मा, और सम्मानित सदस्य विजय ठाकुर व विनोद कुमार शर्मा ने संकट की इस घड़ी में परिवार को ढांढस बंधाया और ट्रस्ट की ओर से 11,000 की नकद आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं, ट्रस्ट की अध्यक्षा ऊषा रानी ने गहरी संवेदना व्यक्त की और अपनी ओर से व्यक्तिगत रूप से 5,000 की अतिरिक्त वित्तीय मदद भी परिवार को भिजवाई। इस प्रकार पीड़ित परिवार को कुल 16,000 की फौरी राहत राशि प्रदान की गई।

ट्रस्ट की अध्यक्षा ऊषा रानी ने कहा कि शहीद अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य ही समाज के अंतिम पायदान पर खड़े असहाय और गरीब लोगों का संबल बनना है। हवाणी गांव के इस परिवार पर दुखों का जो पहाड़ टूटा है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। एक तरफ मुखिया का साया उठ जाना और दूसरी तरफ बेटे की मानसिक स्थिति ठीक न होना बेहद हृदयविदारक है। ट्रस्ट ऐसे किसी भी जरूरतमंद परिवार को बेसहारा नहीं छोड़ेगा। हम पहले भी संकट के समय लोगों के साथ खड़े रहे हैं और भविष्य में भी इस प्रकार के पीड़ित परिवारों की हरसंभव सहायता और सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

## स्मार्ट मीटर पर उपभोक्ता कल्याण मंच के सवाल, मांगी योजना की पारदर्शी जांच

# स्मार्ट मीटर लगाने से नहीं होगा स्मार्ट बिजली बोर्ड

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर में उपभोक्ता कल्याण मंच ने स्मार्ट मीटर योजना को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित कर सरकार और विद्युत बोर्ड से कई सवालों के जवाब मांगे हैं। मंच का कहना है कि स्मार्ट मीटर की पूरी लागत अंततः टैरिफ के माध्यम से उपभोक्ताओं से ही वसूली जानी है, इसलिए उपभोक्ताओं को यह जानने का अधिकार है कि इन मीटरों की आवश्यकता क्या है, इन्हें किस तकनीकी आधार पर लगाया जा रहा है और इनकी लागत को लेकर पारदर्शिता क्यों नहीं बरती जा रही है। प्रेस वार्ता में मंच के मुख्य संरक्षक एवं पूर्व आईएएस अधिकारी जेएम पठानिया, संयोजक कुलदीप सिंह खरवाड़ा, सह-संयोजक एडवोकेट सुरेश राठौर, महासचिव जेके धीमान और विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम के जिला महासचिव विजय शर्मा उपस्थित रहे। मंच पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया में उपभोक्ता अधिकारों की अनदेखी की जा रही है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते मंच के पदाधिकारी।

उन्होंने आरोप लगाया कि उपभोक्ताओं पर दबाव बनाकर मीटर लगाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि उन्हें अपनी सहमति और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी जानी चाहिए। मंच ने सवाल उठाया कि जब प्रदेश में पहले से लगाए गए डिजिटल मीटर सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं, तो उन्हें हटाकर नए स्मार्ट मीटर लगाने की आवश्यकता क्यों पड़ी। उन्होंने कहा कि हजारों रुपये की लागत वाले इन मीटरों का आर्थिक भार भी उपभोक्ताओं पर ही पड़ेगा। प्रतिनिधियों ने स्मार्ट मीटर परियोजना की लागत को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि परियोजना की स्वीकृत लागत लगभग 1800 करोड़ रुपए थी, तो करीब 2500 करोड़ रुपए की लागत पर ठेका क्यों दिया गया। उन्होंने इसकी पारदर्शी जांच की मांग की। मंच ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर योजना से निजी कंपनियों को लाभ पहुंचने की संभावना है, जबकि विद्युत बोर्ड के हित प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से योजना की समीक्षा करने, सभी तथ्यों को सार्वजनिक करने और उपभोक्ताओं पर किसी भी प्रकार का दबाव रोकने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर प्रदेशभर में आंदोलन किया जाएगा।

# भ्रम फैलाने के बजाय जनता को सच्चाई बताएं पूर्व विधायक : कैप्टन रणजीत

अनंत ज्ञान



**सुजानपुर।** सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने पूर्व विधायक राजिंदर राणा द्वारा उहल-ककड़ वाया जंगल बैरी सड़क को लेकर सोशल मीडिया पर किए जा रहे प्रचार को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि जनता को गुमराह करने की राजनीति अब अधिक समय तक नहीं चल सकती। विधायक ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार इस सड़क की डीपीआर 29 जनवरी 2026 को तैयार कर शिमला भेजी जा चुकी है और इसकी स्वीकृति की प्रक्रिया जारी है।

उन्होंने कहा कि यह कार्य उनके कार्यकाल में आगे बढ़ा है और प्रदेश सरकार से जल्द मंजूरी मिलने की पूरी उम्मीद है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग फेसबुक पोस्ट, प्रेस बयान और सुर्खियों तक सीमित राजनीति कर रहे हैं, जबकि उनकी प्राथमिकता धरातल पर विकास कार्यों को गति देना है। उन्होंने कहा कि जनता अब केवल घोषणाओं पर नहीं, बल्कि वास्तविक कार्यों पर विश्वास करती है। सुजानपुर क्षेत्र में पिछले समय में हुए विकास कार्य इसका प्रमाण हैं कि सरकार और जनप्रतिनिधि योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्वस्थ आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन आधी-अधूरी जानकारी के आधार पर जनता को भ्रमित करना उचित नहीं है। उन्होंने सभी से अपील की कि किसी भी मुद्दे पर तथ्यों और आधिकारिक दस्तावेजों के आधार पर ही बात रखी जाए। सुजानपुर की जनता भली-भांति जानती है कि कौन केवल सोशल मीडिया पर सक्रिय रहता है और कौन लगातार जनता के बीच रहकर समस्याओं का समाधान करवाता है।

# भरेड़ी में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का 200 से अधिक मरीजों ने उठाया लाभ

- युवा कांग्रेस डॉक्टर सेल एवं गरीब दास फाउंडेशन की पहल, हेल्थ कार्ड का भी हुआ शुभारंभ

अनंत ज्ञान



**भोरंज।** प्रदेश युवा कांग्रेस डॉक्टर सेल एवं गरीब दास फाउंडेशन द्वारा होली बेसिल हॉस्पिटल, मोहाली तथा भानु हॉस्पिटल, मंडी के सहयोग से शनिवार को भरेड़ी में विशाल नि:शुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 200 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ परामर्श और नि:शुल्क दवाइयों का लाभ उठाया।

शिविर में मेडिसिन, ऑर्थोपेडिक्स, बाल रोग, ईएनटी, फिजियोथेरेपी एवं नेत्र रोग सहित विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉक्टरों ने मरीजों को उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के अनुसार उचित परामर्श दिया तथा जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर गरीब दास फाउंडेशन, भारतीय युवा कांग्रेस डॉक्टर सेल एवं होली बेसिल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में हेल्थ कार्ड का भी शुभारंभ किया गया। इस कार्ड के माध्यम से लाभार्थियों को होली बेसिल हॉस्पिटल की ओपीडी, आईपीडी एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाओं पर 25 प्रतिशत तक की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में एसडीएम भोरंज शशी पाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा अब्दुल खालिक, प्रभारी भारतीय युवा कांग्रेस हमीरपुर, अभिषेक, अध्यक्ष ब्लॉक युवा कांग्रेस भोरंज तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक और स्थानीय लोग भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। गरीब दास फाउंडेशन के अध्यक्ष देवराज ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। वहीं भारतीय युवा कांग्रेस डॉक्टर सेल, हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष एवं गरीब दास फाउंडेशन के निदेशक डॉ. आशीष कुमार ने कहा कि शिविर में लोगों की बड़ी भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों की अत्यधिक आवश्यकता है।

## सोहारी के पास कार व ट्रैक्टर की टक्कर कार चालक घायल

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर उपमंडल के अंतर्गत सलोनी दियोटसिद्ध सड़क मार्ग पर सोहारी के समीप एक मोड़ पर कार और ट्रैक्टर के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिझड़ी ले जाया गया। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर सलौनी से बिझड़ी की ओर जा रहा था, जबकि कार बिझड़ी से सलौनी की तरफ आ रही थी।

सोहारी के पास मोड़ पर दोनों वाहनों की टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक रविंद्र कुमार निवासी सोहारी, जो सब्जी विक्रेता हैं, घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा। बिझड़ी पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई मनोज कुमार बताया कि मामला दर्ज छानबीन शुरू कर दी है।

# डीसी ने जरूरतमंदों को बांटे कपड़े और खिलौने



अनंत ज्ञान

**बड़सर।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी हमीरपुर और उपमंडलीय रेडक्रॉस सोसायटी बड़सर ने शनिवार को मिनी सचिवालय के समीप झुग्गी बस्ती के लोगों और बच्चों को कपड़े व खिलौने वितरित किए। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि अभियान के तहत लोगों से अच्छी स्थिति वाले अनुपयोगी कपड़े और खिलौने एकत्रित किए गए थे, जिन्हें अब जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में एडीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष अभिषेक गर्ग, एसडीएम एवं उपमंडलीय रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष स्वाति डोगरा, सचिव लवकेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इससे पहले उपायुक्त ने मिनी सचिवालय परिसर का निरीक्षण किया और पुस्तकालय में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### कोटली के समीप ब्यास किनारे मिला अज्ञात शव

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला मंडी के कोटली क्षेत्र में ब्यास नदी के किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना कुन-का-तर के समीप सामने आई, जहां स्थानीय लोगों ने नदी किनारे शव पड़ा देखा और इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में मृतक की आयु लगभग 25 से 35 वर्ष के बीच आंकी जा रही है, लेकिन उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, हालांकि कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल नेरचौक भेज दिया गया है। पुलिस गुमशुदगी के मामलों का भी मिलान कर रही है और मृतक की पहचान के साथ-साथ मौत के कारणों का पता लगाने के लिए विभिन्न पहलुओं से जांच आगे बढ़ा रही है।

### जोगिंद्रनगर नप के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने ली शपथ



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नगर परिषद जोगिंद्रनगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह नगर परिषद के मीटिंग हॉल में आयोजित किया गया। समारोह में संतोष कुमारी ने अध्यक्ष एवं प्यार चंद ने उपाध्यक्ष के रूप में विधिवत रूप से पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। उपमंडलाधिकारी (ना.) एवं निर्वाचन अधिकारी मनीष चौधरी ने दोनों पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर नगर परिषद के सभी पार्षद उपस्थित रहे। समारोह में विशेष रूप से जीवन ठाकुर भी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण के उपरांत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने नगर परिषद क्षेत्र के समग्र विकास, बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

### नप सरकाघाट के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष कल लेंगे शपथ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह 20 जुलाई को प्रातः 11:30 बजे नगर परिषद के बैठक कक्ष में आयोजित किया जाएगा। उपमंडलाधिकारी सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि प्रदेश सरकार के शहरी विकास विभाग की अधिसूचना एवं उपायुक्त मंडी के निर्देशों के तहत उन्हें नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाने के लिए अधिकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष पुष्पा देवी तथा उपाध्यक्ष लाल सिंह को समारोह में उपस्थित रहने के लिए औपचारिक सूचना जारी कर दी गई है।

### 23 जुलाई तक जिले में भारी बारिश की चेतावनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी अपूर्व देवगन ने आज यहां बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग के नवीनतम पूर्वानुमान के अनुसार जिला मंडी में 19 जुलाई से 23 जुलाई, 2026 तक प्रतिकूल मौसम रहने की संभावना है। विशेष रूप से 21 जुलाई और 22 जुलाई को वर्षा की तीव्रता बढ़ने की आशंका है। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार 19 जुलाई को येलो अलर्ट, 20 और 23 जुलाई को ऑरेंज अलर्ट, जबकि 21 और 22 जुलाई को रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन दिनों जिले के कुछ स्थानों पर भारी से अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। उपायुक्त ने सभी नागरिकों और पर्यटकों से मौसम की स्थिति को देखते हुए सतर्क रहने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने अनावश्यक यात्रा से बचने, नदियों-नालों, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों तथा उफनते खड्डों से दूर रहने, अस्थिर ढलानों और ओवरफ्लो पुलों को पार न करने की सलाह दी है। साथ ही आपातकालीन स्थिति के लिए आवश्यक सामान, मोबाइल फोन तथा टॉर्च आदि तैयार रखने का भी परामर्श दिया है। उपायुक्त ने सभी विभागों को हाई अलर्ट पर रहने, आवश्यक मशीनरी, आपदा राहत दल एवं जरूरी सेवाओं को तैयार रखने तथा अधिकारियों को बिना पूर्व अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए हैं।

### लोअर चौक में उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग

**अनंत ज्ञान, भौर।** ग्राम पंचायत चौक के लोअर चौक गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग तेज हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने से आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार तक के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। एंबुलेंस के लिए उचित रास्ता न होने से मरीजों, विशेषकर गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाती। ग्रामीणों ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से लोअर चौक में शीघ्र उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य परामर्श, नियमित जांच और आवश्यक दवाइयों की सुविधा पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी। ग्रामीणों का मानना है कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि लोगों को इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का रुख न करना पड़े। स्थानीय निवासी विशाल कुमार, पूर्ण चंद, गुलाबा राम, हितेश कुमार और अभिषेक कुमार ने सरकार से जल्द उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग करते हुए कहा कि इससे पूरे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

### मूल माहूंनाग बखारी कोठी के जन्मदिवस पर लगे भंडारे

**अनंत ज्ञान, महादेव।** मूल माहूंनाग बखारी कोठी के जन्मदिवस के मौके पर शनिवार को जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया।शहरी क्षेत्र अंबेडकरनगर सहित गांव खगराओं ,बग्गी,चरखड़ीआदि माहूंनाग के मंदिर परिसरों में खीर आदि के भंडारे आयोजित किए गए जहां श्रद्धालु लोगों ने दैवी शक्ति का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया।

### एमआईएस पर नई शर्तें बागवानों के साथ अन्याय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश महामंत्री ज्योति कपूर ने मार्केट इंटरवेंशन स्कीम (एमआईएस) के तहत सी-ग्रेड सेब की खरीद पर 30 बोरी की सीमा तय करने के फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे प्रदेश के बागवानों के साथ अन्यायपूर्ण और जनविरोधी निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने चुनाव के दौरान किसानों और बागवानों की आय बढ़ाने के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद उनकी उपज पर ही प्रतिबंध लगाने का काम किया जा रहा है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि जिन बागवानों के पास 30 बोरी से अधिक सी-ग्रेड सेब होगा, वे अपनी शेष उपज कहां बेचेंगे और यदि उपज खराब हो गई तो उसके नुकसान की भरपाई कौन करेगा। ज्योति कपूर ने कहा कि प्रदेश का बागवान पहले ही प्राकृतिक आपदाओं, बदलते मौसम, बढ़ती उत्पादन लागत, महंगे कीटनाशकों, खाद एवं दवाइयों की कीमतों और समय पर भुगतान जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे समय में राहत देने के बजाय नई शर्तें लागू करना बागवानों के हितों के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि सरकार को बागवानों की समस्याओं का समाधान करने और उनकी आय बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए, न कि ऐसे फैसले लेने चाहिए जिनसे उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक प्रभावित हो। ज्योति कपूर ने प्रदेश सरकार से मांग की कि एमआईएस के तहत सी-ग्रेड सेब की खरीद पर लगाई गई 30 बोरी की सीमा को तत्काल वापस लिया जाए तथा सभी पात्र बागवानों की पूरी उपज की खरीद सुनिश्चित की जाए।

### नारला कॉलेज में मनी राम को चुना पीटीए अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में प्राचार्या प्रो. निशा वैद्य की अध्यक्षता में अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की आम बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व पीटीए कार्यकारिणी को विधिवत भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई पीटीए कार्यकारिणी में मनी राम को अध्यक्ष, सुदर्शना को उपाध्यक्ष, प्रो. चंद्रपाल को महासचिव, पवन कुमार को संयुक्त सचिव तथा प्रो. संदीप कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा अमर चंद, रीना देवी, सुनीता देवी, प्रो. पूनम चौधरी, प्रो. अजय कुमार तथा प्रो. हुकम चंद को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी के गठन के तुरंत बाद प्राचार्या प्रो. निशा वैद्य की उपस्थिति में पहली बैठक आयोजित की गई, जिसमें महाविद्यालय के हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। बैठक में कार्यकारिणी ने प्राचार्या को पीटीए की पूर्व स्वीकृति के बिना महाविद्यालय के आवश्यक कार्यों पर 25000 तक व्यय करने का अधिकार प्रदान किया। इसके साथ ही पीटीए के अंतर्गत कार्यरत स्वीपर कुलदीप चंद का मासिक मानदेय 8,500 से बढ़ाकर 10,000 करने का निर्णय लिया गया।

# महापौर ने प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

## अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर तय की विकास की प्राथमिकताएं

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी की महापौर सुमन ठाकुर की अध्यक्षता में शनिवार को नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पहली समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य नगर निगम की कार्यप्रणाली को अधिक जनोन्मुखी, पारदर्शी, उत्तरदायी और परिणाममुखी बनाते हुए आगामी पांच वर्षों की विकास योजनाओं की प्राथमिकताएं तय करना रहा। महापौर सुमन ठाकुर ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान करना प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी का दायित्व है।

उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए नागरिकों को समयबद्ध, सरल और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने का आह्वान किया। बैठक में जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, कार्यालयी कार्यों के समयबद्ध निपटारे, महापौर कार्यालय से प्राप्त टिप्पणियों पर त्वरित कार्रवाई, जन्म, मृत्यु और विवाह प्रमाण पत्रों की प्रक्रिया को सरल बनाने, कार्यालय में आगंतुक पंजीकरण व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नागरिकों के साथ सम्मानजनक और संवेदनशील व्यवहार अपनाने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम), स्वयं सहायता समूहों और कौशल विकास कार्यक्रमों के विस्तार, निर्वाचित पार्षदों के साथ बेहतर समन्वय तथा मंडी को स्वच्छ, सुव्यवस्थित, आधुनिक और आदर्श नगर के रूप में विकसित करने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से सक्रिय सहयोग का आग्रह किया गया। महापौर ने विश्वास व्यक्त किया कि उपमहापौर, सभी पार्षद, अधिकारी और कर्मचारी जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंडी को हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी और छोटी काशी की गरिमा के अनुरूप आदर्श नगर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### नगर निगम मंडी के कर्मचारी संघ ने महापौर और उपमहापौर को पदभार ग्रहण करने पर दी बधाई



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम कर्मचारी संघ मंडी ने नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर सुमन ठाकुर और उपमहापौर जितेंद्र शर्मा को पदभार ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। संघ के अध्यक्ष हरीश कुमार शर्मा और उपप्रधान मदन लाल ठाकुर ने संयुक्त बयान में कहा कि नई नेतृत्व टीम के कार्यकाल में कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों और विभिन्न समस्याओं का समयबद्ध एवं सकारात्मक समाधान होगा। इस अवसर पर महापौर सुमन ठाकुर ने कर्मचारी हितों से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। कर्मचारी संघ ने इस आश्वासन का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि कर्मचारियों से जुड़े सभी विषयों पर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। संघ ने महापौर और उपमहापौर के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उनके प्रति आभार भी व्यक्त किया।

# जुब्बल में बालिका शतरंज खेल छात्रावास खोलने के निर्णय का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा टीआरएल स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स, जुब्बल में राज्य स्तरीय बालिका शतरंज खेल छात्रावास स्थापित करने के निर्णय का जिला मंडी शतरंज संघ ने स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक पहल बताया है। अधिसूचना के अनुसार 21 जुलाई को चयन ट्रायल आयोजित होंगे। जिला मंडी शतरंज संघ की बैठक में अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष जीतराम ठाकुर, महासचिव राजकुमार शर्मा, प्रवक्ता हंसराज ठाकुर, कोषाध्यक्ष श्याम लाल, सहसचिव नीरज शर्मा तथा दिलीप सिंह चौहान उपस्थित रहे। महासचिव राजकुमार शर्मा ने कहा कि इससे हिमाचल उन राज्यों में शामिल हो गया है, जहां पहली बार सरकारी खेल छात्रावास में शतरंज को स्थान मिला है।

◆ **जिला मंडी शतरंज संघ ने की सराहना**

चयनित खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आवास, भोजन तथा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रवक्ता एवं राज्य कन्वीनर हंसराज ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में शतरंज तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और इसे विद्यालय स्तर पर बढ़ावा देने में शिक्षा निदेशक (स्कूल) आशीष कोहली तथा एडीपीईओ मुख्यालय संतोष चौहान का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इससे पहले हिमाचल प्रदेश राज्य शतरंज संघ के महासचिव एवं अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के संयुक्त सचिव संजीव ठाकुर ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से भेंट कर आभार व्यक्त किया और विश्व शतरंज दिवस पर शिमला में आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

# हजारों किसानों को सामूहिक बागवानी के लिए किया प्रेरित : डॉ. कर्म सिंह

## उद्यान प्रसार अधिकारी बोले-फल उत्पादन से किसानों की आर्थिकी हुई मजबूत

अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान — मुलाकात जो बदले हालात

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** उद्यान विभाग किसानों को आधुनिक कृषि एवं बागवानी अपनाने के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रहा है। विभाग जहां पावर टिलर, स्प्रे पंप, ब्रश कटर और चेन सॉ पर 50 प्रतिशत, पॉलीहाउस पर 85 प्रतिशत तथा मधुमक्खी पालन पर 80 प्रतिशत अनुदान प्रदान कर रहा है, वहीं किसानों को सामूहिक बागवानी के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न प्रकार के फलदार पौधों का रोपण कर किसानों की आय में वृद्धि करना और उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाना है। उद्यान प्रसार अधिकारी डॉ. कर्म सिंह ने बताया कि विभाग ने शिवा परियोजना के अंतर्गत पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर हजारों किसानों को सामूहिक बागवानी से जोड़ा है। इस परियोजना के तहत हजारों बीघा भूमि पर फलदार पौधों का विकास किया गया है। ग्राम पंचायत पलाहोटा, जय देवी, डोलधार, कलाहोड़, सिहली और खुराहल सहित कई क्षेत्रों में प्लम, लीची, अमरूद, मौसमी और जापानी फल के पौधे लगाए गए हैं। वर्तमान में जापानी फल का उत्पादन शुरू हो चुका है, जबकि कलाहोड़ पंचायत के किसान अमरूद और जय देवी पंचायत के खगराओं गांव के किसान प्लम बेचकर अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं।

◆ **शिवा परियोजना के तहत कई पंचायतों में विकसित किए नए बाग-बगीचे**

### अब छोटे एफएलडी क्लस्टर भी किए जा रहे विकसित

डॉ. कर्म सिंह ने बताया कि बड़े क्लस्टर के लिए सामान्यतः 100 से 150 बीघा भूमि की आवश्यकता होती है, लेकिन अब छोटे एफएलडी क्लस्टर भी विकसित किए जा रहे हैं। इसमें 60 से 70 बीघा भूमि पर भी किसान सामूहिक बागवानी कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत उद्यान विभाग चार से पांच वर्षों तक पौधरोपण, रखरखाव, तकनीकी मार्गदर्शन, वैज्ञानिकों के भ्रमण और अन्य आवश्यक सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराता है। बाग पूरी तरह तैयार होने के बाद इसे किसानों को सौंप दिया जाता है ताकि वे इसका दीर्घकालिक लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए आम, लीची, अमरूद, नींबू, गलगल, मौसमी, कटहल और आंवला सहित विभिन्न फलदार पौधों की खेप 21 और 22 जुलाई को सुंदरनगर स्थित उद्यान विभाग में पहुंचेगी। इन पौधों की आवंटन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और किसान इन्हें सरकारी नर्सरियों तथा पंजीकृत निजी नर्सरियों के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे।

# चार डॉक्टरों के नियुक्ति आदेश होने के बाद भी नहीं माने आंदोलनकारी

## बोले- संधोल अस्पताल में ज्वाइनिंग तक जारी रहेगा अनशन

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर चल रहा जनआंदोलन शनिवार को 21वें दिन भी जारी रहा। मुख्यमंत्री की ओर से अस्पताल के लिए चार चिकित्सकों की नियुक्ति के आदेश जारी होने के बावजूद आंदोलनकारियों ने स्पष्ट कर दिया कि जब तक सभी चिकित्सक अस्पताल में कार्यभार ग्रहण नहीं कर लेते, तब तक क्रमिक अनशन जारी रहेगा। आंदोलन के 21वें दिन शैलजा ठाकुर, वंदना ठाकुर, सरला देवी, श्रुति ठाकुर, राजकुमारी, अनुराग और भूप सिंह क्रमिक अनशन पर बैठे।

वहीं, इस बीच डॉ. कविता ने शनिवार को अस्पताल में कार्यभार संभाल लिया। आंदोलनकारियों ने इसका स्वागत करते हुए कहा कि यह अच्छी शुरुआत है, लेकिन अभी रेडियोलॉजिस्ट और स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ (गायनी) सहित अन्य आवश्यक विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती होना बाकी है। युवाशक्ति के अध्यक्ष अविनाश भनवाल ने कहा कि संगठन सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों पर लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने शेष मांगों को भी जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है। साथ ही चार चिकित्सकों की नियुक्ति के आदेश जारी करने पर मुख्यमंत्री और स्थानीय विधायक का आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि पिछले 21 दिनों से क्षेत्र की जनता शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपने स्वास्थ्य अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही है। जब तक सभी विशेषज्ञ चिकित्सक अस्पताल में कार्यभार ग्रहण नहीं कर लेते और जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित नहीं हो जातीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। भनवाल ने बताया कि 22 जुलाई से प्रस्तावित आमरण अनशन को फिलहाल स्थगित करने पर संगठन के भीतर चर्चा चल रही है। इस संबंध में अंतिम निर्णय रविवार तक ले लिया जाएगा।

### अब तक क्या हुआ ?

- **शनिवार** को आंदोलन का 21 वां दिन रहा।
- **प्रदेश** सरकार ने चार डॉक्टरों की नियुक्ति के आदेश जारी किए।
- **डॉ.** कविता ने अस्पताल में कार्यभार संभाला।
- **रेडियोलॉजिस्ट** और गायनी विशेषज्ञ की तैनाती अभी बाकी।
- **22** जुलाई से प्रस्तावित आमरण अनशन पर आज होगा अंतिम फैसला।

# चौहारघाटी के खिलाड़ी बने कुराश चैंपियन

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जीते 12 स्वर्ण और 4 रजत पदक

अनंत ज्ञान



**कविता, पधर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुंदरनगर में 17 जुलाई को आयोजित जिला स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में चौहारघाटी की टिक्कर पंचायत के 16 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 12 स्वर्ण और 4 रजत पदक जीतकर समूची चौहारघाटी का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के दम पर चौहारघाटी की टीम ने इस वर्ष की जिला स्तरीय कुराश चैंपियनशिप अपने नाम की। प्रतियोगिता में अर्चना ने 27 किलोग्राम, दीपिका ने 32 किलोग्राम, काव्या ने 36 किलोग्राम, जीविका ने 40 किलोग्राम, अलीशा ने 45 किलोग्राम, यशवी ने 52 किलोग्राम, हिमानी ने 64 किलोग्राम, हिमांशु ने 45 किलोग्राम, ईशान ने 30 किलोग्राम, पूर्व ने 25 किलोग्राम, प्रदीप ने 28 किलोग्राम तथा यश ने 35 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं श्वेता, तन्वी, दिव्या और अलीशा ने अपने-अपने भार वर्ग में रजत पदक जीतकर टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर टीम के कोच जोगिन्दर सिंह ने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना करते हुए इस उपलब्धि का श्रेय खिलाड़ियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों ने कठिन परिश्रम और नियमित अभ्यास के बल पर यह शानदार सफलता अर्जित की है, जिससे पूरे चौहारघाटी क्षेत्र में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने उन्हें तथा उनके कोच को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### दसवीं कक्षा की पुनर्मूल्यांकन परीक्षा का परिणाम घोषित

# लॉर्ड्स कॉन्वेंट की 3 छात्राएं टॉप 15 में शामिल

अनंत ज्ञान




**सरकाघाट।** लॉर्ड्स कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल सरकाघाट ने 10वीं कक्षा के पुनर्मूल्यांकन के बाद घोषित परिणामों में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल की तीन छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश की टॉप 15 मैरिट सूची में स्थान प्राप्त कर स्कूल और अभिभावकों का गौरव बढ़ाया है।टॉप करने वाली छात्राएं निवेदिता गुप्ता ने 690/700 अंक लेकर हिमाचल प्रदेश में 10वां स्थान ध्रुविका ठाकुर ने 689/700 अंक लेकर 11वां स्थान विभूति शर्मा ने 686/700 अंक लेकर 14वां स्थान अर्जित किया है। स्कूल प्रबंधन ने सभी सफल छात्राओं को हार्दिक बधाई दी है। स्कूल की प्रिंसिपल सपना ठाकुर और चेयरमैन बलवंत सिंह बरारी ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल सदैव बेहतरीन शैक्षणिक परिणाम देने के लिए जाना जाता है और आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहेगा।स्कूल ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# रोटरी क्लब मंडी ने नारायण दास को भेंट की व्हीलचेयर

अनंत ज्ञान



**राजेंद्र राजन, जयदेवी।** रोटरी क्लब मंडी ने समाजसेवी परमानंद व योग गाइड राजेंद्र कुमार के माध्यम से विकासखंड धनोटू की ग्राम पंचायत घीड़ी, गांव बरनोग निवासी नारायण दास को व्हीलचेयर भेंट की। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष तारा देवी सेन सहित क्लब सदस्य कौशलेश कपूर, सुरेंद्र मोहन, हेमराज शर्मा, मनोहर लाल गुप्ता, धर्मेंद्र राणा, जयराम कौंडल और लता गुप्ता उपस्थित रहे। अध्यक्ष तारा देवी सेन ने कहा कि क्लब भविष्य में भी क्षेत्र में समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाता रहेगा और आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। तत्पश्चात समाजसेवी परमानंद व योग गाइड राजेंद्र कुमार ने प्रेस क्लब महादेव के अध्यक्ष भीम सिंह व ग्राम पंचायत घीड़ी की प्रधान मीना चौहान की उपस्थिति में नारायण दास को व्हीलचेयर सुपुर्द की। नारायण दास पिछले करीब नौ महीनों से बिस्तर पर हैं। दुर्घटना में उनकी रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर होने के कारण वह चलने-फिरने में असमर्थ हैं।

नारायण दास की दयनीय स्थिति को लेकर अनंत ज्ञान के माध्यम से भी समाचार प्रकाशित किया गया था। समाचार से प्रेरित होकर समाजसेवी परमानंद ने डॉ. हेमलता के माध्यम से रोटरी क्लब मंडी से संपर्क किया और क्लब के सहयोग से नारायण दास को व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई।

**स्पोर्ट्स** — व्हीलचेयर क्रिकेट खेल समावेशी खेल संस्कृति का सशक्त माध्यम

# यूपी चैलेंजर्स ने पंजाब टाइटन्स को 96 रन से हराया

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, मंडी।** युवा (YouVAH) एनजीओ हिमाचल प्रदेश ने छठी डब्ल्यूसीएफआई व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप-2026 को समावेशी समाज और समान अवसरों की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया है। एनजीओ के अनुसार संस्था युवाओं की ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सरोकारों और सेवा कार्यों से जोड़ने के साथ-साथ दिव्यांग खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। व्हीलचेयर क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूसीएफआई) की ओर से आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का शुभारंभ ओलंपियन, अर्जुन पुरस्कार विजेता एवं पंजाब सिविल सेवा अधिकारी रूपिंदर पाल सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि खेलों में समान अवसर और समावेशिता को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है तथा व्हीलचेयर क्रिकेट इसका सशक्त उदाहरण है। प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में यूपी चैलेंजर्स ने पंजाब टाइटन्स को 96 रन से पराजित किया।

यूपी चैलेंजर्स के जय देव ने 47 गेंदों में नाबाद 105 रन बनाए और गेंदबाजी में दो विकेट भी हासिल किए। प्रतियोगिता के विक्ट्री प्रिल्यूड कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों का संघर्ष और आत्मविश्वास पूरे समाज के लिए प्रेरणा है। युवा (YouVAH) एनजीओ के मीडिया समन्वयक ठाकुर दीक्षित धलारिया ने बताया कि संस्था इस आयोजन से जुड़कर दिव्यांग खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच दिलाने और समाज में समावेशी खेल संस्कृति को मजबूत करने का कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन यह संदेश देते हैं कि दृढ़ इच्छाशक्ति, मेहनत और समर्पण के सामने कोई भी शारीरिक बाधा बड़ी नहीं होती। संस्था का उद्देश्य दिव्यांग खिलाड़ियों की प्रतिभा को व्यापक पहचान दिलाना, उन्हें सम्मानजनक अवसर उपलब्ध कराना तथा समाज में समानता और समावेशिता की भावना को और अधिक मजबूत करना है।

◆ **युवा एनजीओ डब्ल्यूसीएफआई व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप में सहयोगी संस्था के रूप में निभा रही अहम भूमिका**

'जो अकारण अनुराग होता है उसकी प्रतिक्रिया नहीं होती है, क्योंकि वह तो स्नेहयुक्त सूत्र है जो प्राणियों को भीतर-ही-भीतर (हृदय में) सी देती है।

-उत्तररामचरित

## संपादकीय

# आर्थिक सुधार का अवसर

हिमाचल प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों के लिए फाइव-डे वीक लागू करने की मांग वर्षों से कर्मचारी संगठन उठाते रहे हैं, लेकिन अब यह मुद्दा गंभीर बहस का विषय बन चुका है। राज्य सचिवालय सेवाएं महासंघ की ओर से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष यह मांग दोबारा प्रमुखता से रखने के बाद इस पर चर्चा तेज हो गई है। ऐसे समय में जब हिमाचल अभूतपूर्व आर्थिक दबाव से गुजर रहा है और सरकार सीमित संसाधनों में विकास की राह तलाश रही है, तब इस प्रस्ताव को केवल कर्मचारियों की सुविधा के नजरिए से नहीं वरन प्रशासनिक दक्षता, वित्तीय अनुशासन और राज्य के समग्र हित के दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए।

पांच दिन का कार्य सप्ताह बेशक छुट्टियां बढ़ाने की मांग प्रतीत होता हो, लेकिन यदि इसे व्यवहारिक और वैज्ञानिक ढंग से लागू किया जाए तो इसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। विभिन्न आकलनों के अनुसार, यदि प्रदेश में यह व्यवस्था लागू होती है तो सरकारी कार्यालयों में बिजली, पानी, रखरखाव, ईंधन और अन्य संचालन संबंधी खर्चों में उल्लेखनीय कमी आएगी। अनुमान है कि राज्य सरकार को हर वर्ष लगभग 100 करोड़ रुपए तक की बचत हो सकती है। आर्थिक संकट से जूझ रहे हिमाचल के लिए यह राशि छोटी नहीं है। यह धन शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कों, पेयजल योजनाओं अथवा अन्य विकास परियोजनाओं में लगाया जा सकता है।

वर्तमान में हिमाचल की आर्थिक स्थिति किसी से छिपी नहीं है। सीमित राजस्व, बढ़ते व्यय और ऋण के बोझ ने सरकार की वित्तीय क्षमता को प्रभावित किया है। ऐसे में यदि प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से बिना किसी अतिरिक्त कर बोझ के बचत का रास्ता निकलता है तो उसका स्वागत किया जाना चाहिए। सरकार यदि खर्चों में कटौती करते हुए सेवाओं की गुणवत्ता भी बनाए रख सके तो यह सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। हालांकि, केवल छुट्टियां बढ़ा देना समाधान नहीं है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या सरकारी कार्य प्रभावित होंगे? इसका उत्तर कर्मचारियों की ओर से सुझाए गए प्रस्ताव में छिपा है।

कर्मचारी संगठनों ने स्वयं कार्य अवधि बढ़ाने की बात कही है। यदि कार्यालय सुबह साढ़े नौ बजे से शाम साढ़े पांच या छह बजे तक संचालित होते हैं तो पूरे सप्ताह के कार्य घंटे लगभग समान रहेंगे। इससे न केवल कार्य दिवसों की भरपाई होगी, बल्कि कार्यालयों में समयबद्ध कार्य संस्कृति विकसित करने का अवसर भी मिलेगा। आवश्यकता इस बात की है कि कार्य के घंटे बढ़ने के साथ-साथ जवाबदेही और उत्पादकता भी बढ़े।

दरअसल, आज की प्रशासनिक व्यवस्था केवल कार्यालय में उपस्थित रहने से नहीं अपितु परिणाम देने से आंकी जाती है। डिजिटल सेवाओं, ई-ऑफिस और ऑनलाइन प्रक्रियाओं के विस्तार के इस दौर में कार्यकुशलता का महत्व पहले से अधिक बढ़ गया है। यदि कर्मचारी निर्धारित समय में अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करें और अनावश्यक विलंब की प्रवृत्ति समाप्त हो तो पांच दिवसीय कार्य सप्ताह किसी भी दृष्टि से बाधा नहीं बनेगा।

इस व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण पहलू यातायात और पर्यावरण से भी जुड़ा है। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई शहरों में कार्यदिवसों के दौरान भारी ट्रैफिक दबाव रहता है। हजारों सरकारी वाहन और निजी वाहन प्रतिदिन सड़कों पर उतरते हैं, जिससे जाम, प्रदूषण और ईंधन की खपत बढ़ती है। यदि सप्ताह में एक दिन कार्यालय बंद रहते हैं तो स्वाभाविक रूप से वाहनों की आवाजाही कम होगी। इससे ईंधन की बचत, प्रदूषण में कमी और लोगों को यातायात संबंधी परेशानियों से राहत मिल सकती है। यह लाभ केवल सरकार तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि आम नागरिक भी इसका अनुभव करेंगे। हिमाचल की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख आधार पर्यटन है। सप्ताहांत में देशभर से बड़ी संख्या में पर्यटक हिमाचल आते हैं। यदि सरकारी कर्मचारियों सहित अन्य वर्गों को लगातार दो दिन का अवकाश मिलता है तो घरेलू पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सकता है।

होटल उद्योग, परिवहन, रेस्तरां, हस्तशिल्प और छोटे व्यापारियों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। पर्यटन में बढ़ोतरी का अर्थ है स्थानीय रोजगार के नए अवसर और सरकार के लिए अतिरिक्त राजस्व। इसलिए इस प्रस्ताव को पर्यटन उद्योग के संदर्भ में भी सकारात्मक रूप से देखा जा सकता है। फिर भी इस व्यवस्था को लागू करने से पहले कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर गंभीर विचार आवश्यक है। ऐसे विभाग, जिनकी सेवाएं चौबीसों घंटे या लगातार उपलब्ध रहनी चाहिए, जैसे स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशमन, आपदा प्रबंधन, बिजली, जलापूर्ति और परिवहन, उनके लिए अलग कार्य प्रणाली बनानी होगी। जनता की सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं आनी चाहिए।

## आज की प्रमुख हस्ती

### स्वतंत्रता संग्राम की पहली चिंगारी

**भारतीय** स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में मंगल पांडे का नाम अदम्य साहस, देशभक्ति और बलिदान के प्रतीक के रूप में अमर है। उन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की ऐसी चिंगारी प्रज्वलित की, जिसने अंग्रेजी शासन की नींव को हिला दिया। उनका जीवन मातृभूमि के लिए समर्पण और संघर्ष की प्रेरक गाथा है।



**मंगल पांडे**
जन्म : 19 जुलाई, 1827
मृत्यु : 8 अप्रैल, 1857

मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई 1827 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नगवा गांव में हुआ था। वे ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना की 34वीं बंगाल नेटिव इन्फैंट्री में सिपाही थे। उस समय भारतीय सैनिक अंग्रेजों के भेदभावपूर्ण व्यवहार और अत्याचारों से असंतुष्ट थे। एनफील्ड राइफल के कारतूसों में गाय और सूअर की चर्बी होने की खबर ने सैनिकों के आगोश को और बढ़ा दिया। 29 मार्च 1857 को बैरकपुर छावनी में मंगल पांडे ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंक दिया। उन्होंने अन्य सैनिकों को भी अन्याय के विरुद्ध खड़े होने का आह्वान किया। उनकी वीरता ने भारतीयों के मन में स्वतंत्रता की भावना को मजबूत किया और 1857 के व्यापक विद्रोह का मार्ग प्रशस्त किया।

अंग्रेज सरकार ने मंगल पांडे को गिरफ्तार कर सैन्य अदालत में मुकदमा चलाया। उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई और 8 अप्रैल 1857 को बैरकपुर में उन्हें फांसी दे दी गई। उन्होंने अंतिम समय तक अपने साथियों के नाम बताने से इनकार किया और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा।

मंगल पांडे का बलिदान भारतीय इतिहास में एक अमिट अध्याय है। उनकी शहादत ने देशवासियों को आजादी के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी। वे केवल 1857 के विद्रोह के नायक नहीं, बल्कि स्वतंत्रता की उस पहली मशाल के वाहक थे, जिसने आगे चलकर पूरे देश को आजादी की राह दिखाई। उनका नाम भारत के वीर सपूतों में सदैव सम्मान के साथ लिया जाएगा।



कविता

### सावन आया

वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन, सेवानिवृत्त प्रवक्ता
ऊना (हिमाचल प्रदेश)

**रवि** मंडल के शुभ्र गोल में पीत-विभा थी झांक रही,
'सावन आया'....मेघ गर्जना फिर अपने को आंक रही,
बीती बातें, मिटते वादे...अब तो बादल बरस पड़े,
धरती की गर्मी की सांसों पर मयूर गण तरस पड़े।
कृषक संगिनी की आंखें थीं देख रही मेघों की माला,
बुनती जाती थी जो प्रतिपल अभिनव जल का सुंदर जाला,
उमड़-घुमड़ कर घन में फिरते देख मयूरी नाचे जाती,
नाचे नृत्य मय मोर भी सुनी प्रिया जब मधुमय गाती।

# शिवधाम बैजनाथ, जहां सावन में उमड़ता है आस्था का सैलाब

देवभूमि हिमाचल प्रदेश में चप्पे-चप्पे पर अनेकों पुरातन एवं ऐतिहासिक धार्मिक स्थल हैं,जो किसी न किसी किंवदंतियों अथवा जनश्रुतियों से जुड़े हुए हैं। यहां के नित नए मेले-उत्सव व त्योहार यहां की पुरातन सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपराओं से जुड़े हुए हैं। वैसे भी इस देवभूमि में अनेको देवी-देवताओं व ऋषि-मुनियों का वास रहा है। इसी कड़ी में पठानकोट से 132 किलोमीटर, धर्मशाला-मंडी राज मार्ग पर धर्मशाला से लगभग 56 किलोमीटर, पालमपुर से 16 किलोमीटर तथा समुद्र-तल से ऊंचाई 1250 पर अवस्थित बैजनाथ मंदिर देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए अटूट आस्था, श्रद्धा व विश्वास का केंद्र है।



**तुलसी राम डोगरा**
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

वर्षभर यहां आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। माघ कृष्ण चतुर्दशी को यहां विशाल मेला लगता है, जिसे 'तारा रात्रि' के नाम से जाना जाता है और इसके अतिरिक्त महाशिवरात्रि और वर्षा ऋतु यानी श्रवण मास में बैजनाथ मंदिर में शिवभक्तों का उमड़ता महासैलाब तो देखते ही बनता है। पुरातत्व विभाग के संरक्षण में यह मंदिर देश के कोने-कोने से शिवभक्तों को आकर्षित करता है। बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक बैजनाथ धाम भी है। 9वीं शताब्दी में निर्मित शिखराकार शैली के इस मंदिर में पुरातन शिवलिंग का पूजन होता है। बैजनाथ का प्राचीन नाम कीरग्राम था। मंदिर से प्राप्त शिलालेखों के अनुसार, मयुक और आहुक नाम के दो व्यापारियों ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था। जनश्रुति अनुसार, 1776-1824 में राजा संसार चंद कटोच ने अपने शासनकाल में इस मंदिर की थोड़ी बहुत मरम्मत करवाई थी। बैजनाथ मंदिर की पौराणिक कथा अनुसार, त्रेतायुग में चार वेदों के ज्ञाता रावण ने हिमालय के कैलाश पर्वत पर शिवजी के निमित्त तपस्या की। कोई फल न मिलने पर रावण ने पुन: घोर तपस्या प्रारंभ की। अंत में उसने अपना एक-एक सिर काटकर हवन कुंड में आहुति देकर शिव को अर्पित करना शुरू किया। दसवां और अंतिम सिर कट जाने से पहले शिवजी ने प्रसन्न होकर रावण का हाथ पकड़ लिया। भगवान शिव ने उसके सभी सिरों को पुनर्स्थापित कर जाने से पूर्व शिवजी ने रावण को वर मांगने को कहा। रावण ने कहा 'मैं आपके शिवलिंग स्वरूप को लंका में स्थापित करना चाहता हूं। आप दो भागों में अपना स्वरूप दें और मुझे अत्यंत बलशाली बना दें।' शिवजी ने तथास्तु कहा और लुप्त हो गए। लुप्त होने से पूर्व शिवजी ने अपने शिवलिंग स्वरूप दो चिन्ह रावण



को देने से पहले कहा कि इन्हें जमीन पर मत रखना। जब रावण लंका को चला और रास्ते में गौकर्ण क्षेत्र यानी बैजनाथ में पहुंचा तो उसे लघु शंका लगी।

किंवदंतियों अनुसार, उसने बैजु नाम के ग्वाले को सब बात समझा कर शिवलिंग पकड़ा दिए और लघुशंका निवारण के लिए चला गया, शिवजी की माया के कारण बैजु उन शिवलिंगों के वजन को अधिक देर न सह सका और उसने उन्हें धरती पर रख दिया और अपने पशु चराने चला गया। इस प्रकार दोनों शिवलिंग वही स्थापित हो गए। जिस मंजूषा में रावण ने दोनों शिवलिंग रखे थे उस मंजूषा के सामने जो शिवलिंग था वह चंद्रभाल के नाम से प्रसिद्ध हुआ और जो पीठ की ओर था वह बैजनाथ के नाम से जाना गया। सावन माह में बैजनाथ का समस्त क्षेत्र आस्था और देवतुल्य शिवमय से सराबोर हो जाता है। सावन माह के बाहर प्रांगण व अंदर विराजमान शंकर भगवान का शिवलिंग,नंदी व अन्य कलात्मक और भव्य मूर्तियां एक अलग ही श्रद्धा की अनुभूति कराती हैं, जिनके आगे भक्तजन नतमस्तक हुये बगैर नहीं रह सकते। इस बार बैजनाथ शिव मंदिर में सावन के चार सोमवार होंगे जोकि 20 जुलाई से दस अगस्त के मध्य तक चलेंगे। किंवदंतियों के अनुसार, भगवान शिव को सावन का महीना अत्यधिक प्रिय है। वैसे भी शिव भगवान सर्वव्यापी हैं। सावन माह में बैजनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ता है। इस अवसर पर 10 दिनों तक भव्य मेलों का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर भक्तजन दूर-दूर से पहुंच कर शिव -स्तुति की महिमा का गुणगान कर भक्ति सागर में डूब जाते हैं,वहीं मेले में लगे स्टॉल से खरीदारी व चहलकदमी कर आनंदित हो जाते हैं।

सावन माह में बैजनाथ शिव मंदिर का धार्मिक महत्व अत्यंत विशेष माना जाता है। जनश्रुति के अनुसार, सावन सोमवार के व्रत और भगवान शिव की आराधना से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। नि:संतान महिलाएं, विवाह में बाधा झेल रही कन्याएं तथा श्रद्धालु इस पवित्र महीने में शिव पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त करने की कामना करते हैं। सावन में शिवलिंग का जलाभिषेक, बिल्वपत्र अर्पण और खीर गंगा घाट में स्नान की परंपरा सदियों से चली आ रही है। बैजनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए जलाभिषेक, दर्शन, आरती और लंगर की विशेष व्यवस्थाएं की जाती हैं। मंदिर परिसर फूलों और रोशनी से सजाया जाता है, जिससे वातावरण भव्य और आध्यात्मिक हो उठता है। प्रशासन, पुलिस और मंदिर न्यास श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उचित प्रबंध करते हैं।

बैजनाथ पहुंचने के लिए सड़क, रेल और बस सेवाएं उपलब्ध हैं। मंदिर के आसपास विश्राम गृह और होटल सुविधाएं मौजूद हैं, जहां से हिमालयी प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया जा सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# विचारों की शुद्धता से ही संभव है 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत'

हम अक्सर भ्रष्टाचार की चर्चा करते हैं। समाचारों में घोटालों की सुर्खियां पढ़ते हैं, रिश्वतखोरी पर आक्रोश व्यक्त करते हैं, नेताओं और अधिकारियों को दोषी ठहराते हैं और यह मान लेते हैं कि भ्रष्टाचार केवल धन के लेन-देन तक सीमित है, परंतु क्या कभी हमने स्वयं से यह प्रश्न पूछा है कि रिश्वत लेने वाला हाथ पहले भ्रष्ट हुआ था या उससे पहले उसका मन? क्या किसी घोटाले की शुरुआत तिजोरी से होती है, या उससे बहुत पहले विचारों में जन्म लेती है?



**डॉ. अंकिता चौधरी**
(सह-प्राध्यापक) अभिलाषी विश्वविद्यालय, मंडी (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सच तो यह है कि हर आर्थिक भ्रष्टाचार की पहली ईंट विचारों के भ्रष्टाचार से रखी जाती है। जब मनुष्य का विवेक स्वार्थ के सामने झुक जाता है, जब सत्य सुविधा के सामने हार जाता है, जब चरित्र लाभ के सामने बिक जाता है, तभी भ्रष्टाचार जन्म लेता है। इसलिए यदि हमें भ्रष्टाचार का वास्तविक उपचार खोजना है, तो उसकी जड़ तक पहुंचना होगा और वह जड़ है विचारों की भ्रष्टता। उपनिषदों में कहा गया है-'यद्भावं तद्भवति' अर्थात जैसे विचार होंगे, वैसा ही जीवन बनेगा। मनुष्य पहले विचारों में निर्माण करता है, फिर वही विचार उसके कर्मों में उतरते हैं और अंतत: समाज तथा राष्ट्र का चरित्र बन जाते हैं।

यदि विचारों में लोभ, छल, घृणा और अहंकार होगा तो व्यवस्था कितनी भी मजबूत क्यों न हो, वह अंतत: खोखली हो जाएगी। आज भारत केवल आर्थिक या तकनीकी परिवर्तन के दौर से नहीं गुजर रहा, बल्कि वैचारिक संक्रमण के दौर से भी गुजर रहा है। सूचना का विस्फोट हुआ है, लेकिन विवेक का विस्तार उतनी गति से नहीं हुआ। सोशल मीडिया ने हर व्यक्ति को अभिव्यक्ति का मंच दिया है, परंतु उसी मंच पर असत्य, कटुता, अफवाह, चरित्र-हनन और नफरत भी अभूतपूर्व गति से फैल रही है। दुखद यह है कि झूठ अब केवल बोला नहीं जाता, उसे




योजनाबद्ध ढंग से फैलाया भी जाता है। जब असत्य को बार-बार दोहराया जाता है, तब वह अनेक लोगों के लिए सत्य जैसा प्रतीत होने लगता है। यही वैचारिक भ्रष्टाचार का सबसे खतरनाक रूप है। आज समाज में सबसे बड़ी त्रासदी यह नहीं कि लोग गलतियां करते हैं; सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि लोग अपनी गलतियों को सही सिद्ध करने लगे हैं। ईमानदारी को मूर्खता और छल को चतुराई समझा जाने लगा है। सफलता का मापदंड चरित्र नहीं, केवल परिणाम बनता जा रहा है। ऐसी मानसिकता में भ्रष्टाचार अपवाद नहीं रहता, बल्कि सामान्य व्यवहार बन जाता है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व केवल कानूनी शब्द नहीं हैं; वे शुद्ध विचारों की अभिव्यक्ति हैं। जब हम जाति, धर्म, भाषा या राजनीतिक मतभेद के आधार पर एक-दूसरे के प्रति घृणा पालते हैं, तब हम केवल सामाजिक सौहार्द नहीं तोड़ते, बल्कि संविधान की आत्मा को भी कमजोर करते हैं। भ्रष्टाचार के विरुद्ध वास्तविक संघर्ष व्यक्ति के अंत:करण से शुरू होता है। लोकतंत्र नागरिकों की नैतिक चेतना, जिम्मेदारी और ईमानदार व्यवहार से जीवित रहता है। राजनीति का मूल उद्देश्य समाज सेवा होना चाहिए, न कि केवल सत्ता प्राप्त करना। भ्रष्टाचार केवल सरकारी तंत्र की समस्या नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक व्यवहार से भी जुड़ा है। जब हम नियमों को अपने लिए कमजोर समझते हैं, बिना जांचे सूचनाएं फैलाते हैं या सफलता को केवल धन और पद से आंकते हैं, तब हम भी इस समस्या को बढ़ावा देते हैं। कानून, कठोर दंड और पारदर्शिता आवश्यक हैं, लेकिन स्थायी समाधान के लिए नैतिक मूल्यों और विचारों की शुद्धता जरूरी है।

एक महान राष्ट्र केवल आर्थिक विकास, इमारतों और तकनीकी प्रगति से नहीं बनता, बल्कि ईमानदार, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिकों से बनता है। नई पीढ़ी को सफलता के साथ सत्य, करुणा, कर्तव्य और चरित्र का महत्व भी सिखाना होगा। भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना तभी साकार होगा, जब हर व्यक्ति अपने आचरण में ईमानदारी को अपनाएगा।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# जब सवाल अनसुने रह जाएं और व्यवस्था मौन हो जाए, तब किसे फर्क पड़ता है?

इक्कीस दिन से देश का एक चिंतक, शिक्षक एवं वैज्ञानिक अपनी ही देश की सरकार से बात करने के निवेदन पर अनशन पर है । साढ़े आठ किलो वजन गिर जाने से मांसपेशियों में भी अब दर्द हो रहा है, लेकिन उनसठ साठ साल के इस व्यक्ति की इच्छा शक्ति पहाड़ सी मजबूत है। मुद्दा राजनीति की भेंट चढ़ रहा है, ऐसा लगता है कि अहिंसक आंदोलन अब बेमानी हो गए हैं। लेकिन किसे फर्क पड़ता है।



**डॉ. दमन आहूजा**
जन स्वास्थ्य एवं सामुदायिक विकास विशेषज्ञ

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

राम मंदिर बनाने के नाम पर आस्था के अंतिम कण को चूस लिया गया था कि सबको एक जुट होने की जरूरत है। अब जब महीना होने को है कोई भी स्टीक ब्यौरा सामने नहीं आया है कि कितनी चोरी हुई, किसकी जवाबदेही तय की जाए, कोई बात करने को तैयार नहीं है। ये अच्छी तरकीब है कि जो जितना ज्वलंत मुद्दा हो उसे उतना ही उपेक्षित कर दिया जाए। जनता है, धीरे धीरे भूल जाएगी। किसे फर्क पड़ता है? देश में एक विशेष पार्टी के अंदर तमाम प्रबुद्धजन होने के बावजूद एक टीशर्ट धारी व्यक्ति को विपक्ष का चेहरा बनाकर पेश कर दिया जाता है जो अचूक सवाल पूछने की न कुव्वत रखता है, न सरकार को सही मुद्दों पर घेरने की तैयारी। किसे फर्क पड़ता है?

भ्रष्टाचार खत्म करने के नाम से शुरू हुई मुहिम में लाखों करोड़ों युवाओं ने हिस्सेदारी दिखाई, सरकार बनी और अपने ही अनैतिक मुद्दों पर भ्रष्ट करार दे दी गई। उम्मीद की एक छोटी सी किरण जो स्वच्छ एवं पारदर्शी व्यवस्था की जागी थी टिमटिमा कर बुझ गई। किसे फर्क पड़ता है?

देश के चौथे लोकतंत्र के स्तंभ से अब साफगोई से मुद्दों को रखने एवं दिखाने की अपेक्षा करना ही बेवकूफी हो गई है। यहां वो दिखाया और समझाया जाता है जो सरकार चाहती है, जिसमें सबकुछ स्क्रिप्टेड



होता है। लेकिन किसे फर्क पड़ता है। तमाम लोगों की गाड़ियां एथनॉल मिक्स करने से खराब हो रही हैं, भले ही लोकल पेट्रोल पंपों ने एथनॉल का नाम पर पानी मिक्स करना शुरू कर दिया हो, सही पेट्रोल पंपों पे जांच की बजाय अखबारों में विज्ञप्ति जारी कर मंत्री जी वैज्ञानिक तथ्यों को सामने रख रहे हैं। गाड़ी खराब हो तो हो, किसे फर्क पड़ता है।

भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों (IPHS) के तहत, देश के प्रत्येक CHC (जो 1 लाख से अधिक ग्रामीण आबादी को सेवाएं प्रदान करते हैं) में एक बाल रोग विशेषज्ञ नियुक्त होना अनिवार्य है। हालिया RHS (रूरल हेल्थ स्टेटिस्टिक्स रिपोर्ट ) के अनुसार, देशभर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बाल रोग विशेषज्ञों के स्वीकृत पदों में लगभग 81.6% यह पद खाली पड़े हैं। महिला चिकित्सा अधिकारी ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में विशेषकर स्त्री रोग और महिला स्वास्थ्य देखभाल के लिए लेडी मेडिकल ऑफिसर या महिला विशेषज्ञ की आवश्यकता होती है।

आरएचएस के आंकड़ों के अनुसार, पूरे भारत में स्त्री रोग विशेषज्ञों का लगभग 74.2% हिस्सा खाली है। इसका मतलब है कि अधिकांश CHC में विशेषज्ञ महिला डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं। बहुचर्चित योजना आयुष्मान भारत, देशभर में डेढ़ लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स की योजना कागजों में तो पूरी हो गई है लेकिन उसकी जमीनी हकीकत आप किसी भी सेंटर (केवल केरल और तमिलनाडु के कुछ क्षेत्रों को छोड़ कर) में जा कर देख लीजिए, बारह स्वास्थ्य सेवाओं में से कितनी उपलब्ध हैं । योजनाएं बहुत अच्छी है, लेकिन स्टाफ की कमी, दवाओं की अनियमित सप्लाई और खराब इंटरनेट व इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण मरीज आज भी इन सभी 12 सेवाओं का पूरा लाभ नहीं उठा पा रहे हैं, लेकिन किसे फर्क पड़ता है?

विश्व के सबसे युवा देश के सबसे लंबे समय तक रहे प्रधानमंत्री छोटे से छोटे घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए मशहूर हैं, आज चुप हैं। सरकार चुप है। मीडिया सरकार से सवाल पूछने पर चुप है। लेकिन किसे फर्क पड़ता है?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# अर्थव्यवस्था के खेवनहार बैंक कर्मचारियों को न्याय कब मिलेगा ?

19 जुलाई 1969 भारतीय बैंकिंग इतिहास की एक ऐतिहासिक तिथि है। इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश के 14 प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया था। इस निर्णय का उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं को कुछ चुनिंदा औद्योगिक घरानों तक सीमित रखने के बजाय आम जनता, किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाना था। बाद में 1980 में छह और बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया। इस प्रकार राष्ट्रीयकृत बैंकों ने भारत की आर्थिक प्रगति और सामाजिक विकास की ऐसी नींव रखी, जिस पर आज का आधुनिक भारत खड़ा है।



**हरिराम धीमान**
स्वतंत्र लेखक, नालागढ़

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

राष्ट्रीयकरण के इन 57 वर्षों में बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अतुलनीय योगदान दिया है। चाहे हरित क्रांति के लिए किसानों को ऋण उपलब्ध कराना हो, लघु एवं कुटीर उद्योगों को वित्तीय सहायता देनी हो, जन-धन योजना लागू करनी हो, नोटबंदी के दौरान करोड़ों लोगों की सेवा करनी हो, कोविड महामारी के कठिन समय में बैंकिंग व्यवस्था को सुचारु रखना हो अथवा डिजिटल भुगतान क्रांति को सफल बनाना हो-हर मोर्चे पर बैंक कर्मचारियों ने अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाई है। देश के प्रधानमंत्री भी अनेक मंचों पर सार्वजनिक रूप से बैंक कर्मचारियों के योगदान की प्रशंसा कर चुके हैं। एक समय था जब बैंक की नौकरी समाज में सम्मान, स्थिरता और आकर्षक सेवा शर्तों का प्रतीक मानी जाती थी। योग्य और प्रतिभाशाली युवा बैंक सेवाओं को अपने करियर की पहली पसंद मानते थे। बैंक कर्मचारियों के वेतनमान और सुविधाओं की तुलना केंद्र सरकार के कर्मचारियों से की जाती थी और कई मामलों में बैंक कर्मचारियों की स्थिति बेहतर मानी जाती थी। यही कारण था कि बैंकिंग सेवा देश के सबसे प्रतिष्ठित व्यवसायों में गिनी जाती थी, लेकिन समय




के साथ यह स्थिति बदलती चली गई। आर्थिक उदारीकरण, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, लगातार बढ़ते कार्यभार और नई-नई सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का दायित्व तो बैंकों पर बढ़ता गया, लेकिन बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों की सेवा शर्तों में उसी अनुपात में सुधार नहीं हुआ। परिणामस्वरूप आज बैंक कर्मचारियों के वेतन और भत्ते केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तुलना में काफी पीछे रह गए हैं।

बैंक कर्मचारियों के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती बढ़ता हुआ कार्यभार है। शाखाओं में कर्मचारियों की संख्या लगातार कम होती जा रही है, जबकि कार्य लगातार बढ़ रहा है। एक ही कर्मचारी को कई प्रकार की जिम्मेदारियां निभानी पड़ती हैं। लक्ष्य आधारित कार्य संस्कृति, लगातार निरीक्षण, डिजिटल निगरानी, ऑडिट, अनुपालन और ग्राहकों के बढ़ते दबाव ने मानसिक तनाव को अत्यधिक बढ़ा दिया है। कई बार छुट्टियां भी नहीं मिल पातीं। इस तनावपूर्ण वातावरण का असर कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर स्पष्ट दिखाई देता है।

देश की बैंकिंग व्यवस्था का आधार उसके कर्मचारी हैं, लेकिन अत्यधिक कार्य-दबाव, मानसिक तनाव और लंबित पेंशन संशोधन जैसी समस्याएं उनके मनोबल को प्रभावित कर रही हैं।

इससे प्रतिभाशाली युवा बैंकिंग सेवा छोड़ रहे हैं और अनुभवी कर्मचारियों को बनाए रखना कठिन हो रहा है। सरकार, भारतीय बैंक संघ और संबंधित पक्षों को वेतन, पेंशन अद्यतन, बेहतर कार्य-परिस्थितियाँ तथा सम्मानजनक सेवा वातावरण सुनिश्चित कर बैंक कर्मचारियों के साथ न्याय करना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# शिमला में पीडीएस में होगा बड़ा बदलाव

## अब जनता की पसंद के अनुसार मिलेगा राशन, जिलेभर में 10 दिन चलेगा फीडबैक अभियान

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। जिला शिमला में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और उपभोक्ता केंद्रित बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल शुरू कर दी है। डीसी शिमला की अध्यक्षता में आयोजित जिला सार्वजनिक वितरण समिति एवं जिला स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया कि अब उचित मूल्य की दुकानों पर उपलब्ध कराई जाने वाली खाद्य सामग्री का निर्धारण केवल सरकारी सूची के आधार पर नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं की वास्तविक आवश्यकता और पसंद के अनुसार भी किया जाएगा। इसके लिए जिलेभर में विशेष फीडबैक अभियान चलाया जाएगा, ताकि लोगों की जरूरतों के अनुरूप राशन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बैठक में सभी फूड इंस्पेक्टरों को निर्देश दिए कि वे अगले दस दिनों के भीतर अपने-अपने क्षेत्रों की उचित मूल्य दुकानों का दौरा कर उपभोक्ताओं से सीधे संवाद करें और यह पता लगाएं कि उन्हें किन खाद्य वस्तुओं की अधिक आवश्यकता है तथा किन वस्तुओं की मांग कम है। यह विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग को भेजी जाएगी, ताकि भविष्य में राशन वितरण प्रणाली को स्थानीय जरूरतों के अनुरूप बनाया जा सके।


जिला स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी कश्यप।

बैठक में यह भी सामने आया कि जिले के कई क्षेत्रों में कुछ दालों की मांग बेहद कम है, जबकि अन्य दालों की आवश्यकता अधिक महसूस की जा रही है। प्रशासन ने तय किया है कि उपभोक्ताओं से प्राप्त फीडबैक के आधार पर सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा, जिससे राशन की दुकानों में वही खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके जिसकी लोगों को वास्तव में जरूरत है। इससे खाद्यान्न की अनावश्यक बर्बादी भी रुकेगी और उपभोक्ताओं को उनकी पसंद के अनुसार सामग्री मिल सकेगी।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में वर्तमान में चिड़गांव के छआरा तथा चौपाल के शिलावणी क्षेत्र में दो उचित मूल्य की दुकानों का संचालन स्वयं सहायता समूहों द्वारा सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इन समूहों के बेहतर कार्य को देखते हुए अन्य स्वयं सहायता समूहों को भी इस व्यवस्था से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि नई दुकानों के आवंटन के बाद सभी औपचारिकताएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी हों, ताकि पात्र उपभोक्ताओं को बिना किसी बाधा के खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा सके। इस बैठक में दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 तक विभिन्न योजनाओं के तहत खाद्यान्न की उपलब्धता और वितरण की समीक्षा की गई। साथ ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत पात्र लाभार्थियों को मिलने वाले खाद्यान्न और अन्य सुविधाओं की स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखते हुए किसी भी पात्र उपभोक्ता को लाभ से वंचित न रहने दिया जाए।

बैठक में एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) पंकज शर्मा, जिला नियंत्रक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नरेंद्र धीमान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नई उचित मूल्य की दुकानों पर भी हुई चर्चा

बैठक में जिले के विभिन्न विकास खंडों और शहरी क्षेत्रों में नई उचित मूल्य दुकानों के संचालन से जुड़े प्रस्तावों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। जुब्बल, चौपाल, नारकंडा, चिड़गांव, बसंतपुर, सुन्नी, ननखड़ी, रामपुर, ठियोग, मशोबरा, कोटखाई, कुपवी और टुटू सहित अनेक क्षेत्रों से प्राप्त नए प्रस्तावों एवं पूर्व से लंबित मामलों पर विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। प्रशासन का उद्देश्य दूरदराज क्षेत्रों के लोगों तक भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली की सुविधाओं को अधिक सुगम और सुलभ बनाना है।

# शिक्षा बोर्ड में जुब्बल-कोटखाई के आठ लोगों को बैकडोर से दी नौकरी : विनोद

## प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं के अधिकारों की हुई अनदेखी

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में बैकडोर भर्ती को लेकर भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक विनोद कुमार ने आरोप लगाया कि शिक्षा बोर्ड में बिना सार्वजनिक विज्ञापन और बिना पारदर्शी चयन प्रक्रिया अपनाए आठ लोगों की नियुक्ति की गई, जिससे प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं के अधिकारों की अनदेखी हुई है। उन्होंने कहा कि यदि भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष होती तो पूरे प्रदेश के योग्य युवाओं को समान अवसर मिलता, लेकिन सरकार ने रोजगार के नाम पर पक्षपातपूर्ण व्यवस्था को बढ़ावा दिया है। विनोद कुमार ने कहा कि धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में सेवा समिति के माध्यम से चार डाटा एंट्री ऑपरेटर और चार चपरासी सहित कुल आठ पद भरे गए। इन पदों के लिए न तो कोई सार्वजनिक विज्ञापन जारी किया गया और न ही प्रदेशभर के योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सभी आठ नियुक्तियां शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र जुब्बल-कोटखाई के लोगों को दी गई हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या पूरे हिमाचल प्रदेश में योग्य अभ्यर्थी केवल शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में ही थे? उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया भाई-भतीजावाद और पक्षपात की आशंका को मजबूत करती है तथा इससे भर्ती प्रणाली की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से पूरे मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि यदि भर्ती में अनियमितताएं पाई जाती हैं तो सभी नियुक्तियों को तत्काल निरस्त किया जाए और इन पदों पर पारदर्शी एवं मेरिट आधारित प्रक्रिया के तहत दोबारा भर्ती की जाए।

**◆ सीएम से उच्चस्तरीय जांच कर नियुक्तियां रद्द करने की मांग**

### प्रदेश के बेरोजगार युवा लोकतांत्रिक तरीके से देंगे जवाब

भाजपा नेता विनोद कुमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने चुनाव के दौरान युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार देने के वादे किए थे, लेकिन आज योग्य अभ्यर्थियों को अवसर देने के बजाय कथित बैकडोर नियुक्तियों के आरोप सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का बेरोजगार युवा सब कुछ देख रहा है और रोजगार के साथ किसी भी प्रकार के अन्याय का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देना भी जानता है।

# विद्यार्थियों ने लिया जल की हर बूंद बचाने का संकल्प



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला में 24X7 जलापूर्ति व्यवस्था लागू होने के बाद भी जल संरक्षण के महत्व को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। इस दौरान उन्हें पानी की प्रत्येक बूंद के महत्व, उसके विवेकपूर्ण उपयोग तथा भविष्य की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जल बचाने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही शहर के विभिन्न वार्डों में चलाए जाने वाले आगामी जनजागरूकता एवं परियोजना गतिविधियों की भी विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि निरंतर जलापूर्ति का अर्थ पानी की असीमित उपलब्धता नहीं है। जल एक बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधन है, जिसका संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे अपने घरों और आसपास पानी का सोच-समझकर उपयोग करें तथा अनावश्यक जल बर्बादी को रोकने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए संदेश दिया कि 24X7 जलापूर्ति व्यवस्था की सफलता तभी संभव है, जब प्रत्येक नागरिक पानी का जिम्मेदारी और समझदारी के साथ उपयोग करे ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए इस अमूल्य संसाधन को सुरक्षित रखने में अपना योगदान दे।

# विद्यार्थियों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प

## चायल-कोटी कॉलेज में सभी मादक पदार्थों से दूर रहने की ली शपथ

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। राजकीय महाविद्यालय चायल-कोटी में शनिवार को आयोजित नशा मुक्ति एवं जनजागरूकता कार्यक्रम युवाओं को समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों का एहसास कराने वाला प्रेरणादायी आयोजन बन गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विशेष रूप से 'चिट्टा' सहित विभिन्न मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले उनके गंभीर असर तथा परिवार और समाज पर होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध जागरूकता वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे की गिरफ्त में आने के कारण, उससे होने वाले नुकसान तथा उससे बचाव के प्रभावी उपायों से अवगत कराया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. हेमंत ने सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत के निर्माण की शपथ दिलाते हुए स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होती है और यदि युवा नशे जैसी बुराई से दूर रहकर शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक सोच को अपनाएंगे तो समाज स्वतः मजबूत होगा।


चायल-कोटी कॉलेज में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते प्राध्यापक।

उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी खुलकर अपने विचार रखे और माना कि बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए परिवार, शिक्षण संस्थानों और समाज को मिलकर जागरूकता अभियान चलाने होंगे। विद्यार्थियों ने अपने आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश चौहान, डॉ. निशा, डॉ. सुशील, डॉ. हरिंदर, डॉ. बोबिजा, नरेश शर्मा, प्रेम शर्मा, डॉ. अनुपम वर्मा सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन नशा मुक्त समाज के निर्माण के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# बेंटनी कैसल के डिजिटल संग्रहालय में छात्रों ने जाना हिमाचल का इतिहास

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला के ऐतिहासिक बेंटनी कैसल स्थित डिजिटल संग्रहालय में शनिवार को राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पोर्टमोर के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और प्राकृतिक धरोहरों को बेहद रोचक और जीवंत रूप में देखा। संग्रहालय का यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ प्रेरणादायक भी साबित हुआ।

**◆ आधुनिक तकनीक के जरिए विरासत को जानने का मिला अनूठा अनुभव**

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने इंटरैक्टिव डिस्प्ले, ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियों और आधुनिक डिजिटल माध्यमों के जरिए हिमाचल की ऐतिहासिक घटनाओं, कला, संस्कृति और लोकजीवन से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। संग्रहालय में प्रदर्शित विषय-वस्तु ने विद्यार्थियों की जिज्ञासा को बढ़ाया और उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत को नए दृष्टिकोण से समझने का अवसर प्रदान किया। विद्यार्थियों ने संग्रहालय की प्रस्तुति शैली की सराहना करते हुए इसे सीखने का प्रभावी और आकर्षक माध्यम बताया।

स्कूल के शिक्षकों ने कहा कि बेंटनी कैसल डिजिटल संग्रहालय विद्यार्थियों के लिए केवल दर्शनीय स्थल नहीं, बल्कि अनुभवात्मक शिक्षा का उत्कृष्ट केंद्र है। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में इतिहास, संस्कृति और विरासत संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक सोच और सीखने की क्षमता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# शिमला के व्यक्ति से 11 लाख रुपए की ठगी, एफआईआर दर्ज

अनंत ज्ञान, शिमला। 'हमारी कोई संतान नहीं है, तुम हमारे बेटे बन जाओ।' फोन पर कही गई यह बात शिमला जिले के नेरवा क्षेत्र के एक व्यक्ति के लिए भरोसे की शुरुआत बनी, लेकिन कुछ ही समय में यही भरोसा करीब 11 लाख रुपये की ठगी में बदल गया। दरअसल, खुद को इटली में रहने वाला निःसंतान दंपती बताने वाले लोगों ने पहले अपनापन दिखाया, फिर अपनी पूरी संपत्ति का वारिस बनाने का लालच दिया। इसके बाद भारत आने और सीबीआई की गिरफ्त में फंसने की कहानी सुनाकर शिकायतकर्ता से लाखों रुपये अपने खातों में जमा करा लिए। जब सच्चाई सामने आई तो पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार इस मामले में नेरवा थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। मामला बीएनएस की धाराओं के तहत दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता अमर सिंह पुत्र हरि सिंह निवासी नेरवा ने पुलिस को बताया कि उसे दो अलग-अलग मोबाइल नंबर से फोन कॉल आई थीं। फोन करने वाले खुद को इटली में रहने वाला पति-पत्नी बताते थे।

**IN THE COURT OF DR. GANESH THAKUR, MARRIAGE OFFICER-CUM-SUB DIVISIONAL MAGISTRATE SHAHPUR DISTRICT KANGRA (HP),**

**1.** Sh. Arvind Sharma S/o Radhey Shyam Sharma Vpo Shahpur Tehsil Shahpur Distt. Kangra (H.P)
**2.** Smt Rajesh Kumari D/o Partap Chand ward no. 11 Rajpur Tehsil Palampur Distt. Kangra (H.P)
.....*Applicants*
*V/S*
**1.** General Public
**2.** Local Registrar, Nagar Panchayat Shahpur.
....*Respondents*

**Subject:-** Application for the Marriage registration u/s 8 of registration Marriage Act, 1996.

**1.** Sh. Arvind Sharma S/o Radhey Shyam Sharma Vpo Shahpur Tehsil Shahpur Distt. Kangra (H.P) (Died on dated 19-09-2004) and Smt Rajesh Kumari D/o Partap Chand ward no. 11 Rajpur Tehsil Palampur Distt. Kangra (H.P) has filed an application u/s 8 of registration Marriage Act, 1996 along with declaration in which they have stated that they have solemnized their marriage on 24-09-1993 at ward no. 11 Rajpur Tehsil Palampur Distt. Kangra (H.P) according to Hindu rites & customs.

Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding the registration of this marriage can file an objection personally or in writing before this Court on or before 17-08-2026 After that no objection will be entertained and marriage will be registered accordingly.

**(Dr. Ganesh Thakur)**
**Marriage Officer Cum-Sub Divisional Magistrate**

**कार्यालय ग्राम पंचायत दारपा विकास खंड गोपालपुर तहसील सरकाघाट जिला मंडी (हि.प्र.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत दारपा के विकास कार्यो के निष्पादन हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित करने बारे। निविदाएं दिनांक 25-07-2026 11 बजे तक सम्बंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। निविदाएं उसी दिन 1 बजे पंचायत कार्यालय में गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी, जिसमें निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति का उपस्थित होना अनिवार्य है। **सामग्री का विवरणः-** बजरी प्रति घन मीटर, रेत प्रति घन मीटर, शटरिंग प्रति रनिंग मीटर/ स्क्वेयर मीटर, बोर्ड प्रति बोर्ड, बोल्डर प्रति घन मीटर, इंट प्रति इंट, JCB मशीन प्रति घण्टा, सीमेंट ढुलाई प्रति बैग। **नियम व शर्तें-** निविदादाताओं के पास अपना Valid पंजीकरण, GST NO/TIN No होना आवश्यक है व चालू हालत में होने चाहिए। सप्लायर के पास अपना GST NO/TIN No व गाड़ी के सभी कागज सप्लायर के नाम होने चाहिए। सप्लायर को मु0 20,000/- रु0 की अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे। यदि सप्लायर समय पर सामग्री न देने तथा सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार गुणवता सही न होने पर नोटिस देकर निविदायें रद्द/निरस्त कर दी जायेंगी तथा किसी भी तरह से निविदा रद्द होने पर निविदादाता द्वारा दी गयी एफडी/सुरक्षा राशि वापिस नहीं होगी। सामग्री की दर बराबर होने की स्थिति में अंतिम निर्णय पंचायत का होगा। उपरोक्त लिखित शर्तों को जो सप्लायर पूरा नहीं करता है उस की निविदा रद्द कर दी जाएगी। अंतिम निर्णय पंचायत का होगा।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत दारपा विकास खंड गोपालपुर तहसील सरकाघाट जिला मंडी (हि.प्र.)**

**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

**मैं चंचल कुमारी** पत्नी रमेश कुमार निवासी गांव चौम्बू, डाकघर रझूं गदयाड़ा, तहसील धीरा जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) यह घोषणा करती हूं कि मेरा नाम मेरे आधार कार्ड न0 441213954836 में चंचला कुमारी पत्नी रमेश कुमार गलत दर्ज है जबकि मेरा सही नाम चंचल कुमारी पत्नी रमेश कुमार है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गेहडवीं**
**विकास खंड झंडूता, जिला बिलासपुर (हि.प्र.)**
**निविदा सूचना**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गेहडवीं में वितीय वर्ष 2026-27 के लिए सभी मदों के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु मैटिरीयल (निर्माण सामग्री) की निविदाएँ आमन्त्रित करती है। अतः मैटिरीयल (निर्माण सामग्री) विक्रेताओं से अनुरोध है कि जिसके पास GST NO. पंजीकृत है वही विक्रेता ग्राम पंचायत गेहडवीं में वितीय वर्ष 2026-27 के लिए अपनी निविदाएँ प्रस्तुत कर सकते है। मैटिरीयल (निर्माण सामग्री) विवरण निम्नलिखित हैं जिनके लिए ग्राम पंचायत गेहडवीं निविदा आमन्त्रित करती है। **सामग्री का विवरण-** 1. रेता क्रेशर-प्रति घन मीटर 2. बजरी क्रेशर 10mm, 20mm, 40mm- प्रति घन मीटर 3. सोलिंग पत्थर- प्रति घन मीटर 4. कटस्टोन- प्रति घन मीटर 5. ईट 2nd ग्रेड - प्रति 1000 6. सरिया-As Per Market Rate 7. शैटरिंगः- प्लेट स्टील/लकड़ी- प्रति m2/प्रति Sqr ft 8. सामग्री ढूलान हेतु जीप लोकल/चक्कर 9. दरवाजे खिडकियां इत्यादि- As Per Market Rate 10. MIXURE- Per Day with Diesel 11. WALL TILES/FloorTiles- As Per Market Rate 12. बेल्डिंग वर्क्स, ग्रिल, गेट इत्यादि- As Per Market Rate 13. JCB कटिंग कार्य / हैमर कार्य- प्रति HOUR 14. Sign Board Writting 2.5*3,3*4 15. Sign Board Cost 2.5*3,3*4 16. Water Tank- Per Day. **शर्ते :-** (1) निविदादाता को निविदा के साथ गाड़ी की RC, INSURANCE, Licence, GST NO Velidate Certificate Upto 31-3-2027 की फोटोकॉपी साथ संलग्न करनी होगी नही तो निविदा रद्द मानी जाएगी। (2) निविदादाता को उपरोक्त सामग्री के कुल रेट-टेक्स, रायलटी एवम् ढुलान सहित कार्य स्थल के नजदीक सड़क तक सप्लाई करनी होगी। (3.) रिजेक्ट सामग्री की अदायगी नही की जाएगी तथा रिजेक्ट सामग्री को शीघ्र कार्य स्थल से हटाना होगा। (4) निविदादाता को प्रतिभूति के तौर पर मु0 50000=00 रुपये की FD With Quotation In Advance पंचायत सचिव ग्राम पंचायत गेहडवीं के नाम प्लज करवानी होगी। (5) अगर निविदादाता समय पर सामग्री उपलब्ध नही करवाता है तो पंचायत उसकी निविदा बिना कारण व बिना नोटिस रद्द कर सकती है दूसरी न्यूनतम निविदा मान्य कर दी जाएगी। (6) बिना M-Form के किसी भी बिल की अदायगी नही की जाएगी। (7) स्वीकृत निविदा को पंचायत बिना कोई कारण देते हुए कभी भी रद्द कर सकती है। (8) सामग्री की अदायगी कार्य पूर्ण होने तथा तकनिकी कर्मचारी द्वारा मूल्यांकन करने के बाद की जाएगी। (9) पंचायत द्वारा सामग्री की मांग करने पर 2 दिन के अन्दर सामग्री की सप्लाई करनी पड़ेगी। (10.) उपरोक्त निविदाएँ दिनांक-25-07-2026 समय 5 बजे सायं तक डाक द्वारा बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत गेहडवीं में पहुंच जानी चाहिए किसी अन्य माध्यम से प्राप्त निविदा स्वीकार्य नहीं होगी और 27-07-2026 को ही ग्राम पंचायत गेहडवीं की बैठक में समय 1:00 PM निर्माण कमेटी के समक्ष खोली जाएगी।

***प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत गेहडवीं विकास खंड झंडूता, जिला बिलासपुर (हि.प्र.)***

**कार्यालय ग्राम पंचायत गलमा विकास खंड बल्ह स्थित नेरचौक**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत गलमा द्वारा वितीय वर्ष 2026-27 के लिए मनरेगा ,15वां वितायोग ,वाटर सेड ,SBM व अन्य समस्त मदों के विकास कार्यो में प्रयोग होने वाली सामग्री के क्रय/सप्लाई, निर्माण कार्य साइन बोर्ड, हेतू इच्छुक फर्म/एजेंसी अपनी निविदाएं/कुटेशन निर्धारित दिनांक 23 जुलाई 2026 को 3.00 बजे तक सील बंद लिफाफे में डाक के माध्यम से पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदा खोलने की तिथि 24 जुलाई 2026 (आदेशाके के अुनसार बदली भी जा सकती है) 12.00 बजे तक दोपहर पंचायत कार्यालय में तथा धरोहर राशि निविदा खुलने के अलगे दिन ली जाएगी। सील बंद प्राप्त निविदाओ को पंचायत कार्यकारिणी /गठित कमेटी के समक्ष खोला जाएगा। **आवश्यक नियम व शर्ते :-** 1 .निविदा दाता के पास अपना पंजीकरण नम्बर निविदा पर भरना सुनिशिचित करे। इसके साथ R.C.NO.,GST,CST.NO. व बैंक खाता की छाया प्रति लगाना अति आवश्यक है ।2. साम्रगी दर क्यूविक.मी.के हिसाब से होनी चाहिए ,दरसभी प्रकार के टैक्स आदि सहित होनी चाहिए। 3.ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-FROM उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बन्धी रॉयल्टी वर्तमान में मु0 (बिल की सामग्री) रूपये प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी। (वर्तमान में M-FORM का उपलब्ध करवाना अनिवार्य है) 4.सभी निविदाएं सील बन्द लिफाफे में देनी अनिवार्य होगी। अधूरी व खुली निविदाएं मान्य नहीं होगी 5.GST/CST दरें निविदा प्रपत्र में भरी गई दरों में ही शामिल होगी। 6.पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार से सम्बन्धित सदस्यों की निविदाएं मान्य नहीं होगी। 7.सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 8.दर अंको व शब्दों दोनों में लिखी होनी चाहिए 9.निर्माण सामग्री कार्य स्थल /सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 10. पारित निविदादाता को मु0-20000/-रूपये धरोहर /सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करने होगे। 11.ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्रधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी 12.निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गई सामग्री की देय राशी का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही अग्रिम /सुरक्षित राशी वापिस होगी। 13.किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत /अस्वीकृत करने ,सशर्त निविदा ,समान दर रहने की स्थिति में ,एक या एक से अधिक निविदादताओ के लिए कार्य आदेश निगर्त करने ,सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत /विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 14.सामग्री लेने का अंतिम मूल्य /निर्णय विभाग की Justification व पारित निवितादाता के साथ Negotiation अनुसार/उपरान्त किया जायेगा। **सामग्री विवरण :-**1.रेत(खड्ड /नदी)2.रेत (क्रशर)3.बजरी(20mm,40mm खड्ड /नदी )4.बजरी (20mm,40mm क्रशर )5.सोलिंग /बोल्डर पत्थर 6.पत्थर (Cut Stone)7.पक्की ईटे (2nd Class) 8.मशीन द्वारा कटान (Cutting Through JCB)9.सामग्री ढुलान टैक्टर /जीप/अन्य वाहन 10.शटरिंग 11.टोर सरिया (ISI Marked) 12.दिवार लेखनी (Wall Writting)13.दरवाज़ा/खिड़की के पल्ले 2nd क्लास देवदार लकड़ी 35mm,40mm 14.दरवाज़ा/खडकी चौखट 2nd क्लास देवदार लकड़ी 15.सीमेंट ढुलाई HPSCSC डिपो से विकास कार्य स्थल तक 16.PVC पाईप100mm,150mmDia.6kg /सकम. CM 17.RCC/HumeNP2, 150mm,200mm,300mm,3000mm,6000mm,750mm,900mm or 1200mm(रनिंग मीटर) 18.लोहे की ग्रिल व अन्य लोहे का सामान (प्रति किलो )19.पेंट सामग्री (सभी प्रकार की ) 20.साईन बोर्ड (3*2,4*5 ) with all Merarial (प्रति साईन बोर्ड ) 21. Steel TMT ISI Marka सभी साईज 22. पानी का टैंकर

***प्रधान/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत गलमा विकास खंड बल्ह स्थित नेरचौक***

**कार्यालय ग्राम पंचायत सेहल**
**विकास खंड बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**
**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सेहल विकास खंड बैजनाथ जिला कॉंगड़ा (हि.प्र.) के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में होने वाले समस्त मदों के विकास कार्यों हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें दिनांक 22/07/2026 को 3:00 (PM) बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत सेहल में व्यक्तिगत रूप या डाक के माध्यम से पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनांक 23/07/2026 को 11:00 बजे पंचायत के समक्ष निविदादाताओं / उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी। सामग्री विवरण :-

| क्रं. सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है | मूल्य अंकों में |
|---|---|---|---|
| 1 | JCB मशीन द्वारा कटान | प्रति HOUR | |
| 2 | Laptop | 1no. | |
| 3 | Agriculture Tools (Phawra, Spray pump, Pickaxe, Trringla) | no. | |
| 4 | Printer | 1 no. | |

**नियम व शर्तेः-** 1. निविदाता के पास अपना पंजीकरण, पैन न., टिन no./GST NO तथा गाड़ी का होना आवश्यक है। 2. पारित निविदाता को मु. 10000/ रु. अग्रिम सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ में मु.5 00/रु. (नॉन - रिफंडेबल) आवेदन शुल्क सम्बंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। निविदाता को एम फार्म व एफिडेविट पंचायत में जमा करवाना होंगे। 3. निविदाता यदि सप्लाई आर्डर जारी होने उपरांत निर्धारित अवधि में सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गई सामग्री की देय राशी का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही अग्रिम / सुरक्षित राशी वापिस होगी। 4. सामग्री राशी की अदायगी कार्य पूर्ण होने के उपरांत T.A./J.E. की पैमाईश के उपरांत की जायेगी। 5. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य / निर्णय विभाग को justification व पारित निविदाता के साथ nego-tiation अनुसार / उपरांत किया जायेगा। 6. जिस किसी भी निविदादाता को उपरोक्त शर्तें मान्य है तो वह कार्यालय ग्राम पंचायत सेहल से निविदा आवेदन हेतु 'आवेदन फार्म 500/ अदा करके प्राप्त कर सकता है व बिना आवेदन फार्म के कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। 7. उपरोक्त लिखित शर्तों को जो सप्लायर पूरा नहीं करता है उस की निविदा रद्द कर दी जाएगी।

**प्रधान/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत सेहल विकास खंड बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत दाण**
**विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)**
**निविदा सूचना**

बैठक में प्रस्ताव सर्व समति से पारित किया गया कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विकास कार्यो के निष्पादन हेतु निर्माण सामग्री, की आवश्यकता है निविदाएं 25 जुलाई 2026 को सायं 5:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक द्वारा या सीधे बंद लिफाफे में प्राप्त की जाएंगी तदोपरान्त कोई भी निविदाएं स्वीकार नहीं होगी। निविदायें 7 अगस्त 2026 को सुबह 11:00 बजे खोली जाएगी। **निविदाए निम्न सामग्री हेतु आमंत्रित की जाती हैं-1.** रेता/ बजरी 10,20,50 मि0 मी0 क्रशर, 2. पत्थर कटस्टोन/पत्थर कट स्टोन गलमा, 3. सोलिंग पत्थर, 4. बोल्डर पत्थर, 5. ईट-ए-बी क्षेणी, 6. जेसीबी, 7. शटरिंग लकड़ी/स्टील, भवन व डेन डंग, 8. एंगल चैनल msपाईप, 9. रंगीन शीट, सीजीआई शीट, 10. सरिया 8,10,12,16,20एमएम, 11. लकड़ी, चौखा, दरवाजे, खिड़की, पल्ले, 12. सीमेंट ढलवान उतराई, चढ़ाई सहित 13. आर सी सी पाईप, 14. टाईलें सीमेंट 40,60,80 एमएम, 15. नागरिक सूचना बोर्ड लिखाई व बनवाई 3*5 सहित। **शर्ते निम्न प्रकार से है:-** (1.) निविदा सील बंद लिफाफे में ही होनी चाहिए। (2) पंचायत बिना बताए निविदा रद्द करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखती है। (3) सभी आवेदकों का पैन नंबर-तथा जीएसटी नम्बर निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। तथा प्रत्येक बैंडर सप्लायर का पिछले तीन वर्ष का जीएसटी भुगतान पूर्ण होना अनिवार्य होगा जिसका प्रमाण पत्र सीए से लेकर निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा/कुटेशन रद्द की जाएगी। (4) निर्माण सामग्री कार्य स्थल/नजदीकी सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। (5) ग्राम पंचायत क्षेत्राधिकार का एक ही मूल्य दूय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। (6) सामग्री लेने का अंतिम मूल्य का निर्णय विभाग की जस्टीफिकेशन व पारित निविदाताओं के साथ नेगोशिएशन अनुसार किया जाएगा। (7) निविदाता को निविदा के साथ 50000/-रु की धरोहर राशि डिमांड ड्राफ्ट भी पंचायत में जमा करनी होगी जो बाद में वापिस की जाएगी। सामग्री की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए अन्यथा निविदा/कुटेशन रद्द की जाएगी। (8) सप्लायर को रेता बजरी व पत्थर के बिल के साथ एम फार्म जमा करवाना अनिवार्य है। अन्यथा अदायगी नहीं होगी जिसके आप स्वयं जिम्मेवार होंगे। (9) अगर किसी सप्लायर/फर्म/एजेंसी/व्यक्ति के सामग्री की गुणवत्ता में कमी पाई जाती या सप्लाई समय पर नहीं दी जाती है तो पंचायत इस स्थिति में सप्लायर /फर्म/एजेंसी/व्यक्ति को ब्लैक लिस्ट कर सकती है तथा अदायगी नहीं की जाएगी व धरोहर राशि जब्त की जाएगी तथा दूसरे नंबर के सप्लायर /फर्म/एजेंसी/व्यक्ति को सप्लाई ऑर्डर दिए जाएंगे।

**प्रधान/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत दाण विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोट (विकास खंड गोपालपुर, तहसील बलद्वाड़ा, जिला मंडी हि0प्र0)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोट विकास खंड गोपालपुर, तहसील बलद्वाड़ा, जिला मंडी हि0प्र0) के अंतर्गत 2026-2027 में होने वाले समस्त मदों के विकास कार्यों हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक 23/07/2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ 24/07/2026 को पंचायत कार्यालय में निविदादाताओं/ उनके प्रितिनिधियों, पंचायत कमेटी की उपस्थिति में खोली जाएँगी। इच्छुक निविदादाता ग्राम पंचायत से टेंडर फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। प्रधान सचिव द्वारा हस्ताक्षरित टेंडर फॉर्म पर दी गयी निविदाएँ ही मान्य होगी। विस्तृत शर्ते टेंडर फॉर्म के साथ संलग्न की जाएँगी। **सामग्री का विवरण -** 1. रेता (क्रशर प्लांट) प्रति घन मीटर 2. क्रशर बजरी 10,20,40 MM PER CUM 3. पत्थर (cat stone)per CUM 4. इंट (A,B,C Grade) प्रति इंट 5. बोल्डर सोलिंग DRESSED/ UNDRESSED प्रति घन मीटर 6. JCB मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा 7. Mi&ture machine with labour without labour percum.cum. 8.सटरिंग (भवन निर्माण व् अन्य) प्रति SQ.M 9. सामग्री ढुलान सीमेंट लोडिंग व अन्लोडिंग / बैग (AT sight) 10. Sign board iron, cemented with writing per board (MNREGA, planning head) 11. टेंकर पानी प्रति टेंकर 12. WATER COOLER WITH/WITHOUT FITTING (40L,80L,100L) 13. CEMENTED, STEEL,cast iron BENCH (WITH OR WITHOUT ARM) 14. SBM SEGREGATION SHED (STANDARD SIZE)WITH OR WITHOUT इंस्टालेशन 15. डस्टबिन with/without cap vectus company (10L,12L, 15L) 16. नारे/स्लोगन लेखन प्रति बोर्ड 17. रोड रोलर प्रति घंटा 18. PWMU ठोस कचरा ढुलान कैरिज + COLLECTION रेता, बजरी, पत्थर, रोयलिटी M FORM या X FORM सभी सामग्री बिलों के साथ अनिवार्य है। बिना M FORM किसी का बिल मान्य नहीं होगा। निविदा भरने के समय सभी वेंडर को सादे कागज़ /AFFADEVIT के ऊपर M FORM प्रस्तुत करने का प्रमाण पत्र देना पड़ेगा कि यदि उनकी निविदा पारित होती है तो उनके द्वारा पंचायत के विकास कार्यों के लिए दी गयी हर सामग्री बिल के साथ उसका M फॉर्म पंचायत में प्रस्तुत करेंगे। प्रमाण पत्र न देने की स्तिथि में उनकी निविदा CONSIDER नहीं की जाएगी। सिर्फ उन्ही वेंडर की निविदा दावे मान्य समझी जाएगी जो M फॉर्म देने का AFFADEVIT/प्रमाण पत्र पंचायत कार्यालय को प्रस्तुत करेगा। यह AFFADEVIT / प्रमाण पत्र निविदा खोलने की तिथि से पहले पंचायत कार्यलय में प्रस्तुत करना पड़ेगा। **नियम व शर्तें-** निविदाता के पास अपना PAN नंबर GST नंबर तथा गाडी का होना चाहिए। 2. पारित निविदा का मूल्य 20000/-रु. अग्रिम राशि (FD) के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ में मूल्य 1000/- रु. (NON-REFUNDABLE) आवेदन शुल्क ग्राम पंचायत में जमा करवाने होंगे। 3. निविदादाता यदि सप्लाई आर्डर जारी होने के उपरान्त निर्धारित अवधि में सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री देय राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही अग्रिम राशी वापिस की जाएगी। तीन नोटिस जारी होने के बाद भी आपूर्ति न देने की स्तिथि में फर्म/निविदादाता की निविदा समान समझी जाएगी 4. सामाग्री राशि की अदायगी कार्य पूर्ण होने के बाद TA/JE की पैमाइश के उपरांत की जाएगी। 5. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य /निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व पारित निविदा दाता के साथ NEGOTIATION उपरांत /अनुसार किया जायेगा। 6. जिस किसी भी निविदादाता को उपरोक्त शर्ते मान्य हैं तो वह कार्यालय ग्राम पंचायत में अपनी निविदा दे सकता है। ग्राम पंचायत के किसी भी पदाधिकारी कर्मचारी या उनके नजदीकी सम्बंधियों को निविदाएँ मान्य नहीं होंगी। 7. उपरोक्त लिखित शर्तो को जो पूरा नहीं करता है उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी। 8. किसी विवाद की स्थिति में कमेटी सदस्यों के साथ गाली गलोच या अभद्र व्यवहार करने पर उक्त निविदादाता को तुरंत निविदा प्रक्रिया से बाहर कर दिया जायेगा। 9 किसी विवाद की स्तिथि में अंतिम निर्णय पंचायत का मान्य होगा व पंचायत को भी ऐसी स्थिति में निविदा को रद करने का पूर्ण अधिकार होगा।

***प्रधान,/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत कोट (विकास खंड गोपालपुर, तहसील बलद्वाड़ा, जिला मंडी हि0प्र0)***

**कार्यालय ग्राम पंचायत करनेहड़ा विकास खंड बल्ह स्थित नेरचौक**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत करनेहड़ा द्वारा वितीय वर्ष 2026-27 के लिए मनरेगा ,15वां वितायोग ,वाटर सेड ,SBM व अन्य समस्त मदों के विकास कार्यो में प्रयोग होने वाली सामग्री के क्रय/सप्लाई, निर्माण कार्य साइन बोर्ड, हेतू इच्छुक फर्म/एजेंसी अपनी निविदाएं/कुटेशन निर्धारित दिनांक 23 जुलाई 2026 को 3.00 बजे तक सील बंद लिफाफे में डाक के माध्यम से पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदा खोलने की तिथि 24 जुलाई 2026 (आदेशाके के अुनसार बदली भी जा सकती है) 12.00 बजे तक दोपहर पंचायत कार्यालय में तथा धरोहर राशि निविदा खुलने के अलगे दिन ली जाएगी। सील बंद प्राप्त निविदाओ को पंचायत कार्यकारिणी /गठित कमेटी के समक्ष खोला जाएगा। **आवश्यक नियम व शर्ते :-** 1 .निविदा दाता के पास अपना पंजीकरण नम्बर निविदा पर भरना सुनिशिचित करे। इसके साथ R.C.NO.,GST,CST.NO. व बैंक खाता की छाया प्रति लगाना अति आवश्यक है ।2. साम्रगी दर क्यूविक.मी.के हिसाब से होनी चाहिए ,दरसभी प्रकार के टैक्स आदि सहित होनी चाहिए। 3.ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-FROM उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बन्धी रॉयल्टी वर्तमान में मु0 (बिल की सामग्री) रूपये प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी। (वर्तमान में M-FORM का उपलब्ध करवाना अनिवार्य है) 4.सभी निविदाएं सील बन्द लिफाफे में देनी अनिवार्य होगी। अधूरी व खुली निविदाएं मान्य नहीं होगी 5.GST/CST दरें निविदा प्रपत्र में भरी गई दरों में ही शामिल होगी। 6.पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार से सम्बन्धित सदस्यों की निविदाएं मान्य नहीं होगी। 7.सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 8.दर अंको व शब्दों दोनों में लिखी होनी चाहिए 9.निर्माण सामग्री कार्य स्थल /सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 10. पारित निविदादाता को मु0-20000/-रूपये धरोहर /सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करने होगे। 11.ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्रधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी 12.निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गई सामग्री की देय राशी का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही अग्रिम /सुरक्षित राशी वापिस होगी। 13.किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत /अस्वीकृत करने ,सशर्त निविदा ,समान दर रहने की स्थिति में ,एक या एक से अधिक निविदादताओ के लिए कार्य आदेश निगर्त करने ,सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत /विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 14.सामग्री लेने का अंतिम मूल्य /निर्णय विभाग की Justification व पारित निवितादाता के साथ Negotiation अनुसार/उपरान्त किया जायेगा। **सामग्री विवरण :-**1.रेत(खड्ड /नदी)2.रेत (क्रशर)3.बजरी(20mm,40mm खड्ड /नदी )4.बजरी (20mm,40mm क्रशर )5.सोलिंग /बोल्डर पत्थर 6.पत्थर (Cut Stone)7.पक्की ईटे (2nd Class) 8.मशीन द्वारा कटान (Cutting Through JCB)9.सामग्री ढुलान टैक्टर /जीप/अन्य वाहन 10.शटरिंग 11.टोर सरिया (ISI Marked) 12.दिवार लेखनी (Wall Writting)13.दरवाज़ा/खिड़की के पल्ले 2nd क्लास देवदार लकड़ी 35mm,40mm 14.दरवाज़ा/खडकी चौखट 2nd क्लास देवदार लकड़ी 15.सीमेंट ढुलाई HPSCSC डिपो से विकास कार्य स्थल तक 16.PVC पाईप100mm,150mmDia.6kg /सकम. CM 17.RCC/HumeNP2, 150mm,200mm, 300mm,3000mm, 6000mm, 750mm,900mm or 1200mm(रनिंग मीटर) 18.लोहे की ग्रिल व अन्य लोहे का सामान (प्रति किलो )19.पेंट सामग्री (सभी प्रकार की ) 20.साईन बोर्ड (3*2,4*5 ) with all Merarial (प्रति साईन बोर्ड ) 21. Steel TMT ISI Marka सभी साईज 22. पानी का टैंकर

***प्रधान/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत करनेहड़ा विकास खंड बल्ह स्थित नेरचौक***

# नारी शक्ति के हाथ में कुल्लू नगर परिषद की कमान

## आशा ठाकुर अध्यक्ष और शालिनी राय ने संभाला उपाध्यक्ष का पदभार, चुनाव के डेढ़ महीने बाद मिला नेतृत्व




नप कुल्लू की अध्यक्ष आशा व उपाध्यक्ष शालिनी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए एसडीएम निशांत।

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** नगर निकायों के चुनावी नतीजों के करीब डेढ़ महीने के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार नगर परिषद कुल्लू को नया नेतृत्व मिल गया है। शनिवार को नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने आधिकारिक तौर पर अपना पदभार ग्रहण कर लिया। इस बार कुल्लू नगर परिषद की कमान पूरी तरह से महिलाओं के हाथों में सुरक्षित हुई है, जिससे शहर के विकास में एक नई ऊर्जा और दृष्टिकोण देखने को मिलने की उम्मीद है।

शनिवार को एसडीएम कुल्लू निशांत ठाकुर ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशा ठाकुर और उपाध्यक्ष शालिनी राय भारद्वाज को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पदभार संभालते ही नई टीम ने शहर के विकास और नगर परिषद को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट कर दिया है। जल्द ही परिषद के सभी 11 वार्डों के सदस्यों (पार्षदों) के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें शहर के विकास का खाका तैयार होगा।

### खुद झाड़ू थाम सड़क पर उतरीं अध्यक्ष हर वार्ड में चल रहा सफाई अभियान

**नगर** परिषद कुल्लू की अध्यक्ष आशा ठाकुर और उपाध्यक्ष शालिनी राय भारद्वाज ने विधिवत पदभार संभालने से पहले ही शहर को स्वच्छ बनाने की मुहिम शुरू कर दी है। अध्यक्ष आशा ठाकुर स्वयं वार्डों में पहुंचकर सफाई अभियान चला रही हैं और सफाई कर्मियों के साथ झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दे रही हैं। उपाध्यक्ष शालिनी राय भारद्वाज भी अभियान में सक्रिय भूमिका निभाते हुए लोगों को जागरूक कर रही हैं। इससे प्रेरित होकर अन्य पार्षदों ने भी अपने-अपने वार्डों में सफाई अभियान शुरू किए हैं। शनिवार को दोनों पदाधिकारियों ने कार्यभार संभाला। नई टीम से कुल्लू शहर के विकास कार्यों को गति मिलने और शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की उम्मीद जताई जा रही है।

### सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार: आशा

**पदभार** ग्रहण करते ही नई अध्यक्ष आशा ठाकुर तुरंत एक्शन मोड में नजर आईं। उन्होंने शहर की मूलभूत सुविधाओं को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि आज मैंने विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है और शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा, शहर में जो विकास कार्य पिछले कुछ समय से धीमी गति से चल रहे थे, उन्हें अब तेज गति दी जाएगी। सभी पार्षदों को साथ लेकर शहर का कायाकल्प किया जाएगा।

### आय बढ़ाने के लिए बढ़ेगा दुकानों का किराया: शालिनी राय भारद्वाज

**नगर** परिषद को वित्तीय रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाना नए बोर्ड की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इस बात का संकेत देते हुए नवनियुक्त उपाध्यक्ष शालिनी राय भारद्वाज ने कहा कि परिषद की आय में बढ़ोतरी करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा शहर में जो भी दुकानें आवंटित की गई हैं, उनका मौजूदा किराया बेहद कम है। ऐसे में नगर परिषद की आय को बढ़ाने के लिए इन दुकानों का किराया बढ़ाने पर सभी पार्षदों के साथ मिलकर चर्चा की जाएगी। हमारा लक्ष्य नगर परिषद कुल्लू को आत्मनिर्भर बनाना है ताकि विकास कार्यों के लिए फंड की कमी न हो।

**प्रशासनिक औपचारिकताएं हुईं पूरी:** शपथ ग्रहण समारोह को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के बाद एसडीएम कुल्लू निशांत ठाकुर ने नए बोर्ड को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि चुनावों के बाद सभी पार्षदों को पहले ही शपथ दिलाई जा चुकी थी, लेकिन अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए शपथ होना बाकी थी। शनिवार को विधिवत रूप से दोनों गरिमामयी पदों के लिए शपथ प्रक्रिया पूरी करवा दी गई है। आज से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने नगर परिषद कुल्लू का कार्यभार संभाल लिया है।

# जिले में भारी बारिश का पूर्वानुमान सभी विभाग रहें सतर्क: अनुराग चंद्र

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी नवीनतम मौसम पूर्वानुमान के आधार पर जिले में संभावित भारी वर्षा को देखते हुए सभी संबंधित विभागों, जलविद्युत परियोजनाओं तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी अधिकारियों एवं एजेंसियों को पूर्ण सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बताया कि जारी पूर्वानुमान के अनुसार 18 जुलाई को येलो अलर्ट, 19 से 21 जुलाई तथा 23 जुलाई को ऑरेंज अलर्ट एवं 22 जुलाई को रेड अलर्ट जारी किया गया है। इस अवधि के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। इसके चलते अचानक बाढ़ (फ्लैश फ्लड), भूस्खलन, नदियों एवं नालों के जलस्तर में वृद्धि, सड़क अवरुद्ध होने तथा बिजली, पेयजल और संचार जैसी आवश्यक सेवाओं के प्रभावित होने की आशंका है।

उपायुक्त ने सभी विभागाध्यक्षों, उपमंडल अधिकारियों, जलविद्युत परियोजनाओं तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पर्याप्त जनशक्ति एवं मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित करें, संवेदनशील स्थलों पर लगातार निगरानी रखें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई हेतु पूरी तरह तैयार रहें। उन्होंने संचार व्यवस्था को निरंतर सक्रिय बनाए रखने और किसी भी घटना की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं। अनुराग चन्द्र शर्मा ने जिलावासियों एवं पर्यटकों से अपील की है कि वे मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों का गंभीरता से पालन करें, अनावश्यक यात्रा से बचें, नदी-नालों के समीप न जाएं तथा भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतें।

## 15 मील पुल तक चलाया स्वच्छता अभियान

# खुले में कचरा फेंकने वालों पर सख्ती बड़ाग्रां पंचायत ने काटे तीन चालान



अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, बड़ाग्रां।** स्वच्छ और सुंदर पंचायत बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत बड़ाग्रां में शनिवार को व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ महिला मंडलों, युवक मंडलों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लिया।

रेड़ी-फड़ी मार्केट से 15 मील पुल तक सफाई की गई तथा चिन्हित हॉट स्पॉट क्षेत्रों से कचरा हटाया गया। इस दौरान खुले में कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई करते हुए तीन लोगों के चालान काटे गए। पंचायत प्रधान गोपाल कृष्ण नेगी, उपप्रधान संजीव कुमार और पंचायत सचिव दुनी चंद नेगी ने कहा कि गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। खंड विकास अधिकारी नग्गर मुकेश कुमार ने पंचायत के प्रयासों की सराहना करते हुए लोगों से स्वच्छता अभियान में सहयोग करने और क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने की अपील की। पंचायत प्रतिनिधियों ने लोगों से कचरा निर्धारित स्थानों पर डालने का आह्वान किया।

## हरिपुर कॉलेज में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान मनाली।** जेएलएन राजकीय महाविद्यालय हरिपुर, मनाली में शारीरिक शिक्षा विभाग एवं मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयुष्मान आरोग्य मंदिर हरिपुर व सजला के सहयोग से एक दिवसीय सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, हरिपुर शाखा से डॉ. सुषमा तथा सजला शाखा से डॉ. मनोज ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उनके साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य एपीओ रवि चंदेल, शालिनी ठाकुर प्रशिक्षित दाई धर्मी देवी तथा हेल्पर चुन्नी लाल ने भी सक्रिय सहयोग दिया महाविद्यालय के 130 विद्यार्थियों सहित सभी प्राध्यापकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों एवं अन्य स्टाफ का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 90 विद्यार्थियों का हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर का परीक्षण किया गया तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श के साथ नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक उठाया।इस अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छ जीवनशैली तथा मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर भी विस्तृत जानकारी दी और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शेफाली ने सफल आयोजन के लिए शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा प्रो. ज्योति बाला को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी।

# नालंदा ने फिर रचा इतिहास, नीट में छात्रों ने मेहनत से लिखी कामयाबी की नई इबारत

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू के प्रतिष्ठित नालंदा करियर इंस्टीट्यूट में नीट-2026 के परिणाम घोषित होते ही खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला। संस्थान के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सही दिशा, निरंतर अभ्यास और अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन किसी भी बड़े लक्ष्य को हासिल करने की मजबूत नींव बन सकता है।

इस वर्ष संस्थान की टेस्ट सीरीज से तैयारी करने वाली छात्रा काव्यंजली ने 546 अंक हासिल कर शानदार सफलता दर्ज की, जबकि अनन्या ठाकुर ने 531 अंक और रीतिका ने 512 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली परिचय दिया। वहीं रंजना ने 476 अंक अर्जित किए। दिव्यांश ने 455 अंक जबकि हिमांशु ने 436 अंक हासिल कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। कृतिका ने भी 435 अंक प्राप्त कर सफलता की इस गौरवशाली सूची में अपना नाम शामिल किया। संस्थान प्रबंधन के अनुसार, इस वर्ष के परिणामों को देखते हुए पांच विद्यार्थियों के एमबीबीएस में प्रवेश पाने की प्रबल संभावना है, जबकि चार से पांच अन्य छात्र विभिन्न सरकारी मेडिकल एवं पैरामेडिकल सीटों पर अपना स्थान बना सकते हैं। यह उपलब्धि केवल छात्रों की मेहनत का परिणाम नहीं, बल्कि संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई गई सुव्यवस्थित टेस्ट सीरीज़, नियमित डाउट सेशन, अनुभवी शिक्षकों के व्यक्तिगत मार्गदर्शन और निरंतर शैक्षणिक सहयोग का भी प्रतिफल है। इस अवसर पर नालंदा करियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. निरंजन देव शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि नालंदा पिछले पांच वर्षों से लगातार सफलता के नए अध्याय लिख रहा है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय छात्रों की लगन, शिक्षकों की प्रतिबद्धता और अभिभावकों के अटूट विश्वास को दिया।

उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी संस्थान इसी समर्पण और गुणवत्ता के साथ विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देता रहेगा।नालंदा करियर इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने इस वर्ष के परिणामों के माध्यम से यही संदेश पूरे क्षेत्र को दिया है।

## बागवानों के 250 करोड़ दबाकर 45 करोड़ का ढिंढोरा पीट रही सुक्खू सरकार : अखिलेश कपूर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री अखिलेश कपूर ने एमआईएस के तहत सेब उत्पादकों के लंबित भुगतान को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बागवानों का 250 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान लंबित है और सरकार केवल 45 करोड़ रुपए जारी करके बड़ी उपलब्धि का ढिंढोरा पीट रही है। अखिलेश ने कहा कि प्रदेश के बागवान पिछले चार वर्षों से अपनी मेहनत की कमाई के लिए सरकार का इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 2022, 2023, 2024 और 2025 के भुगतान लंबित रहना इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस सरकार बागवानों की समस्याओं को लेकर कितनी गंभीर है।

उन्होंने कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि जब बागवानों का कुल बकाया 250 करोड़ रुपए से अधिक है, तो केवल 45 करोड़ रुपए जारी करने के बाद बाकी राशि का भुगतान कब किया जाएगा। क्या सरकार बागवानों को उनके पूरे पैसे के लिए अगले कई वर्षों तक इंतजार करवाना चाहती है? भाजपा नेता ने कहा कि बागवानों को समय पर भुगतान देना सरकार की जिम्मेदारी है, कोई एहसान नहीं। सेब उत्पादक अपनी फसल तैयार करने में महीनों की मेहनत और लाखों रुपये खर्च करते हैं। जब उनकी उपज सरकार के माध्यम से खरीदी जाती है, तो उसका भुगतान समय पर मिलना चाहिए।

# राजीव सिंह को रोटरी क्लब कुल्लू की कमान

◆ **आकाश बांगा को किया महासचिव नियुक्त**

अनंत ज्ञान



रोटरी क्लब कुल्लू के नवनियुक्त अध्यक्ष को सम्मानित करते हुए।

**ब्यूरो, कुल्लू।** रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा इंस्टालेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3070 रोटेरियन इंजीनियर विजय सहदेव रहे। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर सभी रोटेरियन व उनके परिवार सम्मिलित हुए व उन्हें सम्मानित किया गया। नए सदस्यों को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा पिनअप किया गया और क्लब में शामिल होने पर बधाई दी।

पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन पूजा मलिक ने पिछले वर्ष में रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा किए गए सामाजिक कल्याण के कार्यों का ब्यौरा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर व सभी रोटेरियंस के समक्ष रखा, उनकी अध्यक्षता में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3070 द्वारा रोटरी क्लब कुल्लू को उत्कृष्ट कार्यों के लिए बेहतरीन क्लब के अवॉर्ड से भी नवाजा गया। नवनियुक्त अध्यक्ष रोटेरियन राजीव सिंह ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया द्य कहा कि रोटरी क्लब कुल्लू गत कई वर्षों से सामाजिक कार्यों में अपना यथासंभव योगदान देता आया है व भविष्य में भी सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में अग्रणी रहेगा। इस अवसर पर रोटरी क्लब कुल्लू के संस्थापक सदस्य रोटेरियन डॉ पीडी लाल, रोटेरियन वीके कपूर, रोटेरियन ज्ञान बांगा, क्लब के असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन नलिन कपूर, रोटरी क्लब मनाली की अध्यक्ष रोटेरियन मीनाक्षी कैस्टिलेनो, चेयरमैन रोटरी आई हॉस्पिटल रोटेरियन इंदीवर मेहता, असिस्टेंट गवर्नर 2026-27 रोटेरियन अंशुल पाराशर सहित क्लब के सभी रोटेरियन उपस्थित रहे द्य इस अवसर पर रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा श्सांफिया फाउंडेशन से श्रुति मौर्य भारद्वाज को स्पेशल बच्चों के उत्थान, आदित्य (पंकी सूद) को नशे के क्षेत्र में, डाक्टर खेम चंद को शिक्षा, प्रोफेसर ज्योति चरण को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## लाहौल से लद्दाख तक 10 दिवसीय बौद्ध धार्मिक यात्रा आज से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल से लद्दाख तक बौद्ध समुदाय की आस्था और आध्यात्मिक परंपराओं को समर्पित 10 दिवसीय धार्मिक यात्रा का आयोजन 19 से 28 जुलाई तक किया जाएगा। इस यात्रा का नेतृत्व चोक्योंग पाल्गा रिनपोछे करेंगे, जिसमें लाहौल और लद्दाख के बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं बौद्ध अनुयायी शामिल होंगे। यात्रा के दौरान 19 जुलाई को रिनपोछे लद्दाख से लाहौल पहुंचेंगे और जिस्पा में रात्रि विश्राम करेंगे। 20 जुलाई को श्रद्धालु ड्रिलबू री स्कोरा और गोत्संगपा मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जबकि 21 जुलाई को गरशा फाकस्पा में अनुष्ठान आयोजित होंगे। इसके बाद यात्रा त्सोपदमा (रेवालसर) के लिए रवाना होगी, जहां श्रद्धालु झील की परिक्रमा और विशेष प्रार्थना में शामिल होंगे। 24 जुलाई को जिगर रिनपोछे का जन्मदिवस श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। 25 जुलाई को गुरु रिनपोछे की गुफाओं में विशेष धार्मिक अनुष्ठान होंगे, जबकि 26 जुलाई को मंडी जिले की तिलोपा और मंदरावा गुफाओं में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार यात्रा में ड्रुक कुंगा पलजोर त्सोग्पा, दारचा, जेमूर, दोरजे गेमोनपा और लेह से आने वाले सदस्यों सहित करीब 80 श्रद्धालु भाग लेंगे। यह यात्रा बौद्ध संस्कृति, हिमालयी धार्मिक विरासत और लाहौल-त्सोपदमा के सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# नीट परीक्षा: एम्बिशन क्लासेस मौहल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

## अनिश ने 598 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक में झटका 78वां स्थान

अनंत ज्ञान



विद्यार्थियों के साथ संस्थान के गणमान्य लोग।

**ब्यूरो, कुल्लू।** एम्बिशन क्लासेस मौहल के विद्यार्थियों ने नीट -2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

संस्थान के छात्र अनिश ने 598 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक में 78 वां स्थान हासिल किया है। इसके अलावा नीलकंठ सूद ने 556 अंक, बिपाशा ने 554 अंक, काव्यांजलि वापा ने 546 अंक, भूमिका ने 508 अंक तथा दिव्यांक ने 479 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। वहीं, शौर्य का परिणाम भी सराहनीय रहा, जिसका विस्तृत विवरण शीघ्र साझा किया जाएगा। संस्थान के प्रबंधन एवं समस्त शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। एम्बिशन क्लासेस ने भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उत्कृष्ट मार्गदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

## जुजुराणा कंपनी के सम्मेलन में सतत कृषि पर जोर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जुजुराणा कृषक उत्पादक कंपनी और जर्मन सहयोग संस्था के संयुक्त तत्वाधान में 18 जुलाई को पारिस्थितिक सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें किसानों, बागवानों, अधिकारियों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन में जलवायु अनुकूल कृषि, प्राकृतिक खेती और जैव विविधता संरक्षण पर चर्चा हुई। किसानों को मधुमक्खियों के लिए उपयोगी पौधे वितरित किए गए। बीआर नेगी ने कंपनी के कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसानों को आधुनिक प्रशिक्षण और शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से सशक्त बनाया जा रहा है। सम्मेलन में पर्यावरण हितैषी तकनीकों को अपनाने का संकल्प लिया गया।

## स्पीति टैक्सी यूनियन ने विभाजन के प्रयासों पर जताई आपत्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** स्पीति टैक्सी यूनियन ने प्रेस बयान जारी कर आरोप लगाया है कि कुछ लोग यूनियन को विभाजित कर स्थानीय टैक्सी चालकों के हितों को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। यूनियन का कहना है कि केसंग रापचिक द्वारा संचालित अलग टैक्सी यूनियन विधिवत पंजीकृत नहीं है। यूनियन ने आरोप लगाया कि स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने के बजाय बाहरी लोगों को रोजगार के अवसर दिए जा रहे हैं। विवाद सुलझाने के लिए केसंग रापचिक को तीन बार बातचीत का निमंत्रण दिया गया, लेकिन सकारात्मक पहल नहीं हुई। यूनियन के अनुसार, गैर-पंजीकृत यूनियन का बोर्ड हटाकर प्रशासन को सौंपा गया। संगठन ने पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। यूनियन ने दावा किया कि अधिकांश सदस्य आज भी मूल पंजीकृत यूनियन के साथ जुड़े हैं और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी लड़ाई जारी रखेंगे।

# संजीता ने पंजाब विवि की प्रवेश परीक्षा में हासिल किया 7वां स्थान

अनंत ज्ञान



**आनी।** राजकीय महाविद्यालय, निरमंड की मेधावी छात्रा संजीता मेहता ने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित सीईटी-पीजी परीक्षा के अंतर्गत एमए अंग्रेजी की वर्णनात्मक प्रवेश परीक्षा में सातवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

संजीता मेहता ने इससे पहले केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश की एमए अंग्रेजी की प्रथम मेरिट सूची में आठवां स्थान प्राप्त कर वहां प्रवेश लिया था। इसके अलावा उन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला की एमए अंग्रेजी प्रवेश परीक्षा में भी आठवां स्थान हासिल किया था। अब वह अपनी उच्च शिक्षा के लिए पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में प्रवेश लेंगी। इस उपलब्धि पर राजकीय महाविद्यालय, निरमंड के प्रधानाचार्य प्रो. कुलजीत सिंह ने संजीता मेहता को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि संजीता की सफलता उनके परिवार के साथ-साथ पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि महाविद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है।प्रधानाचार्य ने विश्वास जताया कि संजीता की यह सफलता महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी और वे उच्च शिक्षा तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम आगे भी गौरवान्वित करेंगे।

**जायजा** विधायक ने अधिकारियों के साथ पेयजल स्रोतों का किया निरीक्षण, समस्याएं भी सुनीं

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: अनुराधा

◆ **शिक्षा व पेयजल कार्यों में लापरवाही पर अधिकारियों को दी सख्त चेतावनी**

अनंत ज्ञान



स्कूल के निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत करती हुईं विधायक अनुराधा।

**ब्यूरो, काजा।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने अपने स्पीति प्रवास के दौरान पिन घाटी के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को बुलाकर पेयजल, शिक्षा और विकास कार्यों से जुड़े मामलों की समीक्षा की तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए।

इस दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से पेयजल संकट और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। अनुराधा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव है, उन्हें बिना देरी के निपटाया जाए, जबकि शेष समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण भी किया गया। विधायक ने विभागीय अधिकारियों के साथ करीब दो किलोमीटर पैदल चलकर पेयजल स्रोतों का निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल योजनाओं और सिंचाई नहरों की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। विधायक ने गुलिंग स्कूल का औचक निरीक्षण भी किया और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि विकास कार्यों और जनसेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। अनुराधा राणा ने पिन घाटी में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से विकास कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

# तेहनेमा पहुंचने वाली पहली विधायक बनीं अनुराधा राणा



अधिकारियों के साथ पैदल सड़क कार्य का निरीक्षण लेने जाती विधायक।

◆ **पिन घाटी में 3 किमी पैदल चलकर परखी सड़क की रफ्तार**

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने पिन घाटी के मुद्द-भावा सड़क निर्माण कार्य का पैदल निरीक्षण कर नई मिसाल पेश की। उन्होंने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ तेहनेमा तक करीब तीन किलोमीटर का कठिन सफर तय कर निर्माण कार्य की जमीनी स्थिति देखी।

घाटी के इतिहास में यह पहला मौका है जब कोई विधायक स्वयं पैदल चलकर इस दुर्गम क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंची हैं। इस दौरान उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों से कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और शेष बचे कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार जताया। अनुराधा राणा ने कहा कि मुद्द-भावा सड़क क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण है और इसे प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा।इस मौके पर स्पीति ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दोरजे छेरिंग, टीएसी सदस्य छेवांग रिगजिन, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अभिषेक, एसडीओ तंजिन शेरब सहित कई अन्य विभागीय अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 120 पदों के लिए सराहां, कमरऊ, पांवटा में कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला रोजगार अधिकारी देविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एसआईएस इंडिया लि. हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड तथा सिक्योरिटी सुपरवाइजर के केवल पुरुष वर्ग के 120 पद रोजगार कार्यालय के माध्यम से भरे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 22 को उपरोजगार कार्यालय सराहां व 23 को उपरोजगार कार्यालय कमरऊ तथा 24 जुलाई को उप-रोजगार कार्यालय पांवटा साहिब में प्रातः 10:30 से 2:00 बजे के मध्य आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए आयु 19 वर्ष से 40 वर्ष तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं रखी गई है तथा न्यूनतम वेतन 18000 से 24000 दिया जाएगा।

### नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन के उद्देश्य से एक दिवसीय इंडक्शन सह ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जगमोहन सिंह तथा आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. प्रमोद ने महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीनू भास्कर जीवन का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. हीरा छेत्री ने किया। मुख्य अतिथि एवं प्राचार्या डॉ. मीनू भास्कर जीवन ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वास्तविक शिक्षा केवल बौद्धिक क्षमता तक सीमित नहीं है, बल्कि भावनात्मक बुद्धिमत्ता और आध्यात्मिक चेतना का विकास भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सदैव सचेत, जागरूक) और कर्तव्यनिष्ठ रहने का मूल मंत्र दिया।

### नाबार्ड के महाप्रबंधक ने पशु विकास केंद्र पिपलूघाट का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, अर्की।** नाबार्ड के महाप्रबंधक डॉ. विवेक पठानिया ने गत दिवस पशु विकास केंद्र पिपलूघाट का दौरा किया। डॉ. विवेक पठानिया ने कहा कि नाबार्ड के सहयोग से स्थापित यह केंद्र पशुपालकों को घर-द्वार पर गुणवत्तापूर्ण पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवा रहा है। ग्रामीण आजीविका को मज़बूत करने, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और पशुपालकों की आय में वृद्धि करने में यह केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस केंद्र में पशु चिकित्सक, फार्मासिस्ट, लिक्विड नाइट्रोजन तथा सामान्य एवं सेक्स-सॉर्टेड सीमेन स्ट्रॉ की सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि पशु विकास केंद्र पिपलूघाट द्वारा 10 ग्राम पंचायतों में 25 जागरूकता शिविर भी आयोजित किए गए हैं, जिससे आस-पास के स्थानीय नागरिकों लाभान्वित हुए है। महाप्रबंधक ने इस अवसर पर केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा अब तक 5,636 कृत्रिम गर्भाधान सामान्य सीमेन स्ट्रॉ तथा 190 कृत्रिम गर्भाधान सेक्स-सॉर्टेड सीमेन स्ट्रॉ के माध्यम से किए गए हैं। केंद्र में अब तक 4,277 पशुओं का उपचार किया गया है तथा 9.67 लाख रुपए मूल्य की पशु दवाइयां का वितरण व विक्रय किया गया है।

### नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, प्ले वे स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**अनंत ज्ञान, नालागढ़।** नालागढ़ की फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित प्ले वे स्कूल में द्वारा तैयार किए हुए विज्ञान मॉडलों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । प्रदर्शनी का शुभारंभ नालागढ़ साहित्य कला मंच के संरक्षक यादव किशोर गौतम द्वारा किया गया । इसमें बच्चों के अभिभावकों ने भी उपस्थित रह कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। बच्चों द्वारा जल शुद्धिकरण, ऋतु परिवर्तन, पाचन तंत्र, प्रदूषण आदि विषयों पर बहुत अच्छे अच्छे मॉडल तैयार किए गए थे। इन मॉडलों के माध्यम से बच्चों ने विज्ञान के सिद्धांतों को सरल और व्यावहारिक तरीके से समझाने का प्रयास किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या शिवानी सिंघल ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मक सोच और नवाचार की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के एमडी मयंक सिंघल, प्रबंधक सुमति सिंघल, प्रधानाचार्य शिवानी सिंघल के अलावा नालागढ़ साहित्य कला मंच के अध्यक्ष हरिराम धीमान, यशोदा, शैलजा, सुरुचि, कंचन, शबनम, शशि, निधि, सुषमा सहित शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ व अभिभावक भी उपस्थित रहे।

### नीट परिणाम में बीआरसी का दबदबा 10 विद्यार्थियों ने हासिल की सफलता

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर के बीआरसी इंस्टीट्यूट नाहन के विद्यार्थियों ने जेईई और एनडीए में सफलता के बाद अब नीट यूजी परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। 17 जुलाई को घोषित परिणाम में संस्थान के 10 विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। संस्थान के अनुसार अवंतिका ने 531 अंक प्राप्त किए। आस्था ने 465, मदिया 450, सोहाली ने 446, अर्नव ने 446, तनिष्का ने 408 तथा वंशिका ने 408 अंक प्राप्त किए। आयुष, प्रियल, प्रांजल व काशवी ने भी अच्छे अंकों के साथ नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। बीआरसी इंस्टीट्यूट के समन्वयक पवन कुमार ममगाई ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी।

### 'देबकू रा दुःखड़ा' नाटक से दी अनुसूचित जाति कल्याणार्थ योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सामाजिक विसंगतियों को दूर करने तथा अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, नितियों व कार्यक्रमों को आम जन तक पंहुचाने के उदेश्य से जिला में शनिवार को विकास खंड तिलोरधार की ग्राम पंचायत सतौन और पोका के गांव कोड़गा में लोक संस्कृति कला मंच के कलाकारों ने लोकगीतों व नाटक से जहां लोगों का मनोरंजन किया। इस माध्यम से प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी की विस्तृत जानकारी दी। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया नुक्कड़ नाटक 'देबकू रा दुःखडा' से बताया गया कि प्रदेश सरकार विधवा पुनर्विवाह, अन्तर्जातिय विवाह और दिव्यांग विवाह अनुदान योजना के तहत 2 लाख रुपए की राशि प्रदान कर रही है। यह भी बताया गया कि अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के दिव्यांग व विध्वा जिनकी वार्षिक आय 2 लाख रुपए से कम है उन्हें पीजीडीसीए, डीसीए कम्प्यूटर एकांउटेंसी आदि कोर्स करने के लिए सरकार द्वारा 1000 रुपए की छात्रवृति राशि प्रदान की जाती है।

#### मेहनत व विभागीय सहयोग का संगम, किसान मंदीप वर्मा की सफलता बनी मिसाल

## वैज्ञानिक खेती ने दिलाई नई पहचान कीवी, फूलों से बढ़ी किसान की आय

अनंत ज्ञान

**सोलन।** विकास खंड सोलन के गांव शिल्ली के प्रगतिशील किसान मंदीप वर्मा ने हिमाचल प्रदेश बागवानी विभाग के वित्तीय एवं तकनीकी सहयोग से बागवानी के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का उदाहरण प्रस्तुत किया है। बागवानी विभाग के मार्गदर्शन में उन्होंने आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए कीवी का बाग, कीवी नर्सरी तथा फूलों की खेती विकसित की है। विविधीकृत खेती को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचा भी तैयार किया गया है।ि वभाग द्वारा उन्हें भूमि चयन, पौधरोपण, पोषक तत्व प्रबंधन, सिंचाई, छंटाई, कीट एवं रोग नियंत्रण, नर्सरी प्रबंधन तथा फसल कटाई के बाद की तकनीकों संबंधी नियमित तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई गई। आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने से उनकी फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।



प्रगतिशील किसान मंदीप वर्मा

इससे उनकी आय में सुधार होने के साथ-साथ खेती में विविधीकरण की नई संभावनाएं भी विकसित हुई हैं। मंदीप वर्मा की सफलता यह दर्शाती है कि बागवानी विभाग के सहयोग और वैज्ञानिक खेती को अपनाकर किसान अपनी आय बढ़ाने के साथ-साथ टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि-बागवानी मॉडल विकसित कर सकते हैं।

## पांवटा साहिब में वन विभाग का बड़ा शिकंजा तीन शिकारियों से चार मॉनिटर लिजर्ड बरामद

एसपी जैरथ

**नाहन।** जिला सिरमौर के पांवटा साहिब उपमंडल में वन विभाग ने संरक्षित वन्य जीवों के शिकार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चार मॉनिटर लिजर्ड (गोह) बरामद हुई हैं, जिनमें एक जीवित और तीन मृत मिलीं। वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वन विभाग को मॉनिटर लिजर्ड के शिकार की सूचना मिलने के बाद टीम सतर्क थी। शुक्रवार शाम राजबन के समीप एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई। बाइक पर सवार तीन लोगों के पास एक भालानुमा हथियार और एक बोरी मिली। जब बोरी की जांच की गई तो उसमें चार मॉनिटर लिजर्ड बरामद हुईं।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चारों मॉनिटर लिजर्ड का शिकार शुक्रवार को ही किया गया था। घायल जीवित मॉनिटर लिजर्ड के उपचार के लिए मौके पर पशु चिकित्सक को बुलाया गया। फिलहाल उसे वन विभाग और पशुपालन विभाग की निगरानी में रखा गया है।

### प्रतिबंधित है मॉनिटर लिजर्ड (गोह) का शिकार

*बता दें कि मॉनिटर लिजर्ड, जिसे स्थानीय भाषा में गोह कहा जाता है, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत संरक्षित प्रजाति है। इसके शिकार पर पूर्ण प्रतिबंध है और दोषी पाए जाने पर सजा का प्रावधान है।*

**आरोपियों** से एक जीवित और तीन मृत मॉनिटर लिजर्ड बरामद हुई हैं। आरोपियों की पहचान गोल्डी, गुज्जर व अंजा के रूप में हुई है, जो कुंजा के रहने वाले हैं। तीनों को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**आदित्य शर्मा**
**एसीएफ, वन विभाग**

#### एचआरटीसी के फैसले से ग्रामीणों में रोष, विरासत बनी बस सेवा थमी

## तीन पीढ़ियों की जीवनरेखा पर ब्रेक प्रेमनगर-बातल बस सेवा हुई बंद

अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) द्वारा रामपुर डिपो की करीब तीन से चार दशक पुरानी प्रेमनगर-बातल (मंजयाट पट्टी देवरा) बस सेवा बंद किए जाने से अर्की और शिमला ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में भारी नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बस केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि क्षेत्र की तीन पीढ़ियों की जीवनरेखा और विरासत रही है। ग्रामीणों के अनुसार यह बस सेवा वर्षों से छात्रों, कर्मचारियों, बुजुर्गों और किसानों के लिए सबसे भरोसेमंद माध्यम रही है। बस सुबह समय पर लोगों को शिमला पहुंचाती थी, जिससे सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों और अन्य जरूरी कार्यों के लिए सुविधा मिलती थी। साथ ही किसान इसी बस के माध्यम से अपनी सब्जियां और अन्य कृषि उत्पाद बाजार तक पहुंचाते थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग ने इस रूट को कम आय वाला बताकर बंद किया है, जबकि उनका दावा है कि बस की दैनिक आय अच्छी-खासी थी। लोगों का कहना है कि दशकों तक सफलतापूर्वक संचालित होने वाली सेवा को अचानक बंद करना समझ से परे है और इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

◆ **वर्षों से छात्रों, कर्मचारियों बुजुर्गों और किसानों के लिए सबसे भरोसेमंद माध्यम**




### दादा से पोते तक का सफर... अब यादों में सिमटी बस सेवा

**ग्रामीणों** ने कहा कि दादा-पोते तक तीन पीढ़ियों ने इसी बस से स्कूल, कॉलेज और नौकरी का सफर तय किया है। यह बस दिल्ली जाने वाली बस से पहले बातल, देवरा सहित कई पंचायतों के लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण साधन थी। इसलिए इसका बंद होना केवल एक बस सेवा का बंद होना नहीं, बल्कि क्षेत्र की सामाजिक और ऐतिहासिक पहचान को झटका है।

### दशकों पुरानी सुविधा बहाल करने की मांग तेज

*बस सेवा बंद होने से सबसे अधिक परेशानी छात्रों, बुजुर्गों, महिलाओं और नौकरीपेशा लोगों को उठानी पड़ रही है। लोगों ने मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री और स्थानीय विधायक से मांग की है कि प्रेमनगर-बातल (मंजयाट पट्टी देवरा) बस सेवा को शीघ्र पुनः शुरू किया जाए, ताकि ग्रामीणों की वर्षों पुरानी सुविधा बहाल हो सके और सरकार के प्रति जनता का विश्वास कायम रहे।*

**बसों** की कमी के चलते फिलहाल इस रूट की सेवा बंद की गई है। संसाधन उपलब्ध होने पर स्थिति की समीक्षा की जा सकती है।

**उमेश ठाकुर, क्षेत्रीय प्रबंधक, रामपुर डिपो**

## नीट परीक्षा में चमके गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के विलोचन

*अनंत ज्ञान, सोलन। गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल सोलन के मेधावी छात्र विलोचन कालेट ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षाओं नीट यूजी 2026 और जेईई 2026 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विलोचन ने नीट यूजी 2026 में 576 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 7594 (जनरल कैटेगरी) हासिल की। वहीं जेईई-2026 के जनवरी सत्र में 94.6 पर्सेंटाइल और अप्रैल सत्र में 94.5 पर्सेंटाइल प्राप्त करते हुए जेईई एडवांस 2026 के लिए भी सफलतापूर्वक पात्रता अर्जित की। विद्यालय की प्रधानाचार्या सागरिका बक्शी ने इस उपलब्धि पर विलोचन को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके अनुशासन, समर्पण, निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि विलोचन भविष्य में भी सफलता के नए आयाम स्थापित कर समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। प्रधानाचार्या ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में असीम संभावनाएं होती हैं। सही मार्गदर्शन, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।*



## सोलन की छवि भारद्वाज का कमाल दूसरे प्रयास में नीट परीक्षा उत्तीर्ण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की होनहार छात्रा छवि भारद्वाज ने अपने दूसरे प्रयास में नीट यूजी 2026 परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर उन्होंने अपने परिवार और सोलन का नाम रोशन किया है। नीट परीक्षा परिणाम हाल ही में घोषित किए गए हैं। छवि ने स्थानीय गीता आदर्श विद्यालय से जमा दो तक की पढ़ाई पूरी कर नीट की परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत की। छवि की सफलता का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत, नियमित अध्ययन, दृढ़ संकल्प और परिवार के निरंतर सहयोग को जाता है।

## पैरापिट पर बैठी महिला को पुलिस वाहन ने कुचला, मौत

**कैदी को अदालत में पेश कर लौट रहे थे दो पुलिस कर्मी, चालक के खिलाफ मामला दर्ज**

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर के नाहन उपमंडल में शुक्रवार शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। हादसा नाहन-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनेठी के समीप निहोग गांव के पास हुआ। मृतका की पहचान बाला देवी (45) पत्नी यशपाल, निवासी निहोग, डाकघर बनेठी, तहसील नाहन के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना के समय पुलिस वाहन में दो कांस्टेबल सवार थे, जो सोलन की अदालत में कैदी को पेश करने के बाद नाहन लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार वाहन संख्या एचपी-71ए-3030 शाम करीब चार बजे निहोग के पास पहुंचा, जहां चालक कथित रूप से नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित वाहन सड़क किनारे पैरापिट पर बैठी बाला देवी से जा टकराया। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस कर्मियों और स्थानीय लोगों की सहायता से उसे तुरंत डॉ. वाईएस परमार राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नाहन पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बाला देवी स्थानीय स्कूल में मिड-डे मील वर्कर के रूप में कार्यरत थीं।

एसपी सिरमौर निश्चिंत सिंह नेगी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चालक पुलिस कर्मी का मेडिकल परीक्षण करवाया गया है और रक्त के नमूने भी जांच के लिए लिए गए हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

#### एक्शन मोड में मेयर सुषमा शर्मा, कूड़ा समय पर उठाने के सख्त निर्देश

## सफाई व्यवस्था पर फोकस, 15 दिन में शहर को कूड़ा मुक्त बनाने का दावा

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम सोलन की नवनिर्वाचित मेयर सुषमा शर्मा ने पदभार ग्रहण करते ही शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अपना लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कूड़ा उठाने वाले ठेकेदारों को शहर से नियमित और समय पर कूड़ा उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफाई व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से शहर के कई क्षेत्रों में कूड़े के ढेर लगे होने से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इससे नगर निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे थे। मेयर ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाएगा और अगले 15 दिनों में कूड़े के ढेर हटाने का प्रयास किया जाएगा। शुक्रवार को सरकार की अधिसूचना जारी होने के बाद मेयर सुषमा शर्मा और डिप्टी मेयर गौरव राजपूत ने भाजपा पार्षदों की मौजूदगी में नगर निगम सोलन का विधिवत कार्यभार संभाला। बरसात के मौसम को देखते हुए नगर निगम कर्मचारियों को सड़कों और नालियों की समय पर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि जलभराव और गंदगी की समस्या से बचा जा सके।

मेयर ने कहा कि पेयजल संकट के स्थायी समाधान के लिए सभी 17 वार्डों के पार्षदों के साथ बैठक कर योजना बनाई जाएगी। पार्किंग समस्या के समाधान, निगम कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, कर्मचारियों की जवाबदेही और शहर के समग्र विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा।



कार्यभार संभालने के बाद मेयर सुषमा शर्मा को बधाई देते समर्थक एवं भाजपा पार्षद।

## 80 वर्षीय बुजुर्ग को पत्थर मारकर किया घायल, आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** रेणुका क्षेत्र के घाटों गांव में 80 वर्षीय व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी रिखीराम शर्मा अपने घर से गांव के मुख्य प्रांगण की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मंदिर के समीप मौजूद इंदर सिंह ने कथित तौर पर उन पर बड़ा पत्थर फेंक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

आरोप है कि इसके बाद भी आरोपी ने उन पर दोबारा हमला करने की कोशिश की, लेकिन मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें बचाया। घायल रिखीराम को संगड़ाह अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें नाहन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। रिखीराम ने आरोप लगाया कि आरोपी लंबे समय से ग्रामीणों को डराता-धमकाता रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस देर शाम घाटों गांव पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## मुख्यमंत्री सपनों के आधार पर चला रहे सरकार : मनीष चौहान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनीष चौहान ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में सरकार नहीं, बल्कि भ्रम और विरोधाभास का शासन चल रहा है। मुख्यमंत्री रात को जो सपना देखते हैं, सुबह उसे ही नीति बनाकर लागू करने की कोशिश कर देते हैं। नतीजा यह है कि सरकार के मंत्री और विधायक तक एक-दूसरे से तालमेल नहीं बिठा पा रहे हैं और पूरे प्रदेश में प्रशासनिक अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है।चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले व्यवस्था परिवर्तन के बड़े-बड़े दावे किए थे, लेकिन चार वर्षों में व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर केवल सरकारी संस्थानों पर ताले लगाए गए। विकास कार्य ठप हो गए, निवेश प्रभावित हुआ और हिमाचल विकास की दौड़ में कई वर्ष पीछे चला गया। आज प्रदेश का युवा रोजगार के लिए भटक रहा है और सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित होकर रह गई है।

## रेणुका के पूर्व भाजपा प्रत्याशी नारायण सिंह की लोकप्रियता से घबराए कांग्रेसी

अनंत ज्ञान

**नाहन।** संगडाह नौहराधार भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने जारी बयान में कहा कि रेणुका के पूर्व भाजपा प्रत्याशी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नारायण सिंह चौहान की दिन प्रतिदिन बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर कांग्रेस पार्टी के छूट भैया नेता उनके खिलाफ अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। जो बहुत ही निंदनीय एवं शर्मनाक है। रावत ने कहा कि रेणुका के पूर्व भाजपा प्रत्याशी नारायण सिंह चौहान ने रेणुका के कांग्रेसी विधायक एवं पीसीसी अध्यक्ष विनय कुमार से सवाल करते हुए पूछा था कि आपको अयोध्या राम मंदिर चंदा चोरी की बजाए कोटला मोलर मंदिर चोरी की बात करनी चाहिए जो मंदिर हमारे रेणुका चुनाव क्षेत्र के अंतर्गत आता है। भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत कहा कि भाजपा नेता नारायण सिंह चौहान ने ऐसी कौन सी गलत बात बोली है जिस पर कांग्रेस पार्टी के छूट भैया नेता इतने भड़क रहे हैं। रावत ने कांग्रेस पार्टी के इन सभी छूट भैया नेताओं को नसीहत देते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार के साथ मिलकर अयोध्या राम मंदिर चंदा चोरी के दोषियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है लेकिन कोटला मोलर मंदिर चोरी करने वाले दोषियों को प्रदेश की कांग्रेस सरकार अभी तक भी नहीं पकड़ पाई है जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि रेणुका के कांग्रेसी विधायक विनय कुमार की पुलिस प्रशासन पर कितनी पकड़ है। यही बात तो भाजपा नेता नारायण सिंह चौहान ने भी कही थी जिस पर कांग्रेस पार्टी के छूट भैया नेता इतने उछल रहे हैं।



*प्रताप सिंह रावत भाजपा जिला प्रवक्ता सिरमौर*

## सोनम वांगचुक की मांगों के समर्थन में समिति ने सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** पझौता स्वतंत्रता सेनानी समाज कल्याण समिति ने पर्यावरण एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की मांगों के समर्थन में शनिवार को राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम उपमंडलाधिकारी राजगढ़ राजकुमार ठाकुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। समिति ने केंद्र सरकार से जनहित, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय महत्व से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र सकारात्मक पहल करने की मांग की। समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश चौहान के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि सोनम वांगचुक द्वारा प्रस्तावित अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल किसी व्यक्तिगत हित के लिए नहीं, बल्कि देशहित, पर्यावरण संरक्षण और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को लेकर है। इसलिए सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए उनसे सार्थक वार्ता कर शीघ्र समाधान निकालना चाहिए।

#### एसएलबीसी की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में एपीवाई के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

## अटल पेंशन योजना को गति देने को राज्य स्तरीय मंथन

अनंत ज्ञान

**सोलन।** राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी), हिमाचल प्रदेश एवं जिला अग्रणी बैंक (यूको बैंक), सोलन के संयुक्त तत्वावधान में सोलन में अटल पेंशन योजना (एपीवाई) आउटरीच कार्यक्रम एवं राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अटल पेंशन योजना के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा राज्यभर के बैंकों के मध्य उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों का आदान-प्रदान कर योजना को अधिक प्रभावी बनाना था।

कार्यक्रम में पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए), नई दिल्ली की कार्यकारी निदेशक सुमीत कौर कपूर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक, शिमला के उप महाप्रबंधक जसविंदर सिंह औजला, एसएलबीसी संयोजक एवं यूको बैंक, हिमाचल प्रदेश के उप महाप्रबंधक कमल कुमार शर्मा, एसएलबीसी प्रमुख दीपक कुमार, पूजा चंद, जोनल हेड, यूको बैंक, सोलन व तमन्ना मोदगिल, जिला अग्रणी प्रबंधक (एलडीएम), सोलन सहित विभिन्न बैंकों के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों के जिला अग्रणी प्रबंधकों (एलडीएम) ने सहभागिता की। इसके अतिरिक्त सोलन जिले के सभी सरकारी एवं निजी क्षेत्र के बैंकों के जिला समन्वय अधिकारियों (डीसीओ), विभिन्न सदस्य बैंकों के क्षेत्रीय अधिकारियों, शाखा प्रबंधकों, बैंक कर्मचारियों तथा लगभग 150 बैंक ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि सुमीत कौर कपूर, आरबीआई, एसएलबीसी, यूको बैंक और विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी

## न्यूज ब्रीफ

### अंबेहड़ा स्कूल में नशे के खिलाफ निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिले की उपतहसील जोल के अंतर्गत आने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अम्बेहड़ा में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य गुरदियाल सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को कक्षा +2 की छात्रा रिया शर्मा ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इसके उपरांत विद्यालय के डी.पी.ई. दीपक कुमार ने विद्यार्थियों को समाज के प्रति स्वस्थ, सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में दीपक कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में कभी भी किसी प्रकार के नशे का सेवन न करें। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने शिक्षकों से भी आग्रह किया कि वे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें तथा उनकी समस्याओं का मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से समाधान करने का प्रयास करें, ताकि युवा पीढ़ी सही दिशा में आगे बढ़ सके।

### विद्यार्थियों को वितरित किए शिविर प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल संतोषगढ़ के एनसीसी कैडेट दस दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर सफलतापूर्वक विद्यालय लौट आए। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य, अध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने सभी कैडेटों का गर्मजोशी से स्वागत किया। शिविर के दौरान कैडेटों को परेड, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, शारीरिक प्रशिक्षण, योग, प्राथमिक उपचार, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिनमें कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैडेटों ने बताया कि इस शिविर से उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना तथा देशभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त अनुभव उनके व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मल्होत्रा ने कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना और राष्ट्र के प्रति समर्पण विकसित करने का प्रभावी माध्यम है।

### पार्थिव शिवलिंग का पूजन अत्यंत पुण्यदायी : गणेश

**अनंत ज्ञान, घनारी।** तहसील घनारी के अंतर्गत हरि ऊं शिव मंदिर अम्बोआ में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा के दौरान शनिवार को कथा व्यास गणेश दत्त शास्त्री (अंदौरा वाले) ने पार्थिव शिवलिंग की महिमा का विस्तृत वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भगवान शिव की उपासना का गूढ़ रहस्य समझाया। कथा व्यास ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग मिट्टी से निर्मित शिवलिंग होता है, जिसकी श्रद्धा, भक्ति और विधिपूर्वक पूजा करने से भगवान शिव अत्यंत शीघ्र प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि शिवमहापुराण में पार्थिव शिवलिंग के पूजन को अत्यंत पुण्यदायी बताया गया है। इसके पूजन से पापों का क्षय, मानसिक शांति, सुख-समृद्धि तथा आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति होती है। गणेश दत्त शास्त्री ने कहा कि भगवान शिव बाहरी आडंबर नहीं, बल्कि भक्त की सच्ची श्रद्धा और निर्मल भाव देखते हैं। मिट्टी से बने पार्थिव शिवलिंग की पूजा यह संदेश देती है कि मनुष्य को अहंकार त्यागकर विनम्रता, सेवा और भक्ति का मार्ग अपनाना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपने जीवन में सत्य, संयम, दया और धर्म का पालन करने का आह्वान किया।कथा के दौरान भगवान शिव के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर शिवमय हो उठा।

### प्रोइयां कलां और पंसाई में ग्रामीण किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याणार्थ संचालित किए जा रहे विशेष जन जागरूकता अभियान का दूसरा चरण आज(शनिवार) को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रचार-प्रसार अभियान के दूसरे चरण के अंतिम दिन प्रोइयां कलां और पंसाई में जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान पंपी कलामंच जलग्रां टब्बा के कलाकारों ने स्थानीय वासियों को गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों और जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। साथ ही उन्होंने लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से भी अवगत करवाया। सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध नाटयों दल के कलाकारों ने जागरूकता कार्यक्रमों बताया कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों पर जाति भेदभाव के कारण अत्याचार होने पर अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 की धारा 3 के अंतर्गत पुलिस में दर्ज मामले के तहत कम से 25 हजार रुपए और अधिकतम 8,25,000 रुपए पुनर्वास राहत राशि का प्रावधान है। हत्या के मामले में मृतक की विधवा को 5 हजार रुपए बेसिक पर वर्तमान मंहगाई भत्ता प्रतिशतता की गणना करके प्रतिमाह राशि पैंशन के रूप में भी दी जाती है।

# श्री राम मंदिर अयोध्या पर राजनीति करना बंद करे कांग्रेस : वीरेंद्र कंवर

## पूर्व मंत्री बोले-चोरी मामले की एसआईटी कर रही जांच, कांग्रेस न करे चिंता

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा राष्ट्रीय वॉलीबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने राम मंदिर प्रकरण को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जिस पार्टी ने वर्षों तक भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल उठाए और राम मंदिर अयोध्या के निर्माण का विरोध किया, वही आज राम के नाम पर राजनीति कर जनता की धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने का प्रयास कर रही है। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि देश की जनता कांग्रेस के इतिहास भली-भांति जानती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने न्यायालय में शपथपत्र देकर भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न लगाया था और लंबे समय तक राम मंदिर निर्माण का विरोध किया। आज वही कांग्रेस राम मंदिर में हुई एक मानवीय चूक को राजनीतिक मुद्दा बनाकर अपनी दोहरी मानसिकता का परिचय दे रही है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में जो घटना हुई है, वह किसी भी दृष्टि से दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन यह एक मानवीय अपराध है, न कि आस्था या व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न।



इस मामले में दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है और न्यायिक प्रक्रिया पूरी गंभीरता से आगे बढ़ रही है। ऐसे में इस घटना की आड़ लेकर करोड़ों राम भक्तों की आस्था को कटघरे में खड़ा करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि कांग्रेस को अयोध्या की राजनीति करने के बजाय हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार के कामकाज पर ध्यान देना चाहिए।

प्रदेश के मंदिरों की व्यवस्थाओं को आधुनिक और डिजिटल बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता या मानवीय चूक की संभावना न्यूनतम हो सके उन्होंने कहा कि एक ओर कांग्रेस राम मंदिर और भगवान श्रीराम की आस्था का विरोध करती रही है, वहीं दूसरी ओर उसी राम मंदिर में हुई घटना को राजनीतिक हथियार बनाकर अपनी सियासी जमीन तलाश रही है। यह कांग्रेस के दोगले चरित्र और अवसरवादी राजनीति का स्पष्ट उदाहरण है।

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि जिन करोड़ों राम भक्तों, संतों और कार्यकर्ताओं के संघर्ष, समर्पण और बलिदान से भव्य राम मंदिर का निर्माण संभव हुआ, वे उसकी गरिमा और व्यवस्था बनाए रखने में भी पूरी तरह सक्षम हैं। दोषियों को कठोर सजा मिलनी चाहिए, लेकिन इस बहाने भगवान श्रीराम और राम भक्तों की आस्था पर प्रहार करना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

# पंचायतीराज चुनावों में जनता ने कांग्रेस पार्टी को नकारा : राजेंद्र

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र मालागढ़ ने दावा किया कि पंचायतीराज चुनाव परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश की जनता ने सुक्खू सरकार की नीतियों को नकार दिया है और लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है। मालागढ़ ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो के नेतृत्व में पार्टी समर्थित उम्मीदवारों ने पंचायतीराज चुनावों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। उनके अनुसार, क्षेत्र में 14 भाजपा समर्थित बीडीसी सदस्य निर्वाचित होकर आए हैं और सभी भाजपा नेतृत्व के साथ मजबूती से खड़े हैं। बावजूद इसके बंगाणा प्रशासन द्वारा अभी तक बीडीसी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं करवाया जा रहा है। मालागढ़ ने आरोप लगाया कि तीन बार चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद भी उसे रद्द कर दिया गया, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि आखिर बार-बार चुनाव स्थगित करने के पीछे क्या कारण हैं और प्रदेश सरकार जिस 'व्यवस्था परिवर्तन' की बात करती है, उसका वास्तविक स्वरूप जनता के सामने आ चुका है।

**बोले- भाजपा समर्थित 14 बीडीसी सदस्य होने के बाद भी नहीं हो रहे चुनाव**

राजेंद्र मलांगढ़ ने दावा किया कि चाहे बीडीसी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव जब भी करवाया जाए, भाजपा के वरिष्ठ नेता दविंदर कुमार भुट्टो के नेतृत्व में भाजपा समर्थित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ही चुने जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी निर्वाचित सदस्य एकजुट हैं और पार्टी संगठन के निर्णयों के अनुसार आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना नहीं बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना और जनता के विश्वास पर खरा उतरना है।

# नंगड़ा में पाइप से गैस रिसाव से निपटने के लिए किया अभ्यास

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ऊना एवं इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), पाइपलाइन यूनिट पेखूबेला के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को ग्राम नंगड़ा के समीप भूमिगत पाइपलाइन क्षेत्र में गैस, पेट्रोलियम एवं केरोसिन के संभावित रिसाव की स्थिति से निपटने के लिए ऑफ-साइट मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी भी औद्योगिक अथवा पाइपलाइन दुर्घटना की स्थिति में विभिन्न विभागों की आपसी समन्वय क्षमता, त्वरित प्रतिक्रिया, राहत एवं बचाव व्यवस्था तथा आपदा प्रबंधन तंत्र की तैयारियों का आकलन करना था। निर्धारित परिदृश्य के अनुसार पाइपलाइन में रिसाव की सूचना प्राप्त होते ही संबंधित एजेंसियों ने तत्काल सक्रिय होकर प्रभावित क्षेत्र की घेराबंदी, लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने, यातायात नियंत्रण, अग्निशमन, प्राथमिक उपचार तथा राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया। इस अभ्यास में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ऊना, इंडियन ऑयल पाइपलाइन यूनिट, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा, स्थानीय स्वयंसेवकों तथा पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। मॉक ड्रिल में कुल 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अभ्यास के दौरान विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय, त्वरित सूचना तंत्र, संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सामूहिक कार्यप्रणाली का सफल प्रदर्शन किया गया। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों एवं स्वयंसेवकों को गैस अथवा पेट्रोलियम पदार्थों के रिसाव की स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों, सुरक्षित निकासी तथा प्रशासन को समय पर सूचना देने के संबंध में भी जागरूक किया गया।

# वशिष्ट स्कूल ऊना के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## पहली से दसवीं कक्षा तक के स्टूडेंट्स के लिए करवाई गईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में विद्यार्थियों के संप्रेषण कौशल, रचनात्मकता, आत्मविश्वास तथा भाषा पर पकड़ को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों के लिए 'सेल्फ इंट्रोडक्शन प्रतियोगिता', कक्षा तीसरी एवं चौथी के लिए 'इंग्लिश स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता' तथा कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए 'स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता' आयोजित की गई। विद्यालय के निदेशक अनुज वशिष्ट ने सभी प्रतिभागियों एवं विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनकी झिझक दूर कर आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं। वहीं, प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ साथ उनके व्यक्तित्व निर्माण, अभिव्यक्ति कौशल तथा रचनात्मक सोच को नई दिशा प्रदान करती हैं।

### क्लासवाइज परिणाम

'सेल्फ इंट्रोडक्शन प्रतियोगिता' में स्ट्रॉबेरी ग्रुप (कक्षा प्रथम) में शिवांशी शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिश्का सिंघल एवं वेदिका शर्मा द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि कृषभ राणा एवं बबनीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय में अभिधा रावल एवं लवदीप सिंह ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। मन्नत कुमावत द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि वियान चौधरी एवं शानवी शर्मा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। 'इंग्लिश स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता' में एप्पल ग्रुप (कक्षा तृतीय) में आदया गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

तनिप साहू एवं अमाहिरा वशिष्ट द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि अवनी शर्मा एवं दलराज रहल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चतुर्थ में सक्षम शर्मा एवं प्रिशा शर्मा ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। रूही रेहल एवं कृषिका खन्ना द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि अक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता' में ऑरेंज ग्रुप में अकीरा दीप एवं प्राक्षी राणा ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। मन्नत परमार एवं आरवी शर्मा द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि परिधि शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मैंगो ग्रुप में अनाया चब्बा प्रथम स्थान पर रहीं। सानवीं एवं पीहू शर्मा ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा ख्वाहिश राणा एवं सानिया चौधरी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेलन ग्रुप में अराधना एवं जैस्मिन धीमान ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। मनराज सिंह, अक्षमा एवं मन्नत शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अराध्या ठाकुर, इशिता राठौर, साक्षी शर्मा एवं प्रागुन कौशल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया।



# तीसा स्कूल नाटक विवाद को बेवजह दिया जा रहा तूल

## हिमाचल राजपूत सभा बोली-बच्चों को विवादों में न घसीटा जाए

अनंत ज्ञान




पत्रकारों को संबोधित करते हुए विजय चंदेल व अन्य।

**ब्यूरो, बिलासपुर।** चंबा जिले के तीसा में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक को लेकर उठे विवाद पर हिमाचल राजपूत सभा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति को गलत तरीके से पेश कर अनावश्यक विवाद खड़ा किया जा रहा है।

बिलासपुर में पत्रकार वार्ता के दौरान सभा के प्रदेश महासचिव विजय चंदेल और युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने कहा कि नाटक में किसी जाति विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक या जातिसूचक शब्दों का प्रयोग नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ संगठन बिना तथ्यों की जांच किए मामले को तूल दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को इस तरह के विवादों में घसीटना उचित नहीं है। किसी भी आपत्ति को प्रशासन और शिक्षा विभाग के समक्ष शांतिपूर्ण तरीके से रखा जा सकता था। सभा पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार और प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर तथ्यों के आधार पर निर्णय लेने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बच्चों या शिक्षकों के खिलाफ अनुचित कार्रवाई की गई तो सभा लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराएगी। उन्होंने कहा कि समाज में सौहार्द और भाईचारा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और किसी भी मामले में बिना जांच के निष्कर्ष पर नहीं पहुंचना चाहिए।

# वरिष्ठों और दिव्यांगों के लिए धार्मिक स्थलों पर सुगम दर्शन सुविधा की मांग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** अखिल भारतीय हिमाचल सामाजिक संस्था संघ (पंजी.) ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को पत्र भेजकर प्रदेश के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाई है।

संघ ने अपने पत्र में कहा है कि हिमाचल प्रदेश के मंदिर, गुरुद्वारे और अन्य धार्मिक स्थल प्रदेश की संस्कृति और आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। यहां प्रदेश सहित देश-विदेश से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन कई धार्मिक स्थलों पर वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को दर्शन करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

संघ ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि माता चिंतपूर्णी मंदिर तथा उज्जैन महाकाल मंदिर परिसर में वरिष्ठ नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों और मंदिरों में भी वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन की विशेष व्यवस्था की जाए। संघ का कहना है कि इस पहल से बुजुर्गों और दिव्यांग श्रद्धालुओं को बिना किसी परेशानी के दर्शन करने का अवसर मिलेगा और धार्मिक स्थलों पर उनकी सुविधा एवं सम्मान सुनिश्चित होगा।

# एनसीसी कैडेटों ने सीखे आपदा प्रबंधन और अग्निशमन कौशल



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बिलासपुर में चल रहे 1 हिमाचल प्रदेश नौसैनिक एनसीसी इकाई के 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी-235) के चौथे दिन कैडेटों ने विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग लिया।

दिन की शुरुआत योग और शारीरिक व्यायाम से हुई। इसके बाद कैडेटों को आपदा प्रबंधन, अग्निशमन अभ्यास और अग्निशमन उपकरणों के सुरक्षित उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। 5वीं बटालियन होम गार्ड्स के कंपनी कमांडर बाबू राम शर्मा और उनकी टीम ने कैडेटों को आगजनी की स्थिति में बचाव कार्यों और उपकरणों के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान कैडेटों ने निशानेबाजी (फायरिंग) का अभ्यास भी किया, जिससे उनमें आत्मविश्वास, एकाग्रता और सुरक्षित संचालन की क्षमता विकसित हुई। कमांडिंग ऑफिसर कमांडर सज्जन कुमार ने कहा कि एनसीसी का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, साहस और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन और अग्निशमन जैसे प्रशिक्षण कैडेटों को समाज और राष्ट्र सेवा के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने सभी कैडेटों से प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

# नशा मुक्त अभियान के तहत उखाड़ी भांग

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला कल्याण कार्यालय ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यालय परिसर में भांग उखाड़ो अभियान चलाकर भांग के पौधों को नष्ट किया। इसके बाद 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जिला कल्याण अधिकारी रमेश बंसल ने युवाओं से सभी प्रकार के नशे से दूर रहने तथा प्रत्येक परिवार से कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिलेभर में विभिन्न विभागों के सहयोग से नशा मुक्ति जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

# मेहन में नाबार्ड के जिला कार्यालय का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** उपायुक्त राहुल कुमार ने गांव मेहन में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक आवास-सह-कार्यालय (आरसीओ) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. विवेक पठानिया सहित विभिन्न विभागों और बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि नए कार्यालय से ग्रामीण विकास और किसानों के कल्याण से जुड़ी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। जिला विकास प्रबंधक साहिल कीर्ति ने कहा कि यह कार्यालय विभिन्न विभागों और विकास सहयोगी संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगा।

# इषिता ने एम्स में डॉक्टर बनने का सपना किया साकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कोटधार क्षेत्र की जेजवीं पंचायत की 17 वर्षीय इषिता ने नीट परीक्षा में 609 अंक हासिल कर एम्स में एमबीबीएस प्रवेश का सपना साकार किया है। उनकी सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इषिता के परिवार में पहले से सात डॉक्टर हैं। उनके पिता जितेंद्र सहगल शिक्षक हैं, जबकि माता प्रियंका गृहिणी हैं। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा डीएवी स्कूल बिलासपुर और आगे की



पढ़ाई मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल घुमारवीं से की। नीट परीक्षा में आई चुनौतियों के बावजूद इषिता ने हिम्मत नहीं हारी और दोबारा प्रयास में शानदार सफलता हासिल की। अब उन्हें देश के किसी भी एम्स में मेडिकल शिक्षा का अवसर मिलेगा। इषिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा एवं सेवानिवृत्त सीएमओ डॉ. डीआर सहगल को दिया। पिता ने कहा कि बेटी को हमेशा उचित मार्गदर्शन और सुविधाएं दी गईं, जबकि दादा-दादी ने कहा कि इषिता ने परिवार के पुराने सपने को पूरा कर गौरव बढ़ाया है।

# सही माप-तौल उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा : प्रवीण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विधिक माप विज्ञान विभाग (लीगल मेट्रोलॉजी) बिलासपुर मंडल के सहायक नियंत्रक प्रवीण



सिउंटा ने कहा कि उपभोक्ताओं को सही माप-तौल उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने बताया कि विभाग की टीमें बाजारों, किराना दुकानों, मिठाई विक्रेताओं, फल-सब्जी मंडियों, गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों पर माप-तौल उपकरणों तथा पैक्ड वस्तुओं की नियमित जांच करती हैं। बिना सत्यापन उपकरणों का उपयोग, कम तौल या नियमों के उल्लंघन पर संबंधित व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

सिउंटा ने व्यापारियों से अपील की कि वे केवल विभाग से सत्यापित माप-तौल उपकरणों का उपयोग करें और समय पर उनका पुनः सत्यापन करवाएं। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी खरीदारी के दौरान वजन, मूल्य और पैक्ड वस्तुओं पर दर्ज जानकारी जांचने की अपील की।

# एम्स बिलासपुर का सेवा मॉडल प्रदेश के अन्य अस्पतालों में भी हो शुरू : मटाले




अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख राज कुमार मटाले का बिलासपुर विभाग का दो दिवसीय प्रवास संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने एम्स बिलासपुर में चल रहे सेवा कार्यों का निरीक्षण किया और कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

विभाग संघचालक शांति स्वरूप की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में बिलासपुर, हमीरपुर और ऊना के सेवा कार्यकर्ता शामिल हुए। सेवा भारती के जिला अध्यक्ष देव राज शर्मा ने बताया कि एम्स बिलासपुर में संस्था की ओर से चाय-बिस्कुट सेवा, बिस्तर सेवा और हेल्प डेस्क के माध्यम से प्रतिवर्ष करीब 2.80 लाख लोगों को सहायता दी जा रही है।

मटाले ने इन सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि एम्स बिलासपुर का सेवा मॉडल अन्य अस्पतालों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज निर्माण के लिए फ्री कोचिंग और संस्कार केंद्र शुरू करने का आह्वान किया।

इसके बाद उन्होंने नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन के डॉक्टरों के साथ बैठक की। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टर दुर्गम क्षेत्रों में समय-समय पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करते हैं। इस अवसर पर संघ और सेवा कार्यों से जुड़े कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** कारगिल विजय दिवस की स्मृति में 26 जुलाई को जिला बिलासपुर के शहीद स्मारक, चंगर सेक्टर में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू होगा, जिसमें देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा जाएगा।

हिमाचल प्रदेश वैटरन सैनिक कल्याण एवं विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष और एक्स सर्विसमैन सैनिक लीग बिलासपुर के अध्यक्ष कैप्टन बालक राम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में उपायुक्त राहुल कुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों सहित सैन्य अधिकारी भी समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान अनेक वीर जवानों ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जिन्हें देश हमेशा सम्मान के साथ याद रखेगा। कैप्टन शर्मा ने पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, सैनिक संगठनों और आम नागरिकों से समारोह में शामिल होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की।

# बैकवर्ड लिंकेज जांच के आधार पर मुक्तसर पंजाब से दबोचा चिट्टा तस्कर : एसपी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर पुलिस की नशा तस्करी के विरुद्ध व्यापक कार्यवाही जारी है। पुलिस थाना स्वारघाट में अभियोग संख्या 50,2026 (16,07,2026) धारा 21 एवं 29 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दर्ज मामले में पुलिस ने अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 40.07 ग्राम चिट्टा, हेरोइन बरामद की है।



मामले में पुलिस थाना स्वारघाट की टीम ने यातायात चेकिंग के दौरान सुमन कुमार पुत्र राम लाल निवासी सुरहाड, जिला बिलासपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7.32 ग्राम चिट्टा, हेरोइन बरामद किया था। मामले की बैकवर्ड लिंकेज जांच के दौरान यह सामने आया कि बरामद चिट्टा, हेरोइन का स्रोत खरड़, पंजाब से जुड़ा हुआ है। तकनीकी एवं डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 17 जुलाई को एक विशेष टीम पंजाब रवाना की। पुलिस द्वारा दबिश देकर सोनू कुमार पुत्र कुलवंत कुमार निवासी मुक्तसर साहिब पंजाब को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 32.75 ग्राम चिट्टा, हेरोइन बरामद की गई। प्रारम्भिक जांच में यह भी पाया गया है कि आरोपी सोनू कुमार बरामद 32.75 ग्राम चिट्टा, हेरोइन की खेप को जिला बिलासपुर के विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई करने की फिराक में था। पुलिस इस संबंध में उसके संपर्कों तथा संभावित ग्राहकों की भी जांच कर रही है।

बिलासपुर पुलिस की रणनीति अब केवल स्थानीय गिरफ्तारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि नशे के स्रोत तक पहुंचकर पूरे सप्लाई नेटवर्क को ध्वस्त करने की है। बैकवर्ड लिंकेज जांच के माध्यम से नशा तस्करी के मूल स्रोतों पर भी लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# जुखाला कॉलेज में स्वयंसेवियों ने की सफाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित एक दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया। कार्यकारी प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार सहित आसपास के क्षेत्र की सफाई कर स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। एनएसएस इकाई के कार्यक्रम समन्वयक अमन शर्मा के मार्गदर्शन में स्वयंसेवियों को विभिन्न कार्य समूहों में विभाजित किया गया। सभी समूहों ने निर्धारित समय में अपने-अपने कार्य पूरे करते हुए परिसर की स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण में सक्रिय योगदान दिया।

# समस्याओं को लेकर डीसी से मिला प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्रीमुक्तिधाम भरतपुर की समस्याओं को लेकर श्रीमुक्तिधाम निर्माण एवं विकास समिति का प्रतिनिधिमंडल सचिव ओम प्रकाश गर्ग की अध्यक्षता में उपायुक्त राहुल कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मुक्तिधाम की सड़क और पेयजल समस्या के शीघ्र समाधान की मांग रखी। समिति प्रवक्ता अनीश ठाकुर ने बताया कि लुहणु मेला मार्ग से मुक्तिधाम तक जाने वाली संपर्क



सड़क लंबे समय से खराब है। बरसात में जलभराव और गड्ढों के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने सड़क को जल्द पक्का करने की मांग की। उन्होंने बताया कि मुक्तिधाम में स्थायी जलापूर्ति की भी समस्या बनी हुई है, जिससे अंतिम संस्कार और अन्य धार्मिक कार्यों में दिक्कत आती है। समिति ने 24 घंटे पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। उपायुक्त राहुल कुमार ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दो युवकों से 5.86 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**अनंत ज्ञान, राहुल सहगल, चंबा।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसआईयू चंबा की टीम को शनिवार को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने काली माता मंदिर के समीप परेल पुल से सरोल-भद्रम मुख्य मार्ग पर गश्त के दौरान दो व्यक्तियों के कब्जे से 5.86 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसआईयू चंबा की टीम नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान संदेह के आधार पर दो व्यक्तियों की तलाशी ली गई, जिसमें उनके कब्जे से कुल 5.86 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान मनोज कुमार (40 वर्ष) पुत्र स्व. सुरेश कुमार निवासी गांव हरिपुर, डाकघर सरोल, तहसील एवं जिला चंबा तथा अजीत कुमार (32 वर्ष) पुत्र योग राज निवासी गांव हरिपुर, डाकघर सरोल, तहसील एवं जिला चंबा के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### डीसी चंबा ने किया कार्यालयों का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** डीसी मुकेश रेपसवाल ने शनिवार को जिला मुख्यालय में सहायक पंजीयक (सहकारी सभाएं), जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक तथा तहसीलदार (निर्वाचन) के कार्यालयों का निरीक्षण किया तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित कार्यालयों में विभागीय कार्यप्रणाली व कार्य प्रगति के अलावा साफ सफाई तथा सुविधाओं की भी विस्तृत जांच की। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय में रखे गए अनावश्यक पुराने रिकॉर्ड को न्यूनतम समय अवधि के भीतर निष्पादित किया जाए ताकि कार्यालयों में स्थान का सदुपयोग सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए जिला में स्थानीय स्तर पर दूध की पैदावार तथा अन्य कृषि उत्पादों को सहकारी सभाओं के माध्यम से विपणन व बिक्री सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर सहायक पंजीयक (सहकारी सभाएं ) सुरजीत धीमान, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक करण ठाकुर, तहसीलदार निर्वाचन अनूप डोगरा तथा जिला अंकेक्षण अधिकारी राजेश कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

### साच से भटोरी संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा/पांगी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पांगी क्षेत्र में साच से परमार भटोरी तक प्रस्तावित संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। लोक निर्माण विभाग ने कार्य एजेंसी को साइट सौंप दी है। अधिशासी अभियंता रवि शर्मा ने बताया कि 11.280 किलोमीटर लंबी यह सड़क 3 मीटर चौड़े मार्ग के रूप में आधुनिक तकनीक से तैयार की जाएगी। निर्माण के दौरान रिटेनिंग व ब्रेस्ट वॉल, साइड ड्रेन, पैरापेट और अन्य सुरक्षा कार्य भी किए जाएंगे। परियोजना की अनुमानित लागत 26.43 करोड़ रुपये है। सड़क बनने से क्षेत्रवासियों को वर्षभर बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और अन्य विकास गतिविधियों को गति मिलेगी। विभाग ने कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

### अंतरराष्ट्रीय मिंजर एथलेटिक्स टूर्नामेंट 23-24 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** चंबा के ऐतिहासिक चौगान में 23 और 24 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय मिंजर फेयर एथलेटिक्स टूर्नामेंट-2026 आयोजित किया जाएगा। जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शौकत अली और महासचिव उमेश चोना ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ दोनों दिन सुबह 8 बजे होगा। इसमें पुरुष, महिला और अंडर-16 वर्ग में 1500, 800, 400 और 200 मीटर दौड़ सहित विभिन्न स्पर्धाएं होंगी। विजेताओं को क्रमशः 2000, 1500 और 1000 रुपये नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। अंडर-16 में 1 जनवरी 2009 या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। संघ ने खिलाड़ियों और संस्थानों से अधिक भागीदारी की अपील की है।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. जालम भारद्वाज की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य खंडों की प्रगति रिपोर्ट, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, बाल स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोग कार्यक्रम और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। टीबी उन्मूलन अभियान की प्रगति पर चर्चा करते हुए डॉ. भारद्वाज ने स्वास्थ्य कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लोगों तक पहुंचाने और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# बारिश से चंबा जिले की कई मुख्य सड़कें बाधित, बहाली में जुटा विभाग

## लाहड़ू-सिंहुता, लाहड़ू-चुवाड़ी तथा चुवाड़ी-भराड़ी मार्गों पर भारी मलबा गिरा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** जिला चंबा में बीती रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण कई प्रमुख सड़कों पर भूस्खलन होने से यातायात प्रभावित हुआ। लाहड़ू-सिंहुता, लाहड़ू-चुवाड़ी तथा चुवाड़ी-भराड़ी मुख्य मार्गों पर भारी मात्रा में मलबा आने से वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई, जिससे स्थानीय लोगों और यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

हालांकि, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित सड़कों को बहाल करने का अभियान युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। विभाग की जेसीबी मशीनें और श्रमिक लगातार मलबा हटाने में जुटे हुए हैं ताकि यातायात जल्द से जल्द सामान्य किया जा सके। अधीक्षण अभियंता, डलहौजी मंडल ने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए विभाग ने पहले से ही सभी आवश्यक तैयारियां कर रखी थीं। संवेदनशील एवं भूस्खलन संभावित स्थलों पर मशीनरी और कर्मचारियों की तैनाती पहले ही सुनिश्चित कर दी गई थी, जिससे मार्ग बाधित होने की स्थिति में तत्काल राहत एवं बहाली कार्य शुरू किया जा सके। उन्होंने बताया कि भटियात क्षेत्र में बीती रात बारिश के कारण बंद हुए अधिकांश मार्गों को बहाल कर दिया गया है। वहीं चुवाड़ी-भराड़ी मार्ग पर भी श्रमिकों और मशीनों की सहायता से मलबा हटाने का कार्य तेजी से जारी है और इसे शीघ्र ही यातायात के लिए पूरी तरह खोल दिया जाएगा। अधीक्षण अभियंता ने कहा कि चंबा, भरमौर, तीसा, पांगी और सलूणी को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर विभाग की टीमें लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। मशीनें भेजकर बहाली का कार्य जारी है।



बारिश के कारण सड़क से गिरे मलबे को हटाती जेसीबी। अनंत ज्ञान

# पालकी में जिंदगी: सड़क न होने से बीमार बुजुर्ग को कंधों पर अस्पताल पहुंचाने को मजबूर ग्रामीण

अनंत ज्ञान

**भरमौर ( चंबा )।** विकास और आधुनिक सुविधाओं के दावों के बीच जनजातीय क्षेत्र भरमौर की ग्राम पंचायत दुर्गठी के वार्ड नंबर-4 से सामने आई तस्वीरें व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर रही हैं। यहां सड़क सुविधा के अभाव में एक बीमार बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाने के लिए ग्रामीणों को पालकी का सहारा लेना पड़ा। कई किलोमीटर तक दुर्गम पहाड़ी रास्तों से मरीज को कंधों पर उठाकर सड़क तक पहुंचाया गया, जहां से उसे आगे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर-4 तक आज भी सड़क नहीं पहुंची है। ऐसे में एम्बुलेंस या अन्य कोई वाहन गांव तक नहीं पहुंच सकता। बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ने पर ग्रामीणों के पास पालकी के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। उन्होंने जान जोखिम में डालकर संकरे और कठिन पहाड़ी रास्तों से मरीज को कंधों पर उठाकर सड़क तक पहुंचाया। यह घटना एक बार फिर उन दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों की बदहाल स्थिति को उजागर करती है, जहां आज भी लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे वर्षों से सड़क निर्माण की मांग उठा रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांग केवल आश्वासनों तक ही सीमित रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क सुविधा के अभाव में मरीजों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो भविष्य में कोई भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत दुर्गठी के वार्ड नंबर-4 को प्राथमिकता के आधार पर सड़क सुविधा से जोड़ा जाए, ताकि भविष्य में किसी भी मरीज को उपचार के लिए पालकी के सहारे अस्पताल ले जाने जैसी दर्दनाक स्थिति का सामना न करना पड़े।



### चंबा में 149 बिजली डिफाल्टर उपभोक्ताओं को नोटिस जारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विद्युत उपमंडल चंबा नंबर-02 ने बिजली बिलों की बकाया राशि वसूलने के लिए डिफाल्टर उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। विभाग ने उपमंडल क्षेत्र के 149 बिजली बिल डिफाल्टरों को नोटिस जारी कर निर्धारित अवधि के भीतर लंबित राशि जमा करवाने के निर्देश दिए हैं। सहायक अभियंता अजय कुमार ने बताया कि सभी डिफाल्टर उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल का भुगतान शीघ्र करने के लिए नोटिस भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर बिल जमा नहीं करवाया गया तो हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के नियमों के तहत संबंधित उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटने सहित अन्य आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करवाने की अपील करते हुए कहा कि समय पर भुगतान करने से न केवल अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सकेगा, बल्कि विद्युत सेवाएं भी निर्बाध रूप से जारी रहेंगी।

# मणिमहेश यात्रा से पहले एनएच-154ए की बदहाली बनी चिंता, सुरक्षा कार्य अधूरे

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** विश्व प्रसिद्ध पवित्र मणिमहेश यात्रा के आरंभ होने से पहले पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-154ए) की खराब स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। पिछले वर्ष प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त हुए इस मार्ग पर कई स्थानों पर धंसाव और सड़क के संकरे हिस्सों की समस्या अब भी बनी हुई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार कार्य पूरे नहीं किए गए तो यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले वर्ष आपदा के दौरान मार्ग की स्थिति इतनी खराब हो गई थी कि कई श्रद्धालुओं को अपने वाहन भरमौर, हड़सर, दुर्गेठी और लूणा जैसे स्थानों पर छोड़कर पैदल सुरक्षित स्थानों तक पहुंचना पड़ा था। हालांकि विभाग ने उस समय मार्ग को शीघ्र बहाल कर दिया था, लेकिन स्थायी सुरक्षा कार्य अभी तक पूरे नहीं हो पाए हैं। लोगों ने बताया कि मैहला, बग्गा, चन्नू हट्टी, धरवाला, लोथल, त्रिलोचन महादेव, बत्ती हट्टी और दुर्गेठी सहित कई स्थानों पर सड़क धंसने की समस्या बनी हुई है। इन जगहों पर कंक्रीट डंगे और सुरक्षा दीवारों का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है, जिससे दुर्घटनाओं और यातायात बाधित होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, ऐसे में मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था बेहद जरूरी है। सड़क की खराब स्थिति से स्थानीय व्यापारियों, होटल संचालकों, ढाबा व्यवसायियों और घोड़ा-खच्चर संचालकों को भी नुकसान उठाना पड़ सकता है। रामलाल, सोनू, गिजो, पालू मिन्हास, राजेश शर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क की मरम्मत, टारिंग तथा धंसते हिस्सों पर डंगे और सुरक्षा दीवारों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा सुविधा मिल सके।



# रेई-खजियार संपर्क सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, रोशन लाल, पांगी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत रेई-खजियार संपर्क सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ हो गया। लगभग 3.47 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण करीब 11 करोड़ 88 लाख रुपए की अनुमानित लागत से किया जाएगा। सड़क निर्माण शुरू होने से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है और लंबे समय से चली आ रही बेहतर सड़क सुविधा की मांग पूरी होने की उम्मीद जगी है। निर्माण कार्य शुरू होने से पूर्व स्थानीय पुजारी जोधामल द्वारा भूमि पूजन एवं पूजा-अर्चना कर कार्य का शुभारंभ कराया गया। इसके बाद निर्माण एजेंसी ने मौके पर कार्य प्रारंभ कर दिया। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग किलाड़ मंडल के अधिशाषी अभियंता रवि शर्मा, सहायक अभियंता भाग सिंह राणा, कनिष्ठ अभियंता योग राज, अधीक्षक कर्म सिंह, विभाग के अन्य अधिकारी, निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से आवागमन आसान होगा, ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक बेहतर पहुंच मिलेगी। साथ ही क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ताकि लोगों को जल्द से जल्द सड़क सुविधा का लाभ मिल सके।

# नीट परीक्षा परिणाम में आकाश एजुकेशनल के चार छात्र ऑल इंडिया टॉप 10 में

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** नीट यूजी 2026 परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 8 हासिल कर आकाश एजुकेशनल, चंडीगढ़ के छात्र गीतांश चंडीगढ़ रीजन में टॉपर बने है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि, मेडिकल प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के माध्यम से छात्रों के भविष्य को संवारने की दिशा में आकाश एजुकेशनल की प्रतिबद्धता को एक बार फिर साबित करती है।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित नीट यूजी 2026के परिणामों में चंडीगढ़ रीजन से गीतांश ने 720 में से 705 अंक प्राप्त किये । वहीं, कृष गुप्ता ने 705 अंक के साथ ऑल इंडिया रैंक 15, रिशित सिंगला ने 690 अंक के साथ ऑल इंडिया रैंक 100, आदिल चाहल ने 685 अंक के साथ ऑल इंडिया रैंक 175, स्पर्श गर्ग ने 685 अंक के साथ ऑल इंडिया रैंक 184, शिव जिंदल ने 685 अंक के साथ ऑल इंडिया रैंक 196, कार्तिक सलारिया ने 684 अंक के साथ ऑल इंडिया रैंक 216, अजय प्रताप सिंह ने 680 अंक के साथ ऑल इंडिया रैंक 303 हासिल की। 8 अन्य छात्र भी ।1000 के अंदर शामिल हुए।

आकाश के 4 छात्रों ने ऑल इंडिया टॉप 10, 18 छात्रों ने टॉप 50 तथा 41 छात्रों ने टॉप 100 में स्थान बनाया है। यह उपलब्धि संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी फैकल्टी, वैज्ञानिक शिक्षण पद्धति, व्यापक अध्ययन सामग्री, नियमित टेस्ट और व्यक्तिगत मार्गदर्शन की मजबूत व्यवस्था को दर्शाती है। जसदीप सिंह बाबरा क्षेत्रीय निदेशक, आकाश एजुकेशनल ने कहा कि यह सफलता छात्र की कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प तथा अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग का परिणाम है।

# मैक्स अस्पताल में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी से मरीज को मिला नया जीवन

**अनंत ज्ञान, मोहाली।** पेट में गंभीर सूजन, दर्द, उल्टी और तेज बुखार से पीड़ित 36 वर्षीय मरीज का मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली में सफल मिनिमली इनवेसिव लेप्रोस्कोपिक सर्जरी से इलाज किया गया। मैक्स हॉस्पिटल के प्रिंसिपल कंसलटेंट-जनरल, गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल एवं रोबोटिक सर्जरी डॉ. अनुपम गोयल ने बताया कि जांच में मरीज की छोटी आंत के ऊपरी हिस्से में छेद पाया गया था। समय पर उपचार न मिलने पर यह गंभीर संक्रमण और सेप्सिस का कारण बन सकता था।



डॉ. गोयल के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने मॉडिफाइड ग्राहम्स पैच तकनीक से लेप्रोस्कोपिक रिपेयर सर्जरी की। इसमें बड़े चीरे की जगह छोटे कीहोल के माध्यम से उपचार किया गया, जिससे मरीज को कम दर्द हुआ और रिकवरी भी तेज रही। डॉ. गोयल ने कहा कि यह एक सर्जिकल इमरजेंसी थी, जिसमें तुरंत इलाज जरूरी था। आधुनिक मिनिमली इनवेसिव तकनीकों से जटिल मामलों का कम जोखिम और बेहतर परिणामों के साथ उपचार संभव हो रहा है। सर्जरी के बाद मरीज तेजी से स्वस्थ हुआ और सात दिन की निगरानी के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# पंचकूला में लॉन्च हुई टाटा सिएरा इलेक्ट्रिक एसयूवी

अनंत ज्ञान

**पंचकूला।** ऑटो मोबाइल्स ने इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 स्थित शोरूम में ऑल-न्यू टाटा सिएरा.ईवी 4डब्ल्यूडी (डुअल मोटर) का भव्य अनावरण किया। कार्यक्रम में ग्राहकों, ऑटोमोबाइल प्रेमियों और मीडिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एसबीआई आरबीओ पंचकूला के क्षेत्रीय प्रबंधक रोहित शर्मा ने वाहन का अनावरण किया। पंचकूला ऑटोमोबाइल्स के जनरल मैनेजर नवीन थपलियाल ने कहा कि सिएरा.ईवी आधुनिक तकनीक, सुरक्षा और शानदार प्रदर्शन के साथ प्रीमियम इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के भविष्य को दर्शाती है।



टाटा सिएरा-ईवी कंपनी के एसीटीआई ईवी+ इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म पर आधारित है। यह 63 केडब्ल्यूएच और 75 केडब्ल्यूएच बैटरी विकल्पों में उपलब्ध है। इसके डुअल मोटर ऑल-व्हील ड्राइव वेरिएंट में 306 पीएस पावर और 504 एनएम टॉर्क मिलता है, जो इसे 5.8 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ने में सक्षम बनाता है।

एसयूवी की प्रमाणित ड्राइविंग रेंज 665 किलोमीटर तक है, जबकि वास्तविक परिस्थितियों में यह करीब 510 से 530 किलोमीटर तक चल सकती है। कंपनी ने कहा कि यह लॉन्च ट्राईसिटी क्षेत्र में पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ मोबिलिटी को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम है।

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता हैं कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लक्ष्यों के अनुरुप, विकास खण्ड गोहर में स्थित PWMU (प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमैण्ट युनिट) तथा वेस्ट कोलैक्शन व सैंगिरीगेशन शैड का संचालन व रख रखाव तथा विकास खण्ड गोहर की समस्त 38 ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट का संग्रहण व सुरक्षित निपटारे की व्यवस्था हेतु खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय विकास खण्ड गोहर जिला मण्डी (हि0प्र0) द्वारा दिनांक 02-08-2026 तक निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। इस संबंध में इच्छुक निविदा दाताओं से आग्रह किया जाता हैं कि वह दिनांक 02-08-2026 सांय 5 बजे तक अपनी- अपनी निवेदायें विकास खण्ड कार्यालिलय गोहर में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत तौर पर जमा कर सकते हैं। उक्त सन्दर्भ में सरकार एवं विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार नियम व शर्तें लागू / मान्य होंगी।

खण्ड विकास अधिकारी
विकास खण्ड गोहर जिला मण्डी (हि0प्र0)

**Office of Gram Panchayat Kot (Development Block Gopalpur, District Mandi, H.P.)**

**NOTICE INVITING QUOTATION**

Sealed quotation are hereby invited from the registered Mahila Mandal, Self Help Group (SHGs), Yuvak Mandal and any other registered recycler (Kabadi Wala) for the operational and maintenance of Plastic Waste Management Unit (PWMU) already installed/established at Gram Panchayat Kot. For this, application on simple paper can be submitted with minimum security money of Rupees 1000.00 (One Thousand) in the office of undersigned before 23-07-2026. Rest of the details can be obtained from the office of undersigned before 27.07.2026 of submission of quotation during the working hours.

**Assistant Commissioner (Dev) cum-Block Development Officer, Development Block Gopalpur District Mandi (H.P).**

# पीएम मोदी पंजाब के असली मुद्दों का जवाब देने में रहे नाकाम : पन्नू

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। आप पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री का दौरा केवल राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित रहा और पंजाब के वास्तविक मुद्दों पर कोई जवाब नहीं दिया गया।

एक वीडियो संदेश में पन्नू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पंजाब सरकार पर आरोप लगाए, लेकिन किसानों, एमएसपी की कानूनी गारंटी और राज्य के लंबित फंड जैसे मुद्दों पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग इन सवालों का समाधान चाहते हैं, केवल आरोप-प्रत्यारोप नहीं। उन्होंने किसान आंदोलन के दौरान किसानों की मौतों, एमएसपी गारंटी और केंद्र से पंजाब को मिलने वाले फंड को लेकर भी केंद्र सरकार से जवाब मांगा। पन्नू ने आरोप लगाया कि पंजाब को उसके अधिकारों से जुड़े फंड के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

### राज्यपाल ने चंडीगढ़ में कोकून हॉस्पिटल का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने शनिवार को चंडीगढ़ में आरजे कॉर्प हेल्थकेयर के कोकून हॉस्पिटल का शुभारंभ किया। यह अस्पताल महिलाओं, गर्भवती माताओं, नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। हॉस्पिटल में प्रेग्नेंसी प्लानिंग, गर्भावस्था, सुरक्षित डिलीवरी, नवजात शिशु देखभाल, पीडियाट्रिक्स और महिलाओं से जुड़े सुपर स्पेशलिटी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। यहां अत्याधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ डॉक्टरों और व्यक्तिगत देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बड़ीधार**
**विकास खण्ड द्रंग, जिला मण्डी ( हि. प्र. )**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत बड़ीधार विकास खण्ड द्रंग जिला मण्डी द्वारा वित वर्ष 2026-27 के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा 25-07-2026 अपराहन 1:00 बजे से पूर्व ग्राम पंचायत कार्यालय बड़ीधार में पहुंच जानी चाहिए। इसी दिनांक को अपराहन 2:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। [illegible]

**सामग्री का विवरण :** 1. रेत व बजरी (सड्ड) – प्रति घन फुट 2. रेत व बजरी (क्रेशर) – प्रति घन फुट 3. सोलिंग/ बोल्डर पत्थर – प्रति घन मीटर 4. पत्थर (Cut Stone) – प्रति पत्थर 5. पक्की ईंट (मिट्टी के भट्टे की) – प्रति ईंट 6. मशीन द्वारा कटान (Cutting through JCB Machine) – प्रति घंटा 7. [illegible] 8. सरिया – प्रति क्विंटल 9. पी वी सी पाइप – प्रति मीटर 10. सुरक्षा पट्ट RCC 2'*3 feet and 4'*5 feet with writing – प्रति बोर्ड 11. Wall painting and writing – प्रति वर्ग फुट 12. [illegible] 13. मिक्सर – प्रति घंटा 14. RCC SPUN PIPES – प्रति मीटर

**नियम व शर्तें :-** [illegible]

प्रधान/सचिव

**ग्राम पंचायत खोलनाल** विकास खंड बल्ह चौकी, जिला मंडी(हि.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रस्ताव संख्या 08 - वित वर्ष 2026-27 हेतु कुटेशन आमंत्रित करने बारे :- बैठक में प्रस्ताव अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव रखा कि हमारी ग्राम पंचायत खोलनाल के वित वर्ष 2026-27 हेतु कुटेशन आमंत्रित करने की आवश्यकता है। [illegible]

सामग्री का विवरण :- 1. रेत- प्रति फुट 2. बजरी- प्रति फुट 3. ईंट प्रति ईंट 4. पत्थर- Per cum, 5. सटरिंग प्रति sq.feet, 6. JCB Cutting Per cum, 7. CIB - प्रति एक 2x3, 8. GI Sheet -3.5x12 Foot, 9. सफ्वर ढुलान नाबाई सर्वेसंख्या 1.2.3.4 और 5, प्रति फुट। 10. Cement Transpotation Bali chowki to FOR GP Kholanal- प्रति बैग

**शर्तें :-** [illegible] ... 29/07/2026 ... 30-07-2026 ... [illegible]

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत खोलनाल

**कार्यालय ग्राम पंचायत बकान**
**विकास खंड मैहला, जिला चंबा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

आज प्रधान ने पंचायत सदस्यों सम्मुख प्रस्ताव रखा कि सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि दिनाकं 08-07-2026 को ग्राम पंचायत बकान की मासिक बैठक के प्रस्ताव संख्या 9 के अनुसार वर्ष 2026-27 में मनरेगा व अन्य मदों निम्न किए जाने वाले विकास कार्यो में लगाई जाने वाली सामाग्री जैसे रेत (प्रति Cum) पत्थर तोड़ाई ढुलाई (प्रति CUM) बजरी (प्रति CUM) सैटरिंग (प्रति फीट) JCB मशीन कटाव के अन्य मद (प्रति घन मीटर) ईट ढुलान (प्रति ईट) सरिया ढुलान (प्रति किवंटल) सीमेंट ढुलान (प्रति बैग) कैर्ज ढुलान जो भी होगा प्रति किलोमीटर के लिए वार्ड स्तर पर निविदाए आंमत्रित की जा रही है। अत : इच्छुक व्यक्ति अपनी फार्म दिनाकं 23-07-2026 को 11 बजे से 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत बकान में अपने लैटर पैड पर बन्द लिफाफे में अपनी निविदाए जमा करवाएं उसके बाद कुटेशन मान्य नही होगी और दिनाकं 25-07-2026 को निविदाओं को कमेटी के सामने खोला जाएगा । **कुटेशन के लिए नियम व शर्ते जो पंचायत द्वारा लगाई गई है वो निम्नलिखित प्रकार से है।** (1) आपूर्तिकर्ता के पास GST टेन नबंर होना अनिवार्य है । (2) बिना जीएसटी निविदा को सूचना दिए रदद् करने का अधिकार पंचायत को होगा । (3) पंचायत को समय पर सामग्री उपलब्ध नहीं करवाने की दशा में कुटेशन को रद्द किया जाएगा ओर दूसरे न0 वाले आपूर्ति कर्ता से सामग्री लेने का अधिकार होगा । (4) कनिष्ठ अभियन्ता तकनीकी कर्मचारी के द्वारा बिल को पारित करने उपरान्त ही बिल का भुगतान किया जाएगा । (5) सामग्री की कुटेशन वार्ड वार ही मान्य होगी चाहे पत्थर रेता बजरी य फिर किसी भी प्रकार का ढुलान आदि हो पंचायत वार्ड ही होगा । (6) कुटेशन कॉल करने वाले व्यक्ति ध्यान दे कि जैसे ही सामग्री के बिल लगाए जाएगे उसी वक्त पंचायत M फार्म देना होगी । (7) कुटेशन ठेकेदार की PWD या IPH से रजिस्टेशन रनीयु कापी साथ होनी चाहिए जिसकी रजिस्टेशन रनीयु नहीं होगी उसकी कुटेशन रद्द मान्य जाएगी । (8) कुटेशन के साथ GST रजिस्ट्रेशन की कॉपी आधार कार्ड पहचान पत्र बैंक खाते की कोपी अनिवार्य होगा । (9) निविदा धारकों को निविदा खोलने की अलग से सूचना पंचायत कार्यालय के द्वारा नहीं भेजी जाएगी जो नोटिस पर लगाई गई है उसको ही ध्यान में रखे । पंचायत सामग्री की सप्लाई पके बिल पर ही प्राप्त होगे जिस पर GST संख्या PEN संख्या आधार न0 व बैंक A/C न0 IFSC न0 अंकित हो ओर सादे कागज पर बिल मान्य नही होगा ओर बिल के साथ प्राप्त सामग्री की रसीद भी साथ छपी होनी चहिए वो ही बिल मान्य होगा । 11 कुटेशन उस व्यक्ति की मान्या होगी जिसकी 100000 रुपय की FD साथ होनी चहिए। 12 कुटेशन खोलने वाली कमेटी प्रधान उप प्रधान वार्ड सदस्य व कर्मचारी पंचायत सचिव तकनीकी सहायक रोजगार सेवक इन लोगों के हस्ताक्षर होने के उपरान्त ही कुटेशन को खोला जाएगा ।

प्रधान/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत बकान
विकास खंड मैहला, जिला चंबा (हि.प्र.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत जेजवीं**
**विकास खंड झंडूता, जिला बिलासपुर (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

आज दिनांक को ग्राम पंचायत जेजवीं की बैठक सम्पन हुई जिस में पारित हुआ कि वर्ष 2026-2027 वित वर्ष हेतु निविदा आमंत्रित की जाए डाक द्वारा मान्यकी जाएगी निविदा 27-7-2026 को खोली जाएंगी निविदा 26-7-2026 सायं 5 बजे तक स्वीकृत की जाएगी बैठक में फैसला लिया की निविदा देने वाले के पास GST no टिपर तथा ट्रैक्टर होना अनिवार्य है अन्यथा जिस के पास टिपर तथा ट्रैक्टर नही है उस की कुटेशन रद्द कर दी जाएगी टिपर तथा ट्रैक्टर की RC साथ संलग्न करे । तथा M फार्म होना अनिवार्य है।

| क्र.सं. | वस्तु का नाम | तादाद |
| --- | --- | --- |
| 1 | रेता | 1M3 |
| 2 | बजरी | 1M3 |
| 3 | सारियां | प्रति किलो |
| 4 | ईट | प्रति ईट |
| 5 | सीमेंट ढुलान | प्रति बैग |
| 6 | बोल्डर | 1M3 |
| 7 | कट स्टोन | 1M3 |
| 8 | सैटरिंग | प्रति स्केयर फुट |
| 9 | ढुलान टैक्टर लोकल चक्र | प्रति टैक्टर |
| 10 | बोर्ड लिखवाई | प्रति बोर्ड |
| 11 | खचर ढुलान | प्रति 1M3 |
| 12 | रोलर | प्रति घंटा |
| 13 | ब्रेकर | प्रति घंटा |
| 14 | पाईप कनवर्ट | प्रति पाईप |
| 15 | सोलर लाईट | प्रति सोलर लाईट |
| 16 | टेंट कुर्सियां छायादान | प्रति कुर्सी |
| 17 | JCB | प्रति घंटा |
| 18 | वाटर टैंक | प्रति दिन |
| 19 | GI शीट | प्रति शीट |
| 20 | मिक्चर मशीन | प्रति दिन |
| 21 | GI पाईप | प्रति पाईप |

बैठक में पारित हुआ की कुटेशन के साथ 20000 रुपए की FD पंचायत के नाम देनी सलंग्न करनी अनिवार्य है ।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत जेजवीं
विकास खंड झंडूता, जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

## नेसलीहान का खूबसूरत खेल अंदाज

**तुर्की।** तुर्की की वॉलीबॉल खिलाड़ी नेसलीहान डेमिर डार्नेल अपनी बेहतरीन जम्प सर्व, शक्तिशाली हमलों और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। वह एक वैश्विक वॉलीबॉल स्टार बन गई।




फीफा वर्ल्ड कप फाइनल

## 102 मैचों के बाद मेसी-यमाल आमने-सामने

# अर्जेंटीना-स्पेन में ताज की टक्कर आज

**एजेंसी, नई दिल्ली**



102 मैच, 31 दिन और 46 टीमों के लंबे सफर के बाद फुटबॉल विश्व कप 2026 को अपने दो फाइनलिस्ट मिल गए हैं। गत चैंपियन अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचा है, जबकि स्पेन 16 साल बाद खिताबी मुकाबला खेलेगा। दोनों टीमें 19 जुलाई रविवार रात 12:30 बजे विश्व कप ट्रॉफी के लिए आमने-सामने होंगी। अर्जेंटीना के फाइनल तक पहुंचने में कप्तान लियोनेल मेसी सबसे बड़े मैच विनर रहे। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में सर्वाधिक आठ गोल किए, अल्जीरिया के खिलाफ हैट्रिक जमाई और इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में आखिरी सात मिनट में दो असिस्ट देकर हार को जीत में बदल दिया।

मिडफील्ड में एंजो फर्नांडीज ने खेल की रफ्तार नियंत्रित की। इंग्लैंड के खिलाफ उनका लंबी दूरी का शानदार गोल बराबरी दिलाने में निर्णायक साबित हुआ। लॉटारो मार्टिनेज ने सेमीफाइनल में इंजरी टाइम में विजयी हेडर लगाकर टीम को लगातार दूसरे फाइनल में पहुंचाया। डिफेंडर क्रिस्टियन रोमेरो ने मिस्र के खिलाफ पूरे टूर्नामेंट में मजबूत रक्षात्मक प्रदर्शन किया। वहीं जूलियन अल्वारेज ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल के एक्स्ट्रा टाइम में निर्णायक गोल कर सेमीफाइनल का रास्ता खोला। स्पेन की सफलता की सबसे बड़ी वजह उसका अभेद्य डिफेंस रहा। गोलकीपर उनाई सिमोन ने पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ एक गोल खाया और फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में कई शानदार बचाव किए। युवा स्टार लामिन यमाल ने अपनी गति और ड्रिब्लिंग से विपक्षी डिफेंस को लगातार परेशान किया, जबकि मिकेल ओयारजाबाल ने पांच गोल और एक असिस्ट के साथ स्पेन के सबसे भरोसेमंद फिनिशर की भूमिका निभाई। अब नजरें फाइनल पर हैं, जहां मेसी की अर्जेंटीना लगातार दूसरा विश्व कप जीतने उतरेगी, जबकि स्पेन 16 साल बाद फिर से विश्व चैंपियन बनने का सपना पूरा करना चाहेगा। (अनंत ज्ञान)

## मेसी के मुरीद हुए डोनाल्ड ट्रंप रोनाल्डो-केन की भी तारीफ

### बोले-अलग प्रतिभा लेकर पैदा होते हैं महान खिलाड़ी

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**



फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल से पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अर्जेंटीना के स्टार लियोनेल मेसी, पुर्तगाल के दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो और इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि महान खिलाड़ी जन्म से ही ऐसी असाधारण प्रतिभा लेकर आते हैं, जो उन्हें बाकी खिलाड़ियों से अलग बनाती है।

न्यूयॉर्क में आयोजित एक कार्यक्रम में ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अर्जेंटीना-इंग्लैंड सेमीफाइनल में मेसी का निर्णायक पास देखा, जिसने मैच का रुख बदल दिया। उनके मुताबिक, कड़ी मार्किंग के बावजूद मेसी का पास लगभग पूरी तरह सटीक था और वही उनकी असाधारण क्षमता का उदाहरण है।

ट्रंप ने कहा, 'महान खिलाड़ी बार-बार ऐसे ही कमाल करते हैं। वे कुछ अतिरिक्त प्रतिभा लेकर पैदा होते हैं। रोनाल्डो भी उन्हीं में से एक हैं। मैं वर्षों से उन्हें जानता हूं और वह बेहतरीन इंसान हैं।' उन्होंने इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन की भी तारीफ की और कहा कि टीम ने उन्हें रक्षात्मक भूमिका देकर रणनीतिक गलती की। ट्रंप के अनुसार, बढ़त मिलने के बाद इंग्लैंड ने अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को आगे रखने के बजाय रक्षा में लगा दिया, जिसका फायदा अर्जेंटीना ने उठाया और अंतिम क्षणों में दो गोल कर 2-1 से जीत दर्ज की। अब विश्व कप फाइनल में गत चैंपियन अर्जेंटीना का सामना यूरोपीय चैंपियन स्पेन से होगा। मुकाबले में मेसी और स्पेन के युवा स्टार लामिन यामाल पर सभी की नजरें रहेंगी। मेसी शानदार फॉर्म में हैं और गोल्डन बूट की दौड़ में भी सबसे आगे चल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

*यूरोपियन एथलेटिक्स अंडर-18 चैंपियनशिप*

### इटली की केली डुआला ने 100 मीटर स्पर्धा में जीता सोना

**एजेंसी, रिएटी (इटली)।** इटली की केली डुआला ने यूरोपियन एथलेटिक्स अंडर18 चैंपियनशिप की 100 मीटर स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 11.14 सेकंड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। रिएटी में शुक्रवार को हुए मुकाबले में अपने देशवासियों के सामने, डुआला ने तेजी से दौड़ते हुए सभी प्रतियोगियों को पीछे छोड़ दिया। डुआला ने प्रतियोगिता में नया रिकॉर्ड बनाया और वह 2001 में मैनुएला लेवोराटो के बाद 11.14 सेकंड का समय दर्ज करने वाली दूसरी इटैलियन महिला बन गईं। डुआला ने पिछले सीजन के अपने ही अंडर 18 रिकॉर्ड को 0.07 सेकंड से बेहतर करते हुए अपना निजी सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड बनाया। मुकाबले के बाद रिकॉर्ड को लेकर डुआला ने कहा, 'मुझे असल में यह पता नहीं था। मैं इसे लेकर बहुत खुश हूं। इसका मतलब है कि मैं हमेशा बेहतर कर सकती हूं और आगे बढ़ती रह सकती हूं। यह भविष्य की ओर बस पहला कदम है। मेरा अगला लक्ष्य अंडर 20 वर्ल्ड चैंपियनशिप है। मैं पदक जीतने का लक्ष्य नहीं रख रही हूं, लेकिन मुझे पता है कि अगर मैं मजे के साथ और शांत रहकर दौडूंगी, तो अच्छा प्रदर्शन करूंगी। यही मायने रखता है। (अनंत ज्ञान)

### बीसीसीआई ने रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों को किया खारिज

**एजेंसी, मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है जिसमें कहा गया है कि लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को होने वाला एकदिवसीय मैच रोहित शर्मा का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने मीडिया को दिए एक बयान में कहा कि 'ऐसी कोई चर्चा' नहीं हुई है। उन्होंने कहा, 'रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर मीडिया में कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है कि रोहित रविवार को लॉर्ड्स में अपना आखिरी मैच खेलेंगे।' उन्होंने अनुभवी सलामी बल्लेबाज भविष्य को लेकर लंबे समय से चल रही अटकलों की निंदा तो नहीं की, लेकिन यह स्पष्ट किया कि रोहित भारत की वनडे योजनाओं का हिस्सा बने रहेंगे। सैकिया ने कहा, 'रोहित भारतीय एकदिवसीय टीम के रेगुलर सदस्य हैं और जब तक वह टीम की योजनाओं का हिस्सा रहेंगे, तब तक देश का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे। दूसरे शब्दों में कहें तो, लॉर्ड्स वनडे उनका आखिरी मैच नहीं होगा।' (अनंत ज्ञान)

### मुबाडाला डीसी ओपन में टॉप-20 में शामिल सात खिलाड़ी लेंगी हिस्सा


**एजेंसी, वॉशिंगटन।** दुनिया की शीर्ष 20 खिलाड़ियों में से सात खिलाड़ियों एलिना स्वितोलिना, मार्टा कोस्त्युक, नाओमी ओसाका, डायना श्नाइडर, इवा जोविक, जैस्मीन पाओलिनी और अन्ना कलिनस्काया अगले महीने होने वाले मुबाडाला डीसी ओपन में खेलेंगी। 28 खिलाड़ियों वाले एकल ड्रॉ में टॉप 30 की खिलाड़ी मैडिसन कीज, लेयला फर्नांडीज, क्लारा टॉसन, एम्मा नवारो, अनास्तासिया पोटापोवा और एन ली भी हैं। सीधे प्रवेश पाने वालों की लिस्ट में एलेक्जेंड्रा एला, क्रिस्टीना बुक्सा, कैटरीना सिनियाकोवा, जैकलीन क्रिस्टियन, जिन्यू वांग, ल्यूडमिला सैमसनोवा और जेनिस जेन शामिल हैं। मेन-ड्रॉ के लिए पहले पांच वैकल्पिक खिलाड़ियों में मैग्डालेना फ्रेच, सारा बेजलेक, एलिसाबेटा कोकियारेटो, मैग्डा लिनेट और केटी बोल्टर हैं। (अनंत ज्ञान)

### आईएसएफ कैनो स्लैलम वर्ल्ड चैंपियनशिप में दुनिया के 256 पैडलर्स लेंगे हिस्सा

**एजेंसी, ओक्लाहोमा सिटी (अमेरिका)।** दुनिया के सबसे अच्छे 256 पैडलर्स 20 से 25 जुलाई तक यहां होने वाली आईएसएफ कैनो स्लैलम विश्व चैंपियपिश 2026 में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यहीं जगह लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक गेम्स में कैनो स्लैलम प्रतियोगिता की मेजबानी भी करेगी। अमेरिका में कैनो स्लैलम बहुत ज़्यादा मशहूर खेलों में से एक नहीं है, लेकिन अगर ओक्लाहोमा के लोगों को किसी चीज का शौक है, तो वह है अच्छा रोडियो। और अगर कोई खेल 'व्हाइटवॉटर रोडियो' कहलाने के लायक है, तो वह कैनो स्लैलम ही है।जाहिर है, एलएस 2028 ओलंपिक गेम्स से दो साल पहले ये दोनों चीजे बड़े पैमाने पर एक साथ आएंगी। ओक्लाहोमाओलंपिक के दौरान कैनो स्लैलम प्रतियोगिताओं की मेज़बानी करेगा। और 2026 आईसीएफ कैनो स्लैलम वर्ल्ड चैंपियनशिप 20-25 जुलाई तक ओकेसी व्हाइटवॉटर सेंटर में होगी। (अनंत ज्ञान)

## सिंधु जापान ओपन फाइनल में चेन यूफेई चोटिल होकर हटीं

**एजेंसी, टोक्यो**



भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान ओपन 2026 के फाइनल में जगह बना ली। शनिवार को खेले गए महिला एकल सेमीफाइनल में चीन की विश्व नंबर-4 चेन यूफेई हैमस्ट्रिंग चोट के कारण मुकाबला बीच में ही छोड़ने को मजबूर हो गईं। उस समय सिंधु पहला गेम 21-19 से जीत चुकी थीं और दूसरे गेम में 15-10 से आगे चल रही थीं।

सिंधु ने मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और पहले गेम में बढ़त बना ली। हालांकि, पूर्व ओलंपिक चैंपियन चेन ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 19-19 से बराबर कर दिया। दबाव के बावजूद सिंधु ने संयम बनाए रखा और लगातार दो अंक जीतकर पहला गेम 21-19 से अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी सिंधु का दबदबा कायम रहा। उन्होंने 15-10 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली थी, तभी चेन यूफेई हैमस्ट्रिंग की चोट से परेशान दिखीं और मैच से हटने का फैसला किया। इसके साथ ही सिंधु फाइनल में पहुंच गईं। यह जीत सिंधु के शानदार फॉर्म का प्रमाण है। 2026 की शुरुआत उन्होंने विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान से की थी, लेकिन लगातार बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर वह शीर्ष-10 में लौटते हुए अब विश्व नंबर-9 बन चुकी हैं। अब खिताबी मुकाबले में सिंधु का सामना जापान की अकाने यामागुची और इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वारदानी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। भारतीय स्टार लंबे अंतराल के बाद सुपर 750 खिताब जीतने के इरादे से फाइनल में उतरेंगी। (अनंत ज्ञान)

## ब्रायन लारा ने सोबर्स को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ब्रायन लारा ने महान क्रिकेटर सर गारफील्ड सोबर्स के निधन पर गहरा शोक जताते हुए उन्हें वेस्टइंडीज का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर बताया। इंस्टाग्राम पर लारा ने लिखा, 'हमारे सबसे महान खिलाड़ी हमें छोड़कर चले गए। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। आपकी विरासत कभी नहीं भुलाई जाएगी।' क्रिकेट इतिहास के महानतम ऑलराउंडरों में शुमार सोबर्स ने 1954 से 1974 के बीच 93 टेस्ट में 8,032 रन और 235 विकेट लिए। 1958 में उनकी नाबाद 365 रन की पारी 36 वर्षों तक टेस्ट क्रिकेट का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर रही। वहीं, 1968 में उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक ओवर में लगातार छह छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बनने का रिकॉर्ड भी बनाया।

1975 में उन्हें नाइटहुड और 2000 में विजडन ने 20वीं सदी के पांच महानतम क्रिकेटरों में स्थान देकर सम्मानित किया। उनके सम्मान में दिया जाने वाला आईसीसी सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी आज भी विश्व क्रिकेट का सबसे प्रतिष्ठित व्यक्तिगत पुरस्कार माना जाता है। (अनंत ज्ञान)

## विश्व कप फाइनल हमारा सपना इतिहास रचना लक्ष्य : सलीमा टेटे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2026 में टीम का लक्ष्य केवल अच्छा प्रदर्शन करना नहीं, बल्कि फाइनल में पहुंचकर इतिहास रचना है। उनके अनुसार एफआईएच नेशंस कप जीतने के बाद टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है और खिलाड़ी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को चुनौती देने के लिए तैयार हैं।

15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप में भारत को पूल-डी में चीन, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के साथ रखा गया है। भारतीय टीम 16 अगस्त को चीन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पहली बार विश्व कप में टीम की कप्तानी कर रहीं सलीमा ने कहा कि यह उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों का क्षण है। उन्होंने कहा कि पिछली बार टीम ने अच्छा खेल दिखाया था, लेकिन नतीजे उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे। इस बार पूरा फोकस फाइनल तक पहुंचने और उससे आगे जाने पर है। सलीमा ने टीम की सबसे बड़ी ताकत आपसी संवाद और भरोसे को बताया। उन्होंने कहा कि युवा और अनुभवी खिलाड़ी एक-दूसरे से लगातार सीखते हैं, जिससे टीम का तालमेल मजबूत होता है। उनके अनुसार विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में दबाव को बोझ नहीं, बल्कि चुनौती के रूप में स्वीकार करना होगा। चीन के खिलाफ पहले मुकाबले पर उन्होंने कहा कि यह नया टूर्नामेंट है और टीम के पास खुद को साबित करने का नया अवसर है। उन्होंने खिलाड़ियों से आत्मविश्वास के साथ अपनी स्वाभाविक शैली में खेलने और अंतिम सेकंड तक संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया।

युवा खिलाड़ियों को संदेश देते हुए सलीमा ने कहा कि वे अपनी मेहनत और क्षमता पर भरोसा रखें तथा बिना दबाव के खुलकर खेलें। उन्होंने कहा कि भारत का प्रतिनिधित्व करना ही टीम की सबसे बड़ी प्रेरणा है और एकजुट होकर खेलते हुए भारत किसी भी टीम को चुनौती देने में सक्षम है। (अनंत ज्ञान)

## लॉडर्स में भारत-इंग्लैंड निर्णायक वनडे आज

### 'हिटमैन' और शुभमन गिल से बड़ी पारी की उम्मीद

**एजेंसी, लंदन**



भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का निर्णायक मुकाबला रविवार को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। इस मैच में सबसे ज्यादा निगाहें पूर्व कप्तान रोहित शर्मा पर होंगी, जो पहले दो मुकाबलों में बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं।

रोहित के संन्यास को लेकर चल रही अटकलों के बीच बीसीसीआई ने स्पष्ट कर दिया है कि यह उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं होगा। हालांकि, 39 वर्षीय बल्लेबाज आलोचकों को जवाब देने के लिए बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। बल्लेबाजों के अनुकूल लॉर्ड्स की पिच उनके लिए लय हासिल करने का अच्छा मौका हो सकती है।

कप्तान शुभमन गिल भी दूसरे वनडे की नाकामी को पीछे छोड़कर टीम को मजबूत शुरुआत देना चाहेंगे। वहीं, विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं और एक बार फिर भारत की बल्लेबाजी की धुरी होंगे। मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर से उपयोगी योगदान की उम्मीद होगी, जबकि शॉर्ट गेंदों के खिलाफ बल्लेबाजों की कमजोरी दूर करना टीम के लिए बड़ी चुनौती रहेगी।

गेंदबाजी में चोटिल वॉशिंगटन सुंदर की जगह कुलदीप यादव को मौका मिल सकता है। अक्षर पटेल से भी ऑलराउंड प्रदर्शन की उम्मीद होगी। इंग्लैंड की बल्लेबाजी में सबसे बड़ा खतरा जो रूट हैं, जो लगातार रन बना रहे हैं। भारत यदि रूट को जल्दी आउट करने में सफल रहता है तो सीरीज अपने नाम करने की संभावना काफी बढ़ जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## पाकिस्तान में मारा गया वांछित आतंकी खालिद उर्फ कमांडर

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रांतीय पुलिस बलों की प्रमुख खुफिया और आतंकवाद-रोधी शाखा काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में वांछित आतंकवादी खालिद उर्फ कमांडर को मुठभेड़ में मार गराया। अधिकारियों के अनुसार सीटीडी को यह सफलता डेरा इस्माइल खान इलाके में मिली।

दुनिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार खुफिया सूचना पर आतंकवादी खालिद उर्फ कमांडर को दबोचने के लिए दबिश दी गई। उससे आत्मसमर्पण की अपील की गई। इसे अनसुना कर उसने गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मियों की जवाबी गोलीबारी में वह मारा गया। वह सिपाही मोहम्मद अली की हत्या में शामिल था। अधिकारियों ने बताया कि वह टीटीपी जाकिर कोची कारवां समूह से जुड़ा हुआ था। उसके पास से 9 एमएम की पिस्तौल, एक हैंड ग्रेनेड और एक स्मार्टफोन बरामद किया गया। इससे पहले खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू में 27 विद्रोहियों के मारे जाने की खबर आई। पाकिस्तानी सेना की जनसंपर्क शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशन (आईएसपीआर) ने शुक्रवार दोपहर जारी बयान में कहा कि पिछले 24 घंटों में खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले और आसपास के जिलों में 24 विद्रोहियों को मार गिराया है। खैबर पख्तूनख्वा में बुधवार को दो स्थानों हमले हुए थे। लोवर दीर में पुलिस के काफिले को निशाना बनाया गया। (अनंत ज्ञान)

## बंगाल पहुंचे अमित शाह

### सिलीगुड़ी में बीएसएफ से करेंगे सीमा सुरक्षा की समीक्षा

**एजेंसी, सिलीगुड़ी**



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार रात पश्चिम बंगाल के तीन दिवसीय दौरे पर सिलीगुड़ी पहुंचे। बागडोगरा हवाई अड्डे पर उनका स्वागत राज्य के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने किया। इस दौरान राज्य सरकार के कई मंत्री, भाजपा सांसद और विधायक भी मौजूद रहे।

अमित शाह हवाई अड्डे से सीधे कदमतला स्थित बीएसएफ कैंप के लिए रवाना हुए। अपने उत्तर बंगाल दौरे के दौरान वह सिलीगुड़ी स्थित उत्तरकन्या सचिवालय में बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों और राज्य पुलिस प्रशासन के साथ उच्चस्तरीय बैठक करेंगे। बैठक में भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था, घुसपैठ, तस्करी और सीमा पर बाड़ लगाने के काम की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा शाह फूलबाड़ी और जुमागछ सीमा चौकियों का भी दौरा कर जमीनी हालात का जायजा लेंगे। दौरे के अगले चरण में अमित शाह कोलकाता जाएंगे, जहां वह कानून-व्यवस्था, सीमा सुरक्षा, नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन और प्रशासनिक मुद्दों को लेकर पुलिस, जिला प्रशासन और खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### ईरान ने अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन हमलों का किया दावा, होर्मोजगन में तीन लोगों की मौत

## अमेरिका-ईरान जंग तेज, होर्मुज बना रणक्षेत्र

**एजेंसी, तेहरान/वाशिंगटन**



अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य टकराव लगातार तेज होता जा रहा है। रणनीतिक रूप से अहम होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास हालात बेहद तनावपूर्ण हैं। ईरान ने दावा किया है कि अमेरिकी हमलों में होर्मोजगन प्रांत में तीन नागरिकों की मौत और आठ लोग घायल हुए हैं। वहीं, अमेरिकी मध्य कमान (सेंटकॉम) ने इस दावे से इनकार करते हुए कहा कि दो तेल टैंकर बारूदी सुरंगों से टकराने के कारण विस्फोट का शिकार हुए।

ईरान की सेना और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया कि उसने बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं। साथ ही चेतावनी दी कि यदि अमेरिकी कार्रवाई जारी रही तो जवाब और तेज होगा। ईरानी मीडिया के अनुसार, बंदर अब्बास, बुशहर, यज्द, अहवाज, लार और केशम द्वीप समेत कई क्षेत्रों में विस्फोट हुए। होर्मोजगन प्रशासन का कहना है कि अमेरिकी हमलों में दो पुल और एक सुरंग भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

दूसरी ओर, सेंटकॉम ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर ईरान में लगातार सातवीं रात सैन्य अभियान चलाया गया। आईआरजीसी ने दावा किया कि उसने बुशहर के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन मार गिराया और उत्तरी हिंद महासागर में एक अमेरिकी सैन्य जहाज को क्रूज मिसाइल से निशाना बनाया।

इस बीच कतर ने दोहा के पास मिसाइल हमले को विफल करने की जानकारी दी और ईरान के खिलाफ किसी सैन्य कार्रवाई में शामिल होने के दावों को खारिज किया। दुबई प्रशासन ने भी शहर में विस्फोटों की खबरों का खंडन किया। ईरान के वरिष्ठ सैन्य सलाहकार मोहसिन रेजाई ने चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका सैन्य अभियान जारी रखता है तो तेहरान और अधिक कड़े जवाबी कदम उठाएगा। इससे पूरे खाड़ी क्षेत्र में तनाव चरम पर पहुंच गया है। (अनंत ज्ञान)

## अभिषेक बनर्जी के कार्यालय के बाहर शेड पर चला बुलडोजर

**एजेंसी, कोलकाता**




दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर स्थित तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के कार्यालय के सामने बने शेड पर शनिवार को प्रशासन ने कार्रवाई की। भारी पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों की मौजूदगी में बुलडोजर से नीले रंग के शेड को हटाया गया।

प्रशासन के अनुसार, कार्यालय से जुड़ी पांच मंजिला इमारत के निर्माण को लेकर शिकायत मिली थी कि यह स्वीकृत बिल्डिंग प्लान के बिना बनाया गया है। मामले में संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए बुलाया गया था, लेकिन अधिकारियों के मुताबिक कोई भी पक्ष उपस्थित नहीं हुआ। कार्रवाई के दौरान बीडीओ, भूमि एवं भूमि सुधार विभाग (बीएलआरओ) और दमकल विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन ने कहा कि आगे की कार्रवाई भी नियमानुसार की जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक, दक्षिण 24 परगना प्रशासन ने 30 जून को संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर 15 जुलाई को दस्तावेजों के साथ पेश होने को कहा था। शिकायत के आधार पर शुरू हुई प्रक्रिया के बाद शनिवार को शेड हटाने की कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि इससे पहले भी कोलकाता में एक तृणमूल कांग्रेस कार्यालय पर कथित अतिक्रमण के मामले में प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई की थी। (अनंत ज्ञान)